राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran






11 मुंबई इंडियंस में पड़ी फूट...

विदेश मंत्री जयशंकर ने मजबूत द्विपक्षीय... 12

वर्ष : 14 | अंक : 314 | नई दिल्ली, शुक्रवार, 29 मार्च, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

अधिकतम तापमान 29°C

न्यूनतम तापमान 20°C

**बाजार**

सोना 69,040

चांदी 78,900

सेंसेक्स 73,635

निफ्टी 22,326

# मुर्मू ने की किफायती ऊर्जा खपत वाले एवं दिव्यांगों के अनुकूल बुनियादी ढांचा विकसित करने की अपील

प्रात : किरण/एजेंसी



नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को इंजीनियरिंग सेवा अधिकारियों के एक समूह से किफायती ऊर्जा खपत वाला और दिव्यांगों के अनुकूल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा विकसित करने को कहा। मुर्मू ने अभियंताओं से अपने दृष्टिकोण में नवीनता लाने को भी कहा ताकि वे उभरती चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपट सकें। राष्ट्रपति केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (2022 और 2023 बैच) के सहायक कार्यकारी अभियंताओं (सिविल, इलेक्ट्रिकल और मैकेनिकल) के एक समूह को संबोधित कर रही थीं। इन अभियंताओं ने यहां राष्ट्रपति भवन में मुर्मू से मुलाकात की थी। उन्होंने युवा अधिकारियों से सामाजिक विवेक के साथ अभियंत्रण का अभ्यास करने को कहा। मुर्मू ने कहा, "यह सुनिश्चित करना आपका कर्तव्य है कि आपके द्वारा डिजाइन किये गये सार्वजनिक बुनियादी ढांचे दिव्यांगों और वरिष्ठ नागरिकों के इस्तेमाल के लिए सुगम होना चाहिए, चाहे वह कार्यालय हो, आवास या सड़क हो। यह पहलू परियोजनाओं की योजना और कार्यान्वयन का अभिन्न अंग बनना चाहिए।" राष्ट्रपति ने कहा, "आपके द्वारा बनाई जाने वाली इमारतें, सड़कें और अन्य बुनियादी ढांचे टिकाऊ, किफायती ऊर्जा खपत वाले और पर्यावरण के अनुकूल होने चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया, "आपको अपने दृष्टिकोण में नवोन्वेषी होना चाहिए ताकि आप उभरती चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपट सकें।" मुर्मू ने कहा कि थ्री-डी प्रिंटिंग के युग में भवन निर्माण तकनीक में व्यापक बदलाव आया है। उन्होंने कहा, "बुनियादी ढांचे और निर्माण परियोजनाओं को अब जलवायु-अनुकूल और ऊर्जा खपत की दृष्टि से किफायती बनाया जा सकता है।" मुर्मू ने कहा कि "हरित निर्माण" समय की मांग है। राष्ट्रपति ने कहा, "निर्माण के नवीन तरीकों में इस क्षेत्र में बदलाव की क्षमता है।" मुर्मू ने इंजीनियरिंग सेवा में बहुत कम महिलाओं के शामिल होने के "कारणों की जांच" का भी सुझाव दिया। उन्होंने कहा, "मैं निर्णयकताओं के विचारार्थ एक बिंदु छोड़ना चाहूंगी। मुझे बताया गया है कि इस सेवा में बहुत कम महिलाएं आती हैं। इस साल (महिलाओं का) कोई प्रतिनिधित्व नहीं है।" मुर्मू ने कहा, "आपको न केवल निर्माण प्रक्रिया में तेजी लानी होगी, बल्कि सुनिश्चित करना होगा कि महत्तम संसाधनों का इस्तेमाल करके कचरे को कम किया जा सके।" राष्ट्रपति ने कहा कि कृत्रिम मेधा, मशीन लर्निंग, रोबोट, ड्रोन जैसी नई और उभरती प्रौद्योगिकियां पारंपरिक सोच को बाधित कर रही हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### गलत काम करने वालों को कीमत चुकानी होगी : पीयूष गोयल

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने बृहस्पतिवार को इस आरोप को खारिज कर दिया कि सरकार विपक्षी नेताओं को निशाना बना रही है। इसके साथ ही उन्होंने जोर दिया कि जिन लोगों ने गलत काम किया है उन्हें अपनी करनी की कीमत चुकानी होगी। उन्होंने कहा कि जांच एजेंसी झ्र केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) झ्र अपना काम करेंगे और उन लोगों को माफ करने का कोई सवाल ही नहीं है, जिन्होंने गलत काम किया है। गोयल सरकार द्वारा विपक्षी नेताओं के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों का उपयोग करने और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने वालों को छूट देने से जुड़े सवालों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने यहां "टाइम्स नाउ समिट 2024" में कहा, ह्यहमें भारत को भ्रष्टाचार-मुक्त बनाना है। वे (विपक्ष) अपने भ्रष्टाचार को बचाना चाहते हैं और हमें उसे जड़ से मिटाना है उन्होंने जो भी गलतियां की हैं, उन्हें उनकी सजा भुगतनी होगी और कानून आपको पकड़ेगा, कानून उन लोगों को पकड़ रहा है जिन्होंने गड़बड़ियां की हैं।" विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' के नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने हाल ही में निर्वाचन आयोग से संपर्क कर आरोप लगाया कि विपक्षी दलों को दबाने के लिए सत्तारूढ़ भाजपा द्वारा केंद्रीय एजेंसी का उपयोग किया जा रहा है।

### भाजपा में शामिल हुए बीजद सांसद महताब

नई दिल्ली। आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनावों से पहले ओडिशा की सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बीजद) के कटक के सांसद और पार्टी के संस्थापक सदस्यों में से एक भर्तृहरि महताब बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, पार्टी महासचिव विनोद तावड़े, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत जय पांडा और प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन सामल की मौजूदगी में महताब ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। कटक लोकसभा क्षेत्र से छह बार सांसद रहे माहताब ने 22 मार्च को बीजद की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि उन्हें बीजद में स्वतंत्र रूप से काम करने का पर्याप्त मौका नहीं मिला। तभी से उनके भाजपा में शामिल होने की अटकलें थीं। उनके इस्तीफा देने के कुछ ही दिन बाद बीजद ने लोकसभा चुनाव के लिए महताब का टिकट काट दिया था।

# भारत की सीमाएं पूरी तरह सुरक्षित : राजनाथ सिंह

प्रात : किरण/एजेंसी




नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत की सीमाएं पूरी तरह से सुरक्षित हैं और देश के लोगों को सशस्त्र बलों पर पूरा भरोसा होना चाहिए। 'टाइम्स नाउ समिट' के समापन दिवस पर बातचीत के दौरान अग्निवीर योजना की आलोचना को लेकर एक सवाल पर मंत्री ने कहा कि ऐसे सवालों का "कोई औचित्य नहीं है। उन्होंने कहा कि हर कोई मानता है कि सशस्त्र बलों का युवा स्वरूप होना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री ने लगभग 50 साल लंबे अपने राजनीतिक सफर के किस्से भी साझा किए। यह पूछे जाने पर कि भारत-चीन सीमा मुद्दे पर विपक्षी दलों सहित कई लोगों द्वारा उठाए गए सवालों पर उन्होंने क्या प्रतिक्रिया दी, सिंह ने कहा कि वे कभी उनसे परेशान नहीं हुए। सिंह ने कहा, "देश के हितों को ध्यान में रखते हुए, मैं उन्हें (विपक्षी दलों को) जो कुछ भी बता सकता हूं, बताता हूं। लेकिन रक्षा क्षेत्र में कई चीजें हैं जिनका रणनीतिक महत्व है और हम उन्हें सार्वजनिक रूप से नहीं बता सकते। हम उन चीजों को बताने से बचने की कोशिश करते हैं, चाहे वह उत्तरी, पश्चिमी या पूर्वी क्षेत्र (के बारे में) हो या कुछ और।"

रक्षा मंत्री ने कहा, "मैं देश के लोगों को आश्वस्त करना चाहता हूंझ्रउन्हें हमारी सेना और सुरक्षा कर्मियों पर पूरा भरोसा होना चाहिए।" पूर्वी लद्दाख में कुछ स्थानों पर भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच साढ़े तीन साल से अधिक समय से गतिरोध है। वहीं, दोनों पक्षों ने व्यापक राजनयिक और सैन्य वार्ता के बाद कई क्षेत्रों से सैनिकों की वापसी की प्रक्रिया पूरी कर ली है। सिंह ने कहा, "पांच साल तक रक्षा मंत्री और उससे पहले गृह मंत्री रहने के दौरान, मैंने जो देखा, समझा और आकलन किया, उसके आधार पर मैं देश के लोगों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि हमारी सीमाएं और हमारा देश पूरी तरह से सुरक्षित है।"

पैंगोंग झील क्षेत्र में हिंसक झड़प के बाद पांच मई, 2020 को पूर्वी लद्दाख सीमा पर गतिरोध पैदा हो गया। जून 2020 में गलवान घाटी में हुई भीषण झड़प के बाद भारत और चीन के बीच संबंधों में तनाव उत्पन्न हो गया। गलवान घाटी की झड़प पिछले कुछ दशकों में दोनों पक्षों के बीच सबसे गंभीर सैन्य संघर्ष था। कई दौर की सैन्य और राजनयिक वार्ता के बाद दोनों पक्षों ने 2021 में पैंगोंग झील के उत्तरी और दक्षिणी हिस्से और गोगरा क्षेत्र से सैनिकों की वापसी की प्रक्रिया पूरी की। सिंह ने अग्निवीर योजना का बचाव करते हुए कहा कि युवाओं की भर्ती से जोखिम लेने की भावना बढ़ेगी और तकनीक-कुशल सशस्त्र बल तैयार होंगे। उन्होंने कहा, "इस बात को हर कोई स्वीकार करेगा कि सशस्त्र बलों में युवा जोश होना चाहिए। आम तौर पर हमारे जवानों की उम्र सीमा 30-50 वर्ष होती है। लेकिन 18-20 साल के जवानों के अग्निवीर के रूप में शामिल होने से जोखिम लेने की भावना कुछ और बढ़ेगी।"

उन्होंने कहा कि इसमें कोई दो राय नहीं कि वरिष्ठ जवान अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभा रहे हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि आज तकनीक का युग है और भारतीय युवाओं को भी तकनीक कुशल होना चाहिए। सिंह ने कहा कि अग्निवीर जवानों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए कदम उठाए गए हैं, जिसमें अर्द्धसैन्य बलों में उनके लिए आरक्षण का प्रावधान भी शामिल है।

उन्होंने कहा, "अगर हमें कोई कमियां दिखती हैं तो हम उन्हें सुधारने के लिए तैयार हैं।" जून 2022 में, केंद्र ने सेना के तीनों अंगों के स्वरूप को युवा बनाने के उद्देश्य से सशस्त्र बलों में कर्मियों को अल्पकालिक रूप से शामिल करने के लिए 'अग्निपथ' भर्ती योजना शुरू की। अग्निवीर योजना के तहत साढ़े 17 वर्ष से 21 वर्ष की आयु वर्ग के युवाओं को चार साल की अवधि के लिए भर्ती करने का प्रावधान है। भर्ती किए गए जवानों में से 25 प्रतिशत को 15 और वर्षों के लिए सेवा में रखा जाएगा।

# कोर्ट ने नहीं माने केजरीवाल के तर्क, एक अप्रैल तक ईडी की हिरासत में भेजा

- सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों में तीखी बहस हुई

प्रात : किरण/एजेंसी




नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को राउज एवेन्यू कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने केजरीवाल की ईडी रिमांड 1 अप्रैल तक के लिए बढ़ा दी है। बता दें कि गुरुवार दोपहर केजरीवाल को राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया था। केजरीवाल कथित शराब घोटाले मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कस्टडी में हैं। स्पेशल जज कावेरी बावेजा की कोर्ट में सीएम केजरीवाल और ईडी के वकीलों के बीच तीखी बहस देखने को मिली। दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद कोर्ट ने केजरीवाल को 1 अप्रैल तक ईडी की रिमांड पर भेज दिया। इसके पहले दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप संयोजक अरविंद केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय ने स्पेशल कोर्ट में गुरुवार को पेश किया। ईडी ने अदालत से फिर केजरीवाल की सात दिन की हिरासत मांगी है। ईडी का कोर्ट में कहना था कि केजरीवाल पूछताछ में सहयोग नहीं कर रहे हैं। उनका एक अन्य आरोपी से आमना-सामना करना है। वहीं, केजरीवाल ने अपनी गिरफ्तारी पर सवाल उठाए। उन्होंने पूछा कि मुझे गिरफ्तार क्यों किया गया है? मेरे खिलाफ कोई आरोप नहीं है। क्या मेरी गिरफ्तारी के लिए कोई पर्याप्त आधार है? किसी कोर्ट ने अब तक मुझे दोषी नहीं माना है, फिर मुझे क्यों गिरफ्तार किया गया है? मेरे खिलाफ कोई आरोप नहीं है।

दिल्ली की राउज एवेंन्यू स्थित विशेष अदालत में केजरीवाल ने कहा, अच्छे माहौल में मुझसे पूछताछ हुई है। केस में मेरा नाम सिर्फ चार बार आया है। वहीं, ईडी ने कोर्ट में कहा कि पूछताछ के दौरान केजरीवाल के बयान दर्ज किए गए हैं। हम चाहते हैं कि केजरीवाल का सामना दीपक चागेला (गोवा के आप नेता) से कराया जाए। ईडी ने अरविंद केजरीवाल की सात दिन की रिमांड की मांग की है।

ईडी का कहना था कि हम मामले के बारे में पूरी जानकारी करना चाहते हैं। वे जानबूझकर जानकारी और अपना आईटीआर साझा नहीं कर रहे हैं। ईडी इसके पहले दीपक चागेला का बयान दर्ज कर चुकी है। वहीं, केजरीवाल का कहना है कि ये मामला फिलहाल दो साल से चल रहा है। अभी तक किसी भी कोर्ट ने मुझे दोषी नहीं पाया है। सीबीआई ने 31 हजार पेजों की चार्जशीट दायर की है। ईडी ने 25 हजार पन्नों की चार्जशीट दायर की है। अब तक चार बयानों में मेरा नाम आया है। केजरीवाल ने उन बयानों को पढ़कर सुनाया, जिनमें उनका नाम लिया गया है। केजरीवाल ने पूछा, मुझे गिरफ्तार क्यों किया? क्या ये बयान मौजूदा सीएम को गिरफ्तार करने के लिए काफी है। केजरीवाल का कहना था कि रिमांड फेस करने में दिक्कत नहीं है। हम सारी चीजें कोर्ट को बताना चाहते हैं। इस पर कोर्ट ने कहा, आप लिखित में बयान क्यों नहीं दे रहे हैं। वहीं, एएसजी ने भी केजरीवाल के बोलने पर आपत्ति जाहिर की। कोर्ट ने कहा, आप लिखित में बयान क्यों नहीं देते हैं। क्या आप अपने बयान को लिखित में दे सकते हैं ताकि ये कोर्ट कार्रवाई का हिस्सा बन सके।

## कंगना पर टिप्पणी ने बढ़ाई सुप्रिया श्रीनेता की मुश्किलें

नई दिल्ली। हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार बनी अभिनेत्री कंगना रनौट पर कथित टिप्पणी कर कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत की मुश्किलें बढ़ गई हैं। कंगना पर आपत्तिजनक कमेंट करने पर सुप्रिया को कड़े विरोध का सामना करना पड़ रहा है। इस बीच अब कांग्रेस पार्टी ने भी उनपर सख्ती बरती है। कांग्रेस ने सुप्रिया श्रीनेत के इंस्टाग्राम अकाउंट से किए गए गलत पोस्ट पर उन्हें सख्त संदेश दिया है। पार्टी ने सुप्रिया का उस निर्वाचन क्षेत्र से टिकट काट दिया है, जहां से वो उम्मीदवार के रूप में 2019 का चुनाव लड़ीं थी। सुप्रिया ने पिछला लोकसभा चुनाव उत्तर प्रदेश के महाराजगंज से लड़ा था, लेकिन वह भाजपा के पंकज चौधरी से हार गयी थीं।

## टिकट कटने के बाद वरुण ने पीलीभीत के नाम लिखा भावुक संदेश

### मेरा आपसे रिश्ता प्रेम और विश्वास का, मैं आपका था, हूं और रहूँगा

प्रात : किरण/एजेंसी



नई दिल्ली। भाजपा ने लोकसभा चुनाव में कई नए चेहरे तो कई सांसदों को दोबारा भी टिकट दिया है, लेकिन उत्तरप्रदेश के पीलीभीत सीट से इस बार उन्होंने वरुण गांधी का टिकट काट कर जितिन प्रसाद को मैदान में उतारा है, जिससे वरुण गांधी अपनी पार्टी से काफी नाराज हैं। बुधवार को नामांकन की आखिरी तारीख खत्म होने के बाद अब वरुण ने पीलीभीत की जनता के नाम एक भावुक संदेश लिखा है। वरुण गांधी ने पत्र में लिखा- मैं खुद को सौभाग्यशाली मानता हूं कि मुझे वर्षों पीलीभीत की जनता की सेवा करने का मौका मिला। एक सांसद के तौर पर ही नहीं, बल्कि एक व्यक्ति के तौर पर भी मेरी परवरिश और मेरे विकास में पीलीभीत से मिले आदर्श, सरलता और सहृदयता का बहुत बड़ा योगदान है। आपका प्रतिनिधि होना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान रहा है और मैंने हमेशा आपके हितों के लिए आवाज उठाई है। पत्र में वरुण ने आगे लिखा- एक सांसद के तौर पर मेरा कार्यकाल भले खत्म हो रहा हो, पर पीलीभीत से मेरा रिश्ता अंतिम सांस तक खत्म नहीं होगा। सांसद के रूप में नहीं, तो बेटे के तौर पर सही, मेरा पूरा जीवन आपकी सेवा के लिए है और मेरे दरवाजे आपके लिये हमेशा खुले रहेंगे। वरुण ने कहा कि मैं राजनीति में आम आदमी की आवाज उठाने आया था और आज आपसे यही आशीर्वाद मांगता हूँ कि मैं हमेशा यह कार्य करता रहूं, भले ही उसकी कोई भी कीमत चुकानी पड़े। मेरा और पीलीभीत का रिश्ता प्रेम और विश्वास का है, मैं आपका था, हूं और रहूँगा। वरुण गांधी ने अपने पत्र में अपनी मां मेनका गांधी का भी जिक्र किया उन्होंने कहा कि अनगिनत यादों ने मुझे भावुक कर दिया है। मुझे वो 3 साल का छोटा सा बच्चा याद आ रहा है जो अपनी मां की उँगली पकड़ कर 1983 में पहली बार पीलीभीत आया था, उसे कहां पता था एक दिन यह धरती उसकी कर्मभूमि और यहां के लोग उसका परिवार बन जाएंगे।

## सीएम केजरीवाल की पत्नी के रिश्तेदारों के यहां ईडी का छापा

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के बीच ईडी लगातार छापेमारी कर रही है। अभी हाल ही में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी का मामला अभी शांत नहीं हुआ था कि अब ईडी ने केजरीवाल की पत्न ी के रिश्तेदारों के घर पर भी छापमार कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल के रिश्तेदार एसपी गुप्ता के घर पर 26 मार्च को सुबह 8 बजे से 27 मार्च शाम 6 बजे तक प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छापा मारा। एसपी गुप्ता का घर दिल्ली के सुंदर नगर इलाके में है। अब तक मिली जानकारी के मुताबिक, ईडी ने फेमा के एक पुराने मामले में गुप्ता के घर पर छापा मारा है लेकिन ईडी को वहां क्या मिला इसकी जानकारी नहीं लग पाई है।

## मेरे पास इतना पैसा नहीं की चुनाव लड़ सकूं..... इसलिए मना किया : सीतारमण

प्रात : किरण/एजेंसी



नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव में लड़ने के लिए केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को टिकट नहीं मिला है। इतना ही नहीं खुद निर्मला ने भी साफ कर दिया है कि वह आगामी लोकसभा चुनाव में नहीं लड़ेंगी। केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा है कि उन्हें तमिलनाडु या आंध्र प्रदेश से चुनाव लड़ने का विकल्प दिया गया था। उन्होंने बताया कि पार्टी ने मुझसे पूछा था लेकिन कई हफ्तों के विचार के बाद मैंने चुनाव लड़ने से मना कर दिया। उन्होंने बताया कि पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मुझसे पूछा था कि वे दक्षिण में आंध्र प्रदेश या तमिलनाडु से चुनाव लड़ सकती है। मगर उन्होंने खुद ही इसके लिए मना कर दिया। उन्होंने कहा कि मेरे पास चुनाव लड़ने के लिए पर्याप्त पैसे नहीं है, इसकारण मैंने चुनाव लड़ने से इंकार कर दिया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने भी मेरी परेशानी समझी, जिसके मैं पार्टी की आभारी हूं। उन्होंने बताया की उनके पास अधिक धन नहीं है, क्योंकि मेरा वेतन, मेरी कमाई और मेरी बचत मेरी है, भारत की संचित निधि नहीं।

## महिला अत्याचार रोकने में विफल रही भाजपा सरकार : कांग्रेस

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। कांग्रेस ने कहा है कि मोदी सरकार में महिलाओं पर अत्याचार बढ़े हैं और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) महिला अपराधों को रोकने में विफल साबित हुई है। महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लाम्बा ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि महिलाओं के साथ हो रहे अपराधों को लेकर केंद्र सरकार से सवाल पूछे गए थे और उम्मीद की जा रही थी कि महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी सवालों का जवाब देंगी लेकिन वह जवाब देने से बचती रही हैं। उन्होंने कहा, ₹हमें उम्मीद थी कि देश की महिला-बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी एक प्रेस वार्ता करके अपने विभाग का रिपोर्ट कार्ड पेश करेंगी। स्मृति ईरानी इससे बचती रहीं लेकिन हमने अब उनकी जवाबदेही तय करने की ठानी है।कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने तमाम मुद्दों पर श्रीमती ईरानी से सवाल पूछे जिनका उन्होंने ट्विटर पर जवाब दिया। उम्मीद कि वह प्रेस वार्ता करें न कि जवाब ट्विटर पर दें। उनका ये रवैया वैसा ही रहा, जैसा कोरोना के लॉकडाउन में दिखा था। क्योंकि जब देश में बच्चे, महिलाएं सड़कों पर थे तो स्मृति ईरानी अंताक्षरी खेल रही थी। कांग्रेस नेता ने कहा, भाजपा का




नारा था- बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ। ये नारा कुछ ही समय में बदलकर हो गया- भाजपा से बेटी बचाओ'। क्योंकि देशभर में भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है, जो बलात्कारियों को संरक्षण देती है।महिला पहलवानों के यौन शोषण का आरोपी बृजभूषण शरण सिंह- उन्नाव कांड का कुलदीप सेंगर। बीएचयू गैंगरेप में आरोपी भाजपा के पदाधिकारी। बिलकिस बानो के गुनहगार महिला अपराधियों की ये लिस्ट बहुत लंबी है जिसमें भाजपा ने हर बार सिर्फ बलात्कारियों का ही साथ दिया है। उन्होंने कहा,₹देश की महिला बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी से हमारे सवाल थे-देश में महिलाओं, बच्चों के प्रति अपराध में बढ़ोतरी हुई है। आखिर बृजभूषण सिंह पर प्राथमिकी होने के बाद गिरफ्तारी क्यों नहीं हुई।

**उड़ान** हवा में 18 मिनट बिताकर तेजस एमके-1ए सुरक्षित एचएएल के हवाई अड्डे पर उतरा

## तेजस एमके-1ए लड़ाकू विमान ने बेंगलुरु के आसमान में भरी पहली उड़ान

प्रात : किरण/एजेंसी



नई दिल्ली। रक्षा विमानन क्षेत्र में भारत का स्वर्ण युग गुरुवार को 4.5 पीढ़ी के तेजस एमके-1ए लड़ाकू विमान की पहली उड़ान के साथ शुरू हो गया है। पूरी तरह से स्वदेशी लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट ने आज दिन में 1.15 बजे के आसपास बेंगलुरु में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के हवाई अड्डे से उड़ान भरी। भारत के नए एडवांस तेजस एमके-1ए ने आज पहली उड़ान के रूप में हवा में 18 मिनट बिताए और 1.33 बजे सुरक्षित वापस उतर गया।

एचएएल हवाई अड्डे पर तेजस एमके-1ए लड़ाकू विमान की पहली उड़ान के लिए कई दिनों से तैयारियां जोरों पर थीं। उन्नत एलसीए फाइटर जेट (छअ 5033) को आज सुबह 11-11.30 बजे के बीच निर्धारित अपनी पहली उड़ान के लिए अंतिम समय की जांच से गुजारा गया। विमान को दुनिया के सबसे पुराने और सबसे ऐतिहासिक विमान घरों में से एक एचएएल के विमान डिवीजन के हैंगर से बाहर निकाला गया। पहली उड़ान की तैयारियों में एडीए, एचएएल, एनएएल, डीआरडीओ और सीईएमआईएलसीए आदि की टीमों का अहम योगदान रहा। स्वदेशी रूप से विकसित तेजस एमके-1ए फाइटर जेट ने 22 मार्च को अपना दूसरा लो-स्पीड टैक्सी ट्रायल (एलएसटीटी) सफलतापूर्वक पूरा किया था। इसके बाद से ही एचएएल के अध्यक्ष सीबी अनंतकृष्णन ऐतिहासिक उड़ान की तैयारी में सिस्टम मंजूरी की समीक्षा कर रहे थे। अपनी पहली उड़ान शुरू करने से पहले टेकऑफ और लैंडिंग के दौरान विमान के सुरक्षित संचालन को सुनिश्चित करने के लिए कई आवश्यक परीक्षण किये गए। सफल एलएसटीटी और तेजस एमके-1ए की आज हुई पहली उड़ान भारत के एयरोस्पेस उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। रक्षा मंत्रालय ने 83 एलसीए तेजस एमके-1ए फाइटर जेट के लिए 03 फरवरी, 2021 को एचएएल के साथ डील फाइनल की थी। इसी सौदे का पहला ट्विन-सीटर ट्रेनर पिछले साल 04 अक्टूबर को एचएएल ने वायुसेना को सौंप दिया था। भारतीय वायु सेना को इसी महीने के अंत तक पहले बैच में दो तेजस एमके-1ए लड़ाकू विमान सौंपने की तैयारी है। एचएएल से पहले बैच में मिलने वाले दोनों तेजस एमके-1ए को भारतीय वायुसेना अपने हवाई बेड़े में शामिल करने से पहले कठोर निरीक्षण और परीक्षण करेगी। आधुनिक वायु युद्ध के लिहाज से एलसीए तेजस एमके-1ए फाइटर जेट में एवियोनिक्स, हथियार और रखरखाव में 43 तरह के सुधार किये गए हैं।

# उत्तराखंड में कांग्रेस के इस प्रत्याशी के पास न दुपहिया न चौपहिया, पत्नी हैं ज्यादा धनी

**कोटद्वार, एजेंसी।** गढ़वाल संसदीय सीट से कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल के पास न तो चौपहिया वाहन है, न दुपहिया ही। पिछले दो वर्षों में उनका बैंक बैलेंस जरूर बढ़ा है, लेकिन अचल संपत्ति काफी घट गई। वर्ष 2022 में गोदियाल के पास 6,94,552 रुपये की चल संपत्ति थी, जो अब बढ़कर 31,62,567 रुपये हो गई है। अलबत्ता, उनकी पत्नी सुनीता की चल संपत्ति में कोई विशेष बढ़ोत्तरी नहीं हुई। नामांकन के साथ निर्वाचन आयोग को दिए ब्योरे के अनुसार पत्नी सुनीता के पास 32,67,906 रुपये की चल संपत्ति है। अचल संपत्ति के मामले में गणेश, पत्नी सुनीता से थोड़ा अधिक धनी हैं। गणेश की अचल संपत्ति का बाजार मूल्य जहां 2,40,59,666 रुपये है, वहीं सुनीता की अचल संपत्ति 2,37,39,666 रुपये मूल्य की है। गणेश गोदियाल वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में श्रीनगर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी रहे। तब उनके पास 6,94,952 रुपये और पत्नी सुनीता के पास 27,42,859 रुपये की चल संपत्ति थी। वहीं, उनकी अचल संपत्ति का बाजार मूल्य 3,58,39,000 रुपये और पत्नी सुनीता की अचल संपत्ति का मूल्य 3,56,39,000 रुपये था। कांग्रेस के



गढ़वाल संसदीय सीट के प्रत्याशी गणेश गोदियाल ने भाजपा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि दिल्ली के स्टारक प्रचारकों को बुलाकर चुनाव नहीं जीता जाता। कहा कि जनता ही उनकी स्टार प्रचारक है और उन्हीं के आशीर्वाद से वे चुनाव मैदान में हैं। उन्होंने भाजपा सरकार पर बेरोजगारी और महंगाई को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। इस दौरान रामलीला मैदान समर्थकों से भरा हुआ नजर आया। बुधवार को कलेक्ट्रेट में नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल कोटद्वार रोड स्थित छतरीधार पहुंचे। यहां से वे विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों से आए कांग्रेस कार्यकर्ताओं व लोगों के साथ ढोल दमाऊ की थाप पर रोड शो के माध्यम से शहर के रामलीला मैदान पहुंचे।

इस दौरान चुनावी सभा से पूर्व गोदियाल ने उत्तराखंड राज्य निर्माण के बलिदानियों को नमन करते हुए कहा कि जनता के आशीर्वाद से ही वे चुनावी मैदान में है। उन्होंने भाजपा सरकार पर महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। कहा कि उन्हें लोकसभा चुनाव में जनता का साथ मिला तो हर क्षेत्र का विकास उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने वनंतरा प्रकरण में अभी तक मृतका को न्याय न मिलने पर सरकार को जमकर कोसा। इस दौरान पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने अपने कार्यकाल में हर क्षेत्र को विकास की नजरों से देखा। जनता खुश थी, लेकिन मौजूदा भाजपा सरकार के कार्यकाल में जनता हताश है। केदारनाथ के पूर्व विधायक मनोज रावत ने वनंतरा प्रकरण में मृतका को न्याय दिलाने को लेकर सरकार के अभी तक के प्रयासों को नाकाफी बताया। उन्होंने लोकसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशी गणेश गोदियाल को प्रचंड मतों से जिताने का आह्वान किया। इस मौके पूर्व विधायक शूरवीर सिंह सजवाण, जीतराम, रणजीत रावत, विक्रम नेगी, एआइसीसी के सदस्य राजपाल बिष्ट, महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला आदि मौजूद रहे।

# जहर खाने से दो की मौत, दो फंदे पर लटके मिले

**हल्द्वानी, एजेंसी।** संदिग्ध हालात में अलग-अलग स्थानों पर किशोर समेत चार की मौत हो गई। नमें दो को जहर खाने पर परिजन अस्पताल लाए थे तो दो के शव फंदे पर लटके मिले। होली की खुशियों के बीच हुई घटनाओं में परिवारों में मातम छा गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए।

पर्वतीय मोहल्ला सावित्री कॉलोनी निवासी अनमोल दिवाकर (17) सोमवार को घर में फांसी के फंदे पर झूलता मिला। परिजनों ने तत्काल उसे सुशीला तिवारी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने पर ही मृत्यु के सही कारणों का पता चलेगा।इधर, प्रयागसिंह निवासी नाथुपुर छिमवाल आर्मी में हैं। 24 मार्च की रात उनकी पत्नी प्रेमा कठायत (36) संदिग्ध हालात में फांसी पर लटकी मिली। परिजन उसे सुशीला तिवारी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर, बलुवाकोट निवासी टीकाराम की पुत्री तनुजा (16) ने विषैला पदार्थ गटक लिया। उसे गंभीर अवस्था में सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। देवला मल्ला गौलापार निवासी चंदन सिंह (55) ने सोमवार को कोई विषैला पदार्थ निगल लिया। इससे उनकी तबियत बिगड़ गई।

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क कटिंग कर सुरक्षा इंतजाम करना भूला विभाग

**उत्तरकाशी, एजेंसी।** लोनिवि की ओर से सड़क की कटिंग के बाद सुरक्षात्मक कार्य नहीं किए गए हैं, जिससे ग्रामीणों को खतरे में आवागमन करना पड़ रहा है। विभाग ने जल्द इस ओर ध्यान नहीं दिया तो बरसात में एक बार फिर सड़क का मलबा मुसीबत बन सकता है। नगल गांव के राममूर्ति सिलवाल, पुष्पानंद भट्ट, विरेंद्र भट्ट, कैलाश, मोहनलाल का कहना है कि उनके गांव के लिए लोनिवि ने 2022 में तीन किमी सड़क की कटिंग की थी। इस दौरान विभाग ने सुरक्षात्मक कार्य नहीं किए, जिससे गांव के पैदल मार्ग क्षतिग्रस्त हो गए। ग्रामीणों का कहना है कि एक वर्ष का समय बीतने वाला है, लेकिन लोनिवि की ओर से अभी तक सड़क कटिंग के बाद सुरक्षात्मक कार्य नहीं किए गए हैं। वहीं पैदल मार्ग अभी तक क्षतिग्रस्त हैं। सड़क कटिंग के मलबे के कारण कई भवनों को भी खतरा बना हुआ है। उसके लिए भी अभी तक सुरक्षात्मक कार्य नहीं किए गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इस संबंध में कई बार विभागीय अधिकारियों को भी अवगत करवाया गया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इधर, लोनिवि के ईई रजनीश कुमार सैनी का कहना है कि नगलगांव के मोटर मार्ग के कटिंग के लिए ही पहले धनराशि स्वीकृत हुई है। वहीं सुरक्षात्मक कार्यों के लिए विभाग शासन को प्रस्ताव भेज रहा है। प्रस्ताव पारित होते ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### हादसों को न्योता दे रहा ज्ञानसू साल्ड ऊपरीकोट मोटर मार्ग

**उत्तरकाशी, एजेंसी।** करीब 12 गांव की लाइफ लाइन ज्ञानसू-साल्ड-ऊपरीकोट मोटर मार्ग गत पांच वर्षों से अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। स्थानीय लोगों की मांग पर लोनिवि की ओर से सड़क के कुछ गड्ढे भरकर इतिश्री कर ली जाती है, लेकिन करीब 18 किमी सड़क का दोबारा डामरीकरण नहीं किया गया है। बीडीसी सदस्य तनुजा नेगी, ग्राम प्रधान साल्ड संजू नेगी का कहना है कि करीब 18 किमी लंबी ज्ञानसू-साल्ड-ऊपरीकोट मोटर मार्ग 12 गांव की लाइफलाइन है। लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड की लापरवाही के कारण बदहाल सड़क हादसों को न्योता दे रही है। विभाग ने इस पर मात्र एक बार ही डामरीकरण किया, लेकिन उसके बाद विभाग सड़क को भूल गया। जनप्रतिनिधियों का आरोप है कि मात्र बजट की बंदरबांट के लिए विभाग साल में एक बार सड़क के गड्ढों को भरता है, जो बरसात में बह जाते हैं। पांच किमी सड़क के सुधारीकरण के लिए शासन की ओर से बजट दिया गया है। आचार संहिता समाप्त होने के बाद कार्य शुरू किया जाएगा। जल्द ही पूरी सड़क के सुधारीकरण के लिए बजट की मांग की जाएगी।

### थापला-मसराना सड़क बने तो 19 किमी कम होगी मसूरी की दूरी

**थत्यूड़ (टिहरी), एजेंसी।** जौनपुर क्षेत्र के लोगों का थापला-सुरीधार-मसराना सड़क निर्माण का सपना साकार नहीं हो पा रहा है, जिससे लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यदि थापला-मसराना मोटर मार्ग बन जाता है, तो सुरीधार, कुनाल्टा फसेलसारी गांव सड़क से जुड़ पाएंगे। साथ ही थत्यूड़ से मसूरी पहुंचने में क्षेत्र के लोगों को आसानी होगी। थापला-सुरीधार-मसराना सड़क बनने से थत्यूड़ से मसूरी की दूरी करीब 19 किमी कम होकर 16 किमी रह जाएगी। वहीं मसूरी से मसरान की दूरी 14 किमी ही रह जाएगा। थत्यूड़ से मसराना की दूरी 10 किमी घट जाएगी। थापाल की ग्राम प्रधान बबीता सजवाण, पूर्व प्रधान बच्चन सिंह रावत का कहना है कि लंबे समय से थापला-सुरीधार-मसराना मोटर मार्ग निर्माण की मांग करते आ रहे हैं, लेकिन सड़क का निर्माण शुरू नहीं हो पाया। थत्यूड़ से मसूरी की दूरी करीब 35 किमी है।

# रंग-बिरंगे रंगों की हुई बौछार, मिष्ठान ने लगाया चार चांद; हर्षोल्लास के साथ मनाई गई होली



**गरमपानी, एजेंसी।** कोसी घाटी में होली पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। महिलाओं व पुरुषों की टोली ने घर घर जाकर होली गायन के जरिए आर्शीवचन दिए। मंदिरों में गुड़ का प्रसाद वितरित किया गया। बच्चों ने भी एक दूसरे पर रंग-बिरंगे रंगों की बौछार कर खूब मस्ती की। शांतिपूर्ण ढंग से त्यौहार मनाया गया। मंगलवार को सुबह से ही गांवों में होली की धूम मची रही।

लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दी। महिलाएं मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना कर होली व झोड़ा गायन में जुटी रही। बुजुर्गों व युवाओं की टोली ने घर घर जाकर होली गायन कर लोगों को आर्शीवचन दिया।

गरमपानी, खैरना, सिमलखा, बैरोली, सिरसा, छड़ा, लोहाली, टूनाकोट समेत तमाम गांवों में होली त्यौहार धूमधाम से मनाया गया । नौनिहाल भी अबीर गुलाल के साथ मस्ती में डूबे रहे। एक दूसरे को रंग लगाकर त्योहार का उल्लास बढ़ाया। एक दूसरे को मिष्ठान वितरित कर त्योहार की खुशियों को दोगुना कर दिया। अज्ञात कारणों के चलते ट्रांजिट कैंप निवासी युवक ने होली खेलने के बाद रात को फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। इसका पता चलते ही स्वजन में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। पुलिस के अनुसार आत्महत्या के कारणों की जांच की जा रही है।

# 12वीं गणित के परीक्षार्थियों को मिलेंगे सात बोनस अंक, कोर्स से बाहर से आए सवाल; बोर्ड ने दी राहत

**ऊधम सिंह नगर, एजेंसी।** उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद ने इंटरमीडिएट के गणित के परीक्षार्थियों को पाठ्यक्रम से बाहर से आए दो सवालों पर राहत दी है। बोर्ड ने परीक्षार्थियों को दोनों प्रश्नों की एवज में सात अंक बोनस देने का निर्णय लिया है।

उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद ने इंटरमीडिएट के गणित के परीक्षार्थियों को पाठ्यक्रम से बाहर से आए दो सवालों पर राहत दी है। बोर्ड ने परीक्षार्थियों को दोनों प्रश्नों की एवज में सात अंक बोनस देने का निर्णय लिया है। इसे लेकर गोपनीय पत्र उपनियंत्रक, उपप्रधान परीक्षक और सहायक परीक्षक को जारी किया है। उत्तराखंड बोर्ड के इतिहास में बोनस अंक देने का यह पहला निर्णय है।

बोर्ड की गणित की परीक्षा में प्रश्न पत्र (संकेतांक 428 आईजीएफ) संख्या 12 में पूछा गया प्रायिकता बंटन और प्रश्न संख्या 21 में पूछा गया रेखा और वक्र का क्षेत्रफल सवाल कोर्स से बाहर से आए थे। दोनों प्रश्न सात अंकों के थे। दोनों प्रश्नों को लेकर सवाल खड़े हुए थे। राजकीय शिक्षक संघ ने दोनों प्रश्नों पर बोनस अंक की मांग की उत्तराखंड बोर्ड से की थी।



बोर्ड की ओर से प्रश्नों को पाठ्यक्रम से बाहर नहीं बल्कि पैटर्न बदले होने की बात कही गई थी। उत्तराखंड बोर्ड ने प्रश्नपत्र में आए प्रश्नों को लेकर जांच कमेटी गठित की थी। कमेटी ने अपनी रिपोर्ट संस्तुतियों के साथ दी थी। इसके बाद बोर्ड की ओर से प्रश्न संख्या 12 के लिए निर्धारित दो और प्रश्न संख्या 21 के लिए निर्धारित पांच अंकों को बोनस के रूप में देने का निर्णय लिया गया है।

दोनों प्रश्नों के संबंध में प्रत्यावेदन आए थे। जांच कमेटी का भी गठन किया गया था। इस प्रकरण में बच्चों के हित में निर्णय लिया जा रहा है और बच्चों के हित प्रभावित नहीं होंगे।

सभी परीक्षार्थियों को बोनस अंक का लाभ दिया जाएगा। भले ही किसी ने प्रश्न हल किया है या हल करने का प्रयास या फिर हल नहीं किया है। बोर्ड सचिव के हस्ताक्षर से जारी आदेश को मूल्यांकन केंद्रों के उपनियंत्रकों को भेजा गया है।

# उत्तराखंड की इस सीट पर महिला वोटर नायिका बनीं

**पिथौरागढ़, एजेंसी।** अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ संसदीय सीट पर पिछले पांच साल में 14,972 महिला वोटर बढ़ीं हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि 2024 में भी सांसद चुनने में नारी शक्ति की अहम भूमिका रहेगी। अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ संसदीय सीट पर वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही थी। पिछले पांच साल में इस सीट पर 14,972 महिला वोटर बढ़ीं हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि 2024 में भी सांसद चुनने में नारी शक्ति की अहम भूमिका रहेगी। चार जिलों वाली अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ संसदीय सीट के अंतर्गत 14 विधानसभा क्षेत्र आते हैं। इनमें अल्मोड़ा जिले की अल्मोड़ा, द्वाराहाट, सल्ट, रानीखेत, सोमेश्वर, जागेश्वर, बागेश्वर जिले की बागेश्वर, कपकोट, पिथौरागढ़ जिले की पिथौरागढ़, गंगोलीहाट, डीडीहाट, धारचूला, चंपावत जिले की चंपावत और लोहाघाट विधान सभा शामिल हैं। इन चौदह विधान सभाओं में कुल 13.37



लाख मतदाता हैं। इनमें 6,50,677 महिला मतदाता हैं। वर्ष 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में महिला मतदाताओं की संख्या 6,35,705 थी। पूरे संसदीय सीट पर पिछले पांच साल में 14,972 महिला मतदाता बढ़ी हैं। संसदीय सीट में भले ही महिलाओं की संख्या पुरुषों के मुकाबले कम हो इसके बावजूद पिछले चुनाव में महिलाओं ने सांसद चुनने में अहम भूमिका निभाई थी। ऐसे में जाहिर है कि इस बार के चुनाव में भी महिला मतदाता निर्णायक की भूमिका में रहेंगी।

# मारपीट के आरोप में चार युवकों के खिलाफ मुकदमा

**ऋ षिकेश, एजेंसी।** कोतवाली पुलिस ने मारपीट के आरोप में चार युवकों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

आईडीपीएल निवासी पप्पू ने मारपीट के आरोप में पुलिस से शिकायत की थी। पप्पू ने पुलिस को बताया था कि होली के दिन आईडीपीएल निवासी राजकुमार, मनोज, मनीष और दीपक ने उसके साथ बेवजह मारपीट कर उसे गंभीर चोटें पहुंचाई। जब वह उपचार कराने उप जिला चिकित्सालय के आपातकालीन विभाग पहुंचा तो यहां भी आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की।

कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक एसएस बिष्ट ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। वहीं आरोपी राजकुमार के खिलाफ राजकीय उप जिला चिकित्सालय के आपातकालीन विभाग में तैनात महिला चिकित्सक की शिकायत पर पूर्व में भी मुकदमा दर्ज किया गया है। राजकुमार पर आपातकालीन विभाग में तोड़फोड़ करने व महिला चिकित्सक को चोटिल करने का आरोप है।

# छात्र संघ से जुड़े छात्र नेता फिर भिड़े, कार तोड़ी



**हल्द्वानी , एजेंसी।** हल्द्वानी में छात्रसंघ से जुड़े छात्रनेता एक बार फिर भिड़ गए। धीरे-धीरे छात्रनेताओं की झड़प मारपीट में बदल गई। एक छात्र ने पुलिस को तहरीर देकर मारपीट करने और कार तोड़ने का आरोप लगाया। हल्द्वानी में छात्रसंघ से जुड़े छात्रनेता एक बार फिर भिड़ गए। होली का रंग लगाने के दौरान आपस में झड़प हो गई, जो मारपीट में बदल गई। एक छात्र ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर मारपीट करने और कार तोड़ने का आरोप लगाया। ध्रुव पांगती ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में कहा कि वह मंगलवार दोपहर एक बजे काठगोदाम चौराहे पर खड़ा था। उसी समय 12 लोग अलग-अलग स्कूटी से आए। उन्होंने लोहे की रॉड से हमला कर दिया। इससे उनका हाथ टूट गया और मेरे साथी का मोबाइल टूट गया। जब इलाज कराने बेस अस्पताल पहुंचे तो वहां भी छात्रों ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया और बेस अस्पताल की पार्किंग में खड़ी कार तोड़ दी। ध्रुव की तहरीर पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन में नहीं पहुंचे 53 परीक्षक, नोटिस जारी

**पौड़ी, एजेंसी।** जीआईसी कोटद्वार को मुख्य बोर्ड परीक्षा का उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन केंद्र बनाया गया है। मूल्यांकन के लिए 197 परीक्षकों की तैनाती की गई है। मूल्यांकन के पहले दिन कोटद्वार में 152 परीक्षकों ने उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जबकि 45 अनुपस्थित रहे।

जनपद पौड़ी में उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन शुरू हो गया है। यहां एक केंद्र व दो उप केंद्र बनाए गए हैं और मूल्यांकन के लिए 320 परीक्षक तैनात किए गए हैं जिनमें से पहले दिन ही 53 परीक्षक अनुपस्थित रहे। इस पर सीईओ ने उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया है। यह मूल्यांकन आगामी 10 अप्रैल तक चलेगा।

जिले में उत्तराखंड बोर्ड के हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के सभी विषयों की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन शुरू हो गया है। यहां जीआईसी कोटद्वार को मुख्य बोर्ड परीक्षा का उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन केंद्र बनाया गया है। मूल्यांकन के लिए 197 परीक्षकों की तैनाती की गई है। मूल्यांकन के पहले दिन कोटद्वार में 152 परीक्षकों ने उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जबकि 45 अनुपस्थित रहे।

इसके अलावा जीजीआईसी पौड़ी उपकेंद्र में 50 परीक्षकों की ड्यूटी मूल्यांकन में लगी है जिनमें दो परीक्षक अनुपस्थित रहे। वहीं जीजीआईसी श्रीनगर उपकेंद्र में 73 परीक्षकों के सापेक्ष 67 मूल्यांकन में पहुंचे जबकि 6 परीक्षक अनुपस्थित रहे।

# देहरादून के बाशिंदों के लिए आफत बना नेताजी का नामांकन, थमे पहिए; शहर हो गया जाम

**देहरादून, एजेंसी।** मंगलवार को आखिर वही हुआ, जिसका अंदेशा था। लोकसभा चुनाव के लिए नेताजी का नामांकन शहरवासियों पर आफत बनकर गुजरा।

चुनाव आयोग की गाइड-लाइन को दरकिनार कर गाजे-बाजे और समर्थकों की भीड़ के साथ सड़क पर शक्ति-प्रदर्शन करने उतरे प्रत्याशियों की वजह से न केवल जहां से जुलूस गुजरा, वहीं पर यातायात जाम लगता चला गया, बल्कि शहर में यातायात का पहिया थम गया। हालात यह हुए कि दिन में 11 बजे से शहर में जाम लगना शुरू हो गया था और दोपहर होते-होते शहर में यातायात व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो गई।

यह पूर्व विदित था कि मंगलवार को टिहरी संसदीय सीट के लिए भाजपा व कांग्रेस प्रत्याशी जुलूस के रूप में समर्थकों के साथ शक्ति-प्रदर्शन करते हुए कलेक्ट्रेट परिसर तक नामांकन के लिए जाएंगे। इसके बावजूद दून पुलिस ने शहरवासियों को जाम से बचाने और यातायात व्यवस्था सुचारू रखने के लिए कोई यातायात प्लान नहीं बनाया। नेताओं व उनके समर्थकों की भीड़ सड़कों पर क्या उतरी, यातायात जाम होता चला गया।

परेड ग्राउंड से भाजपा प्रत्याशी माला राज्य लक्ष्मी शाह का जुलूस निकला, जबकि राजपुर रोड पर कांग्रेस भवन से कांग्रेस प्रत्याशी जोत सिंह गुनसोला का। दोनों ही जुलूस में बड़े नेताओं की उपस्थिति रही। भाजपा प्रत्याशी के जुलूस में तो स्वयं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शामिल रहे, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी के जुलूस में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा व अन्य प्रांतीय नेता।

माला राज्य लक्ष्मी का जुलूस परेड ग्राउंड से दर्शनलाल चौक से घंटाघर, पलटन बाजार, राजा रोड होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचा, वहीं गुनसोला का जुलूस एस्लेहाल तिराहा से घंटाघर, दर्शनलाल चौक, दून मेडिकल कालेज होते हुए कलेक्ट्रेट तक गया। मुख्य मार्ग पर एक ओर भाजपा और दूसरी ओर कांग्रेस का जुलूस होने से राजपुर रोड, घंटाघर, चकराता रोड, गांधी रोड तक यातायात जाम हो गया।

इन मार्गों से जुड़े अन्य व संपर्क मार्गों पर भी वाहनों का दबाव कई गुना बढ़ने से वाहन जहां के तहां फंसे रह गए। दोपहर में सहारनपुर रोड से लेकर आढ़त बाजार, प्रिंस चौक और गांधी रोड पर एक घंटे से ज्यादा जाम लगा रहा व दोपहर एक बजे लगभग पूरा शहर जाम की चपेट में फंसा दिखा। वहीं, जाम के दौरान यातायात पुलिस कर्मी भी बेबस नजर आए।

स्कूलों की छुट्टी के समय हालात और बेकाबू हो गए। स्कूली बच्चों को लेने आए अभिभावकों के वाहन और स्कूली वाहन जाम में फंस गए। जो बच्चे स्कूली वाहनों से घर जाते हैं, उन्हें लेने को परिजन एक से डेढ़ घंटे इंतजार करते रहे। कुछ अभिभावकों ने देरी का कारण जानने को स्कूल वाहनों के चालक-परिचालक को फोन किया, जबकि कुछ अभिभावक तो अपने वाहन लेकर ही जाम में फंसे बच्चों को लेने निकल पड़े।

पुलिस का दावा था कि सड़क किनारे वाहन खड़े होने नहीं दिए जाएंगे, लेकिन मंगलवार को कलक्ट्रेट समेत शहर की सभी मुख्य सड़कों पर वाहन खड़े नजर आए। इससे यातायात व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुई।

# 55 घरों ने अभी भी जमा नहीं किया भवन कर का सेल्फ असेसमेंट फार्म

**नैनीताल , एजेंसी।** 55 गृह स्वामियों ने अभी तक भवन कर का सेल्फ असेसमेंट फार्म जमा नहीं कराया है। अब नगर निगम इन गृह स्वामियों को नोटिस देने जा रहा है। 31 मार्च तक इन्होंने फार्म जमा करके भवन कर जमा नहीं कराया तो नगर निगम इनसे 10 हजार रुपये का जुर्माना वसूलेगा। उधर निगम ही असेसमेंट करके भवन कर का निर्धारण कर देगा। इन भवन स्वामियों से 2016 से अब तक का भवन कर वसूला जाएगा।

31 मार्च तक भवन कर और स्वच्छता कर जमा करने की अंतिम तिथि है। अभी तक 55 भवन स्वामियों ने भवन कर के फार्म तक जमा नहीं कराए हैं। नगर निगम ने इन्हें नोटिस भेजकर फार्म जमा करने को कहा है। कर अधीक्षक महेश पाठक ने बताया कि 31 मार्च तक फार्म जमा नहीं करने वालों पर नगर निगम 10 हजार रुपये जुर्माना लगाएगा।

# चुनाव से पहले मोदी जी का नया जुमला- भ्रष्टाचार, मनी लांड्रिंग से आए पैसे को देश के गरीबों में बाँटने का कोई तरीका ढूँढेंगे

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




लोकसभा चुनाव से पहले मोदी जी का नया जुमला सामने आया है। मोदी जी ने कल पश्चिम बंगाल में कहा कि, ईडी के पास भ्रष्टाचार, मनी लांड्रिंग से आए पैसे को वो देश के गरीबों में बाँटने का कोई तरीका ढूँढेंगे। इसपर प्रेस-कॉन्फ्रेंस करते हुए वरिष्ठ आप नेता व कैबिनेट मंत्री आतिशी ने कहा कि, मोदी जी को ईडी के पास आये पैसे को जनता में बाँटने के लिए कानून की जरूरत होगी लेकिन मनी लांड्रिंग के आरोपी कंपनियों से भाजपा को मिले पैसों को जनता में बाँटने के लिए उन्हें किसी कानून की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि, ईडी की रेड के बाद मनी लांड्रिंग की आरोपी कंपनियों के पास से सबसे ज्यादा पैसा इलेक्टोरल बॉण्ड के चंदे के रूप में भाजपा के पास आया है। ऐसे में मोदी जी और भाजपा आज ही घोषणा करें-41 कंपनियाँ जिनपर रेड के बाद 2741 करोड़ रुपये का जो चंदा भाजपा को मिला उसका चुनाव के बजाय जनहित में इस्तेमाल करेंगे।

आप नेता आतिशी ने कहा कि, कल पश्चिम बंगाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने कहा कि, अगर ईडी के पास भ्रष्टाचार-मनी लांड्रिंग का पैसा आता है तो हम इस पैसे को देश के गरीबों में बाँटने का कोई न कोई तरीका ढूँढेंगे। उन्होंने कहा कि मैं अगर दोबारा प्रधानमंत्री बनता हूँ तो इसका कोई न कोई कानूनी तरीका ढूँढूँगा।

आतिशी ने कहा कि, मैं प्रधानमंत्री जी से कहना चाहूँगी कि, ईडी की रेड के बाद मनी लांड्रिंग की आरोपी कंपनियों के पास से सबसे ज्यादा पैसा इलेक्टोरल बॉण्ड के चंदे के रूप में भाजपा के पास आया है।

उन्होंने कहा कि, ईडी के पास आये पैसे को देश की जनता में बाँटने के लिए कोई कानून बनाना पड़ेगा लेकिन मनी लांड्रिंग के आरोपी कंपनियों से सबसे ज्यादा पैसा भाजपा को मिला है। तो अगर मोदी जी इन भ्रष्ट कंपनियों का पैसा , मनी लांड्रिंग कर रही कंपनियों का पैसा देश की जनता में बाँटना चाहते है। तो मेरा उनसे आग्रह है कि, वो 41 कंपनियाँ जिन्होंने 2741 करोड़ रुपये का चंदा भाजपा को दिया है। मोदी जी को इन पैसों को जनता में बाँटने के लिए, जनहित में लगाने के लिए उन्हें किसी कानून की जरूरत नहीं होगी। इसलिए मैं प्रधानमंत्री जी और भाजपा से आग्रह करना चाहूँगी आज ही सार्वजनिक रूप से घोषणा करे कि, उन्हें 2741 करोड़ रुपये ऐसी कंपनियों से मिले है जिनपर ईडी,सीबीआई,आईटी की रेड हुई है। उसे हम प्रचार में खर्च नहीं करेंगे। उसे हम चुनाव में खर्च नहीं करेंगे, उन पैसों को देश की जनता में बाँटेंगे, किसी चैरिटी में देंगे, स्कूल बनाने में देंगे, अस्पताल बनाने के लिए देंगे।

आतिशी ने कहा कि ये सभी जानते है कि, एक-एक करके जिन कंपनियों पर सीबीआई, ईडी ने रेड किया। उन्होंने कुछ दिन बाद इलेक्टोरल बांड खरीदे और भाजपा को पैसा दिया। इसमें सबसे नामी शराब कारोबारी शरथ चन्द्र रेड्डी जिन्हें 10 नवम्बर को ईडी ने गिरफ़्तार किया और उनकी गिरफ़्तारी के कुछ दिन बाद ही शरथ चन्द्र रेड्डी ने भाजपा को 55 करोड़ रुपये का चंदा दिया। उन्होंने कहा कि, ये तो भ्रष्टाचार का पैसा हुआ, इन्हें तो ईडी ने गिरफ़्तार किया था तो मोदी जी के अनुसार ये पैसा देश की जनता में जाना चाहिए। तो मैं आग्रह करूँगी कि, मोदी जी ये घोषणा करे कि जो 55 करोड़ रुपये शराब कारोबारी शरथ चन्द्र रेड्डी से उसकी गिरफ़्तारी के बाद भाजपा को मिला है, भाजपा घोषणा करने कि वो भ्रष्टाचार के इस पैसे का चुनाव में इस्तेमाल नहीं करेगी।

उन्होंने कहा कि, दूसरी कंपनी फ्यूचर गेमिंग जिसपर 2022-23 में कई बार ईडी की रेड हुई। इस फ्यूचर गेमिंग कंपनी ने 52 करोड़ रुपये का चंदा इलेक्टोरल बॉण्ड के रूप में भाजपा को दिया। भाजपा घोषणा करें कि भ्रष्टाचार का, मनी लांड्रिंग का जो 52 करोड़ रुपये भाजपा के पास आया है, भाजपा उसे चुनाव प्रचार में खर्च नहीं करेगी, देश की जनता के बीच बाँटेंगी। एक और कंपनी हलदिया एनर्जी लिमिटेड जिसपर मार्च 2020 में सीबीआई की रेड पड़ती है और उसके बाद 105 करोड़ रुपये हलदिया एनर्जी द्वारा भाजपा को दिया जाता है। तो मैं भाजपा से आग्रह करूँगी कि आज घोषणा करें कि इन्हें भ्रष्टाचार का जो 105 करोड़ रुपये मिला है वो चुनाव प्रचार में खर्च करने के बजाय गरीबों में बाटेंगे।

आतिशी ने कहा कि, इन कंपनियों की लिस्ट बड़ी लंबी है। इसमें फ्यूचर गेमिंग, मेघा इंजीनियरिंग, हलदिया एनर्जी, कल्पतरु प्रोजैक्ट्स, चेन्नई ग्रीनवुड्स, वेदांता लिमिटेड, नवयुग इंजीनियरिंग, डॉ.रेड्डीज, हीरो मोटरकॉर्प आदि है। जिनपर आईटी, ईडी, सीबीआई के छापे पड़े और फिर भ्रष्टाचार का पैसा भाजपा में गया।

ऐसे में मैं भाजपा को ये कहूँगी कि, भाजपा के अकाउंट में जो भ्रष्टाचार का पैसा है, उसे उन्हें गरीबों में बाँटने से कोई नहीं रोक रहा। इसलिए आज ही घोषणा करिए कि भ्रष्टाचार का पैसा भाजपा द्वारा चुनाव में इस्तेमाल नहीं होगा और उस पैसे को वो देश के गरीबों में बाँटेंगे।

# डीयू के पास पूंजी की कोई कमी नहीं : कुलपति

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




डीयू में अब तक कुल 4556 शैक्षणिक पदों पर नियुक्तियां की जा चुकी हैं। लोकसभा चुनावों के कारण अभी प्रक्रिया को रोका गया है। आदर्श चुनाव आचार संहिता के हटने के बाद बाकी रिक्त पदों पर नियुक्तियों की प्रक्रिया फिर से शुरू की जाएगी। उक्त बातें डीयू के कुलपति प्रो.योगेश सिंह ने गुरुवार को दिल्ली विश्वविद्यालय कोर्ट की 91वीं वार्षिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहीं।

विश्वविद्यालय के वाइस रीगल लॉज स्थित कंवेंशन हॉल में आयोजित इस बैठक में कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने विश्वविद्यालय की साल भर की गतिविधियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने डीयू कोर्ट की बैठक के दौरान अनुदान का विवरण प्रस्तुत करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय के पास पूंजी की कोई कमी नहीं है। नए कार्यों के लिए पर्याप्त पूंजी है। जीआईए के तहत 778.39 करोड़ रुपये 2023-24 के लिए आवंटित किए गए हैं। इसके साथ ही मूलभूत सुविधाओं के विकास के लिए ईडब्ल्यूएस के अंतर्गत 32.83 करोड़ रुपये भी आवंटित किए गए हैं।

वित्त मंत्रालय ने सात परियोजनाओं के लिए एचईएफए (हेफा) से 938.33 करोड़ रुपये की फंडिंग को भी मंजूरी दे दी है। इसके तहत अभी विश्वविद्यालय ने 261.33 करोड़ रुपये की दो परियोजनाओं की मंजूरी के लिए एचईएफए को आवेदन किया है। कुलपति ने बताया कि विद्यार्थियों की फीस से अब तक 231.55 करोड़ रुपये एकत्र हुए हैं। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने दिल्ली विश्वविद्यालय में उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाली लड़कियों और कामकाजी महिलाओं के लिए 1000 बिस्तर की आवासीय सुविधाओं के निर्माण के लिए निर्भया फंड के तहत 272 करोड़ रुपये की स्वीकृति दे दी है। कुलपति ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2023-24 के दौरान डीयू में कुल 69,622 विद्यार्थियों ने पीजी और 11,174 विद्यार्थियों ने यूजी में दाखिला लिया। पीएचडी में प्रवेश के लिए पहले और दूसरे चरण में कुल 19899 विद्यार्थियों ने पंजीकरण करवाया था जिनमें से प्रवेश के पहले और दूसरे चरण में कुल 1655 विद्यार्थियों का प्रवेश हो चुका है। कुलपति ने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय ने इस एक वर्ष में अपनी रैंकिंग में भी काफी सुधार किया है। क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग (सस्टेनेबिलिटी 2024) में दिल्ली विश्वविद्यालय को 73.4 के समग्र स्कोर के साथ भारत में पहला और वैश्विक स्तर पर 220वां स्थान दिया गया है। प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि आगामी वर्ष में दिल्ली विश्वविद्यालय राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों स्तरों पर अपनी रैंकिंग में और सुधार करने का प्रयास करेगा।

# आईआईएमएम ने मनाई रजत जयंती, मास मीडिया के क्षेत्र में रचनात्मकता और नवीनता को बढ़ावा देने पर जोर

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मास मीडिया (आईआईएमएम), दिल्ली ने अपने वार्षिक कार्यक्रम पनाश के विशेष संस्करण का आयोजन किया। यह आयोजन दिल्ली के लाजपत भवन ऑडिटोरियम में किया गया। पनाश का उद्देश्य संस्थान की शैक्षणिक उत्कृष्टता के 25 वर्षों का जश्न मनाना था। यह रचनात्मकता और अभिव्यक्ति का एक उत्साहजनक प्रदर्शन था, जिसमें विभिन्न कलात्मक पृष्ठभूमि के प्रतिभाशाली छात्रों द्वारा प्रदर्शन और प्रस्तुतियों की एक श्रृंखला शामिल थी।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, सर्वोच्च न्यायालय के प्रख्यात वकील और सिंघानिया विश्वविद्यालय के चेयरपर्सन श्री रवि सिंघानिया थे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा,सिंघानिया विश्वविद्यालय और आईआईएमएम का अब तक एक सफल सहयोग रहा है और हमें खुशी है कि वे कई सह-पाठ्यचर्या संबंधी गतिविधियों के साथ-साथ छात्रों को सर्वोत्तम जन मीडिया प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। आईआईएमएम के अध्यक्ष श्री प्रकाश के. भगत ने इस अवसर पर कहा कि यह कार्यक्रम मास मीडिया के क्षेत्र में रचनात्मकता और नवीनता को बढ़ावा देने की संस्थान की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। इस कार्यक्रम में शास्त्रीय और आधुनिक नृत्य रूपों, संगीत और एक समकालीन नाटक का प्रदर्शन भी किया गया, जो मीडिया और फर्जी खबरों पर एक व्यंग्य था। इस अवसर पर उन पूर्व छात्रों को सम्मानित भी किया गया, जिन्होंने मीडिया उद्योग में उपलब्धि हासिल की है। इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मास मीडिया (आईआईएमएम) जनसंचार के क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा और प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए समर्पित एक प्रमुख संस्थान है। अत्याधुनिक सुविधाओं और अनुभवी संकाय के साथ आईआईएमएम का लक्ष्य मीडिया पेशेवरों और विचारकों की अगली पीढ़ी का पोषण करना है।

# दिल्ली में संवैधानिक संकट, केजरीवाल को इस्तीफा देना चाहिए: भाजपा



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दिल्ली इकाई ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे की बृहस्पतिवार को मांग की और आरोप लगाया कि राष्ट्रीय राजधानी संवैधानिक संकट का सामना कर रही है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आबकारी नीति मामले में केजरीवाल को गिरफ्तार किया है।

भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और पार्टी सांसद मनोज तिवारी ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि केजरीवाल को हिरासत में लिए जाने के बाद आम आदमी पार्टी (आप) में से किसी को भी मुख्यमंत्री बनाया जा सकता था। तिवारी ने कहा, दिल्ली संवैधानिक संकट में है। यदि आपके मन में दिल्ली के उन लोगों के प्रति जरा भी सम्मान है, जिन्होंने आपको चुना है, तो आप किसी को भी आम आदमी पार्टी से मुख्यमंत्री बना सकते हैं। केजरीवाल के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी पर निशाना साधते हुए सचदेवा ने कहा कि मुख्यमंत्री की कुर्सी के लिए आप में अंदरूनी खींचतान चल रही है।

उन्होंने एक जांच एजेंसी की हिरासत से सरकार चलाने की संवैधानिक वैधता पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा, हमें पूरी दुनिया में जेल से सरकार चलाने वाले किसी व्यक्ति का एक उदाहरण दिखाइए। यदि आपमें थोड़ी भी नैतिकता बची है तो इस्तीफा दे दीजिए। सचदेवा ने पूछा कि यदि जेल से काम करना वैध है तो पार्टी ने मनीष सिसोदिया और सत्येन्द्र जैन से इस्तीफा क्यों लिया। ईडी ने आप के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को 21 मार्च को दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में गिरफ्तार किया था।

# वक्फ बोर्ड में गड़बड़ियों से जुड़े मामले के आरोपी दाऊद नासिर की जमानत याचिका पर ईडी को नोटिस

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली वक्फ बोर्ड की भर्ती से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले के आरोपी दाऊद नासिर की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए ईडी को नोटिस जारी किया है। जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा की अध्यक्षता वाली बेंच ने मामले की अगली सुनवाई 16 मई को करने का आदेश दिया। इसके पहले 22 फरवरी को राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दाऊद नासिर की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। राऊज एवेन्यू कोर्ट ने 19 जनवरी को ईडी की ओर से दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लिया था। वहीं ईडी ने 9 जनवरी को चार्जशीट दाखिल की थी। करीब पांच हजार पेज की चार्जशीट में ईडी ने जिन लोगों को आरोपी बनाया है, उनमें जावेद इमाम सिद्दीकी, दाऊद नासिर, कौसर इमाम सिद्दीकी और जीशान हैदर शामिल है। ईडी ने पार्टनरशिप फर्म स्काई पावर को भी आरोपी बनाया है। दरअसल यह मामला 13 करोड़ 40 लाख रुपए की जमीन की बिक्री से जुड़ा हुआ है। ईडी के मुताबिक, आप विधायक अमानतुल्लाह खान के अज्ञात स्त्रोतों से अर्जित संपत्ति से जमीनें खरीदी और बेची गई। आरोपी कौसर इमाम सिद्दीकी की डायरी में आठ करोड़ रुपए की एंट्री की गई है। वहीं जावेद इमाम को ये संपत्ति सेल डीड के जरिए मिली। जावेद इमाम ने ये संपत्ति 13 करोड़ 40 लाख में बेची और जीशान हैदर ने इसके लिए जावेद को नकद राशि दी।

इस मामले में पहले सीबीआई ने केस दर्ज किया था। सीबीआई की ओर से दर्ज केस में आप विधायक अमानतुल्लाह खान समेत 11 आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया गया है। इस मामले में सीबीआई ने 23 नवंबर, 2016 को एफआईआर दर्ज की थी। जांच के बाद सीबीआई ने 21 अगस्त, 2022 को चार्जशीट दाखिल की थी। सीबीआई के मुताबिक, दिल्ली वक्फ बोर्ड के सीईओ और संविदा पर दूसरी नियुक्तियों में गड़बड़ियां की गई।

सीबीआई की चार्जशीट में कहा गया है कि इन नियुक्तियों के लिए अमानतुल्लाह खान ने महबूब आलम और दूसरे आरोपियों के साथ साजिश रची, जिन्हें वक्फ बोर्ड में विभिन्न पदों पर नियुक्त किया गया था। चार्जशीट के मुताबिक, इन नियुक्तियों में मनमानी की गई और अमानतुल्लाह खान और महबूब आलम ने अपने पद का दुरुपयोग किया। बता दें कि वक्फ बोर्ड से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में हाईकोर्ट ने 11 मार्च को आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

# राजधानी में दो दिन बूंदाबांदी होने के आसार



नई दिल्ली। राजधानी में अगले दो दिन बादल छाए रहेंगे। साथ ही हल्की बूंदाबांदी होने की भी संभावना है। इसके चलते अधिकतम तापमान में भी दो से तीन डिग्री तक गिरावट आएगी। इस बीच, गुरुवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान सामान्य से चार डिग्री और न्यूनतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री ज्यादा रिकॉर्ड किया गया। दिल्ली के लगभग सभी केन्द्रों में न्यूनतम तापमान में भी इजाफा देखने को मिल रहा है। दिन भर तेज धूप के चलते अधिकतम तापमान भी सामान्य से ज्यादा बना हुआ है। दिल्ली की मानक वेधशाला सफदरजंग में गुरुवार को अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। न्यूनतम तापमान 21.2 डिग्री सेल्सियस रहा। आर्द्रता का स्तर 75 से 37 फीसदी तक रहा।

## पीतमपुरा सबसे ज्यादा गर्म रहा

पीतमपुरा इलाका सबसे ज्यादा गर्म रहा। यहां का अधिकतम तापमान 37.9 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 23.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। स्पोर्ट्स कांप्लेक्स मौसम केन्द्र की रात सबसे ज्यादा गर्म रही। यहां का न्यूनतम तापमान 27.3 डिग्री रहा। दिल्ली के लोगों के लिए अच्छी बात यह है कि अगले दो दिनों के बीच राजधानी और आसपास के इलाके में एक पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव देखने को मिलेगा। इसके चलते बादल, हल्की बूंदाबांदी, घन गर्जन जैसी मौसमी घटनाओं की संभावना बनी रहेगी।

## मध्यम श्रेणी में वायु गुणवत्ता सूचकांक

मौसम की इन गतिविधियों की वजह से दिल्ली की हवा लगातार ही साफ-सुथरी बनी हुई है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक, गुरुवार को दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 160 के अंक पर रहा। इस स्तर की हवा को मध्यम श्रेणी में रखा जाता है। अगले दो दिनों के बीच भी हवा का यह साफ-सुथरा स्तर बना रहेगा।

# ई-कचरा जलाने पर एनडीएमसी ने कार्रवाई की चेतावनी दी

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली नगर पालिका परिषद ने ई-कचरा जलाने वालों को सख्त चेतावनी दी है। परिषद की ओर से जारी सूचना में कहा गया कि ई-कचरे का निस्तारण नियमानुसार ही किया जाना चाहिए। इसका उल्लंघन करने वालों की शिकायत एनडीएमसी के मोबाइल ऐप और टोल फ्री नंबर पर की जा सकती है। इलेक्ट्रानिक उपकरण व उससे जुड़ी हुई चीजों में तमाम धातुएं होती हैं, जिनका दोबारा इस्तेमाल किया जा सकता है। इसके निस्तारण के लिए दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति और केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा कुछ संस्थानों को नियुक्त किया गया है। इन संस्थाओं द्वारा ई-कचरे को नियमानुसार निस्तारित किया जाता है। इसके बावजूद इस तरह की घटनाएं सामने आती रही हैं, जिसमें ई-कचरे को खुद ही जलाकर उसमें से धातु या अन्य उपयोगी वस्तुओं को निकालने का प्रयास किया जाता है। एनडीएमसी ने कहा कि ई-कचरे को निस्तारण के लिए डीपीसीसी और सीपीसीबी द्वारा निर्धारित संस्थाओं को ही दिया जाना चाहिए। लोगों से भी अपील की है कि वे ई-कचरा जलाने वालों की शिकायत एनडीएमसी के मोबाइल ऐप एनडीएमसी 311 और टोल फ्री नंबर 1533 पर कर सकते हैं। दरअसल, ई-कचरा को जलाने पर तमाम किस्म की हानिकारक गैस निकलती हैं, जिनसे पर्यावरण प्रदूषण बढ़ता है। इसकी रोकथाम के लिए ई-कचरा को जलाए जाने पर पहले ही पाबंदी लगाई जा चुकी है।

# आपदा प्रबंधन की तैयारियों के जायजे के लिए दिल्ली में मॉक ड्रिल



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली में गुरुवार को स्टेट लेवल मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य भूकंप और आग जैसी आपात स्थितियों के लिए विभिन्न सरकारी एजेंसियों, नागरिकों और स्वयंसेवकों की तैयारियों का मूल्यांकन करना था। मॉक ड्रिल दिल्ली के 50 से अधिक स्थानों पर आयोजित की गई। मॉक ड्रिल में बेहतरीन समन्वय का प्रदर्शन कर आपदा प्रबंधन एजेंसियों ने दूसरी एजेंसियों की सतर्कता एवं तैयारियों को परखा। विभिन्न आपातकालीन परिदृश्यों का अनुकरणः दक्षिण दिल्ली में भी डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट मेकला चैतन्य प्रसाद के नेतृत्व में जिला प्रशासन की ओर से मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इसमें दिल्ली पुलिस, दिल्ली दमकल विभाग, एमसीडी, पीडब्ल्यूडी, दिल्ली जल बोर्ड, बीएसईएस, आईजीएल हेल्थ विभाग, कैट एंबुलेंस और डिजास्टर विभाग ने हिस्सा लिया। आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए दक्षिण दिल्ली जिला के पांच अलग-अलग इलाकों से घटना की सूचना प्राप्त होते ही टीमों का गठन कर उन्हें मौके पर पहुंचने का आदेश दिया गया। इसके बाद तमाम विभाग मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित करने में जुट गए। आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयारियों का जायजाः मॉक ड्रिल में दक्षिण दिल्ली जिला के डीसीपी अंकित चौहान और एसीपी, कई थानों के थाना प्रभारी समेत सैकड़ों की संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद रहे। देश और दुनिया में हर साल हजारों लोगों की जान प्राकृतिक आपदाओं और इंसानों द्वारा की गई गलती के कारण चली जाती है। ऐसी ही आपातकालीन स्थिति से लोगों को बचाने के लिए तमाम विभाग अपनी अपनी तैयारी और क्षमता को परखने के लिए हर साल मॉक ड्रिल करते हैं ताकि पता किया जा सके कि हम आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए कितने तैयार हैं।

# स्कूल प्राचार्यों को क्षमता निर्माण का पाठ पढ़ाएगा सीबीएसई

नई दिल्ली। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से संबद्ध स्कूलों के प्राचार्य अब क्षमता निर्माण का पाठ पढ़ेंगे। इसके लिए बोर्ड ने भारत के प्रतिष्ठित संस्थानों में प्राचार्यों का एक्सपोजर दौरा कराने का फैसला किया है। इस दौरे के लिए देशभर से सात संस्थानों का चयन किया गया है। अप्रैल से इसकी शुरूआत की जाएगी। बोर्ड का मानना है कि इससे स्कूलों और उच्च शैक्षणिक संस्थानों के बीच तालमेल का लाभ उठाने में मदद मिलेगी सीबीएसई ने प्राचार्यों के लिए भारत के विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों में एक्सपोजर विजिट आयोजित करने की योजना बनाई है। इस दौरान संस्थानों के वरिष्ठ संकाय सदस्य स्कूल प्राचार्यों का क्षमता का निर्माण करेंगे। बोर्ड का मानना है कि प्रधानाचार्यों की एक्सपोजर विजिट से स्कूलों और उच्च शैक्षणिक संस्थानों के बीच तालमेल का लाभ उठाने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही सामंजस्यपूर्ण बातचीत के लिए एक सकारात्मक मंच तैयार होगा। अप्रैल 2024 से विभिन्न संस्थानों के साथ एक्सपोजर विजिट के लिए जो श्रृंखला निर्धारित की है, वह अप्रैल से मई तक चलेगी। इसके लिए जिन संस्थानों का चयन किया गया है उनमें दिल्ली स्थित टेरी स्कूल ऑफ एडवांस्ड स्टडीज, गुजरात स्थित इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, नोएडा स्थित एशियन एकेडमी ऑफ फिल्म टेलीविजन, मेघालय स्थित यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, आंध्र प्रदेश स्थित इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मुम्बई स्थित विसलिंग वुड्स इंटरनेशनल, रायपुर स्थित इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट शामिल है। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि प्राचार्यों को किसी एक संस्थान की विजिट ही कराई जाएगी।

# पंजाब में ऑपरेशन लोटस चला रही है भाजपा: सौरभ भारद्वाज

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




पंजाब में आम आदमी पार्टी के एकमात्र लोकसभा सदस्य सुशील कुमार रिंकू के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने के एक दिन बाद वरिष्ठ आप नेता सौरभ भारद्वाज ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि राज्य में ऑपरेशन लोटस चलाया जा रहा है। विपक्षी दल जब भाजपा पर राज्यों की सरकारों को गिराने के लिए विधायकों की खरीद-फरोख्त का आरोप लगाते हैं तो इसे ऑपरेशन लोटस करार देते हैं।

भारद्वाज ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पंजाब में आप विधायकों ने बुधवार को कहा था कि उनमें से कई को फोन आ रहे हैं और भाजपा में शामिल होने के लिए पैसा, वाई श्रेणी की सुरक्षा तथा लोकसभा चुनाव में टिकट देने की पेशकश की जा रही है। उन्होंने कहा, भाजपा ऑपरेशन लोटस चला रही है। भारद्वाज ने रिंकू के भाजपा में जाने के फैसले पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा, पंजाब विधानसभा चुनाव (2022) में भाजपा का नंबर आप, शिरोमणि अकाली दल और कांग्रेस के बाद चौथा था। सवाल यह है कि रिंकू भाजपा में क्यों शामिल हुए? लोकसभा सांसद के रूप में उनका कार्यकाल भी समाप्त हो गया है। जालंधर लोकसभा चुनाव में भी भाजपा चौथे स्थान पर रहेगी। रिंकू को आम आदमी पार्टी ने इस बार भी जालंधर लोकसभा क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया था लेकिन वह जालंधर पश्चिम से पार्टी के विधायक शीतल अंगुराल के साथ बुधवार को भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा उन्हें जालंधर से अपना प्रत्याशी घोषित कर सकती है। रिंकू पिछले साल कांग्रेस छोड़कर आप में शामिल हुए थे और जालंधर लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव में जीते थे।

प्रतिबंधित संगठन सिख फॉर जस्टिस के प्रमुख गुरपतवंत सिंह पन्नू के इन कथित दावों पर कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने 2014 में न्यूयॉर्क में संगठन के प्रतिनिधियों से मुलाकात की थी, भारद्वाज ने कहा कि यह शर्मनाक है कि भाजपा और उसके ह्यट्रोलह्न एक आतंकवादी के आरोपों को पूर्ण सत्य मान रहे हैं।

आप नेता ने कहा, यह दिखाता है कि भाजपा राष्ट्र-विरोधी है। उन्होंने कहा कि केंद्र अमेरिका और जर्मनी की सरकारों द्वारा भारत में लोकतंत्र पर चिंता व्यक्त करने और केजरीवाल के लिए निष्पक्ष सुनवाई की मांग करने से परेशान है। केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद अमेरिका और जर्मनी की सरकारों के बयान के बाद केंद्र सरकार ने दोनों देशों के राजनयिकों को तलब किया था। खबरों के मुताबिक, अमेरिकी विदेश विभाग के एक अधिकारी ने कहा था कि वाशिंगटन मुख्यमंत्री केजरीवाल के खिलाफ एक निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध कानूनी प्रक्रिया चाहता है।

आप की वरिष्ठ नेता आतिशी ने चुनावी बॉण्ड संबंधी आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि भाजपा को केंद्रीय एजेंसियों की जांच का सामना कर रहीं 41 कंपनियों से मिले पैसे का इस्तेमाल परोपकार कार्यों के लिए करना चाहिए।

# सोनीपत से पांच बच्चों को अगवा करने वाला गिरफ्तार




नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

सोनीपत से बेचने की नीयत से पांच बच्चों को अगवा करने वाले अपहरणकर्ता को रेलवे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दस दिन पहले नरेला रेलवे स्टेशन पर बच्चों को संदिग्ध हालत में देखकर होमगार्ड के जवान ने उन्हें रोक लिया था और इसी दौरान आरोपी वहां से फरार हो गया था। आरोपी की पहचान हरदोई यूपी निवासी सेतु वर्मा के रूप में हुई है। पुलिस आरोपी के सहयोगियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी सेतु वर्मा गांव रामापुर रुहिला हरदोई यूपी का रहने वाला है। वह दिल्ली में मोमबत्ती बनाने वाली फैक्टरी में काम करता था। पूछताछ में उनसे बताया कि वह बच्चों को अगवा कर अपने गांव ले जाना चाहता था ताकि उन्हें बेचकर पैसे कमा सके। 18 मार्च को होमगार्ड के जवान राकेश कौशिक नरेला रेलवे स्टेशन पर गश्त कर रहे थे। उन्होंने देखा कि एक युवक पांच बच्चों के साथ स्कूल बैग लेकर घूम रहा है। उन्हें उस युवक की गतिविधि पर शक हुआ। वह बच्चों से पूछताछ करने लगे। यह देख बच्चों के साथ मौजूद युवक वहां से भाग गया। चार से दस साल के बच्चों ने पूछताछ में बताया कि वह सेरसा गांव सोनीपत के रहने वाले हैं और वह दोपहर में ट्यूशन पढ़ने जा रहे थे। रास्ते में अपहरणकर्ता ने उन्हें बहला-फुसलाकर कुरकुरे चिप्स खिलाए और उन्हें अगवा कर लिया। पुलिस ने बच्चों के परिजनों को सूचना दी। सब्जी मंडी रेलवे थाना पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर लिया। पुलिस ने बच्चों का अदालत में बयान दर्ज करवाने के बाद उन्हें परिजनों के हवाले कर दिया। उसके बाद पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई।

तकनीकी टीम से जुड़े एएसआई अजीत सिंह, हवलदार हरिकिशन और सिपाही योगिंदर ने तकनीकी जांच शुरू की। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे और कॉल डिटेल की जांच कर आरोपी को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने बताया कि घटना वाले दिन वह अपने साथी से मिलने सोनीपत गया था। जहां उन्होंने बच्चों को अगवा कर उन्हें बेचने की साजिश रची। इसी क्रम में उसने ट्यूशन जा रहे बच्चों को अगवा कर लिया। पुलिस आरोपी के सहयोगियों की तलाश कर रही है।


पूर्वोत्तर रेलवे

ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना सं॰ 17/2024

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मंडल रेल प्रबंधक (इंजी०) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से ''खुली'' निविदा आमंत्रित करते है।

क्र.सं. 1. कार्य का विवरण: इज्जतनगर डिवीजन की विभिन्न लूप लाइनों पर ए.टी वेल्डस का यू.एस.एफ.डी. परीक्षण। अनुमानित लागत रूपयो में: रू. 62,48,100.00, बयाना राशि रूपयो में : रू. 1,25,000/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य : शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 12 माह।

1. ई-निविदा दिनांक 19.04.2024 को 15.00 बजे तक आन लाइन जमा कर सकेंगे।

2. ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेब साईट www.ireps.gov.in पर देखे।

मंडल रेल प्रबंधक (इंजी०), इज्जतनगर

मुजाधि/डब्लू - 602

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

## मुद्दा : जन सरोकार व संघ का विस्तार

नागपुर में संपन्न राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रतिनिधि सभा के दौरान संपूर्ण भारत और भारत में अभिरु चि रखने वाले विश्व भर के मीडिया का एकत्रीकरण था। सामने लोक सभा चुनाव के कारण ऐसा लग रहा था कि वहां से इसके संबंध में कुछ रणनीति ऐसी बनेगी, ऐसा वक्तव्य आएगा जो समाचार, बहस और विचार की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण होगा। लंबे अनुभव के बावजूद पत्रकारों और मीडिया संस्थानों की धारणा बदली नहीं है कि चुनाव या राजनीतिक दल या सरकार को फोकस करके संघ के आयोजन नहीं होते। यह संभव नहीं कि चुनाव हो और इसमें संघ की अभिरु चि नहीं हो या उसमें उनकी कोई भूमिका हो ही नहीं। यह भूमिका किस रूप में हो सकती है? इस बारे में सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले का वक्तव्य ध्यातव्य है-चुनाव देश के लोकतंत्र का महापर्व हैं। संघ के स्वयंसेवक सौ प्रतिशत मतदान के लिए समाज में जन-जागरण करेंगे। समाज में इसके संदर्भ में कोई भी वैमनस्य, अलगाव, बिखराव या एकता के विपरीत कोई बात न हो, इसके प्रति समाज जागृत रहे। राजनीति और चुनाव को सर्वोपरि मान लेने वाले इस माहौल में सहसा विश्वास करना कठिन है कि देश का सबसे बड़ा स्वयंसेवकों का संगठन मतदाता जागरूकता या समाज में सौमनस्य आदि की दृष्टि से ही चुनाव के दौरान काम करेगा। यह पत्रकारों और मीडिया संस्थानों की जिम्मेवारी है कि देखें कि ऐसा होता है या नहीं? ऐसे सभी संगठनों, जो सीधे दलीय चुनावी राजनीति में शामिल नहीं हैं, की यही यथेष्ट भूमिका हो सकती है। मतदान में किसी दल या उम्मीदवार को अवश्य सहयोग करिए लेकिन संगठन के रूप में चुनावी भूमिका नहीं होनी चाहिए। आप मतदाताओं के बीच जाएं, उन्हें मुद्दों के प्रति जागरूक करें, मतदान के लिए प्रेरित करें तथा इस बीच राजनीतिक दलों के परस्पर आक्रामक तीखे बयानों, आरोपों तथा समाज के अंदर मतदान के लिए वैमनस्य फैलाने वालों या तनाव और हिंसा पैदा करने वालों के असर को कम करने की कोशिश करें। संघ स्वयं को अगर समाज में एक संगठन की जगह समाज का संगठन मानता है तो उसके लिए कोई राजनीतिक दल दुश्मन नहीं हो सकता। हां, राजनीतिक दलों की नीतियां उसके विरुद्ध हैं यानी उसके अनुसार देश हित में नहीं हैं, तो तात्कालिक विरोध किया जा सकता है। प्रतिनिधि सभा ऐसी बैठक होती है जिसमें संघ के सभी शीर्ष पदाधिकारी, प्रांत स्तर के पदाधिकारी और 36 आनुषंगिक संगठनों के प्रमुख या प्रतिनिधि उपस्थित होते हैं। इस नाते 1500 वैसे प्रमुख प्रतिनिधियों की एक जगह उपस्थिति, विमर्श और निर्णय अत्यंत महत्त्व के होंगे। इसमें सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले का पुनर्निर्वाचन हुआ और वे 2027 तक पद पर रहेंगे। संघ पर निष्पक्षता से अध्ययन करने वाले इसका खंडन करते हैं कि यहां चुनाव होता ही नहीं। चुनाव नियमित होते हैं किंतु ज्यादातर अन्य संगठनों या राजनीतिक दलों की तरह पदों की होड़ न होने के कारण नकारात्मक प्रतिस्पर्धा नहीं होती। प्रतिनिधि सभा से घोषित कार्यक्रमों में अहिल्याबाई होल्कर के जन्म के 300वें वर्ष में मई, 2024 से अप्रैल, 2025 तक जन्म वर्ष मनाया जाना है। कितने राजनीतिक दलों, बुद्धिजीवियों और पत्रकारों को अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के महत्त्व का आभास है? कौन राष्ट्रीय संगठन समाज विशेषकर महिलाओं को प्रेरणा देने की दृष्टि से इस तरह का कार्यक्रम आयोजित करेगा? इसके अलावा जो विषय वहां चर्चा में थे उनमें स्वयंसेवकों द्वारा वर्ष में किए गए मुख्य कार्य, श्रीराम मंदिर निर्माण और रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का राष्ट्रीय जागरण की दृष्टि से प्रभाव, संदेशखालि की भयावह घटना और मणिपुर, पंजाब आदि शामिल थे। अगर होसबोले कहते हैं कि स्वतंत्र भारत में संदेशखालि जैसी घटनाएं झकझोर देने वाली हैं, दोषियों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए तथा इसमें सभी दलों को अपने राजनीतिक स्वाथरे को छोड़कर महिला सुरक्षा और समाज के इस विषय पर एक मत से ऐसी कार्रवाई करनी चाहिए कि भविष्य में ऐसा करने की कोई सोच भी नहीं सके तो इससे कौन असहमत हो सकता है।

## महिलाओं की सुरक्षा है जरूरी

चुनाव में महिलाओ एक साइलेन्स वोटर के रूप में उभरी है और इस हेतु महिला लाभार्थी ने एग्जिट पोल को भी बदल दिया है फिर भी आज कई राज्यों में महिला सुरक्षित नहीं है ऐ हाल सिर्फ भारत के लोकतान्त्रिक प्रणाली में केवल नहीं है ऐ विश्व के चुनाव पर भी असर डाल रही है जहाँ लोकतान्त्रिक व्यवस्था है दरअसल किसी शारीरिक हिंसक कृत्य की उग्रता इसकी शारीरिक चोटें पहुंचाने की संभावना के अनुसार आंकी गई थीं। थप्पड़ मारना, धक्का देना अथवा रूखेपन से ठेलना को औसत दर्जे की शारीरिक हिंसा के रूप में परिभाषित किया जाता है। मुक्के से मारना, लात मारना, दम घोटना, जला देना, घसीटना, किसी हथियार से धमकाना अथवा किसी हथियार का महिला के विरुद्ध उपयोग करना, इन सब बातों को उग्र शारीरिक हिंसा के रूप में परिभाषित किया जाता है। इस तरह के कृत्यों को उग्रता के हिसाब से आंकना विवादास्पद है। स्पष्ट है, कुछ परिस्थितियों में ठेलने से भारी चोट लग सकती है। भले ही इसको औसत दर्जे की हिंसा के वर्ग में रखा गया हो। फिर भी अधिकांशतः इस तरह का अंकन (तंदापदह) उग्रता के अन्य तरीकों, जैसे-चोट आदि से मेल खाता है। इस परिभाषा के अनुसार 4 प्रतिशत जापानी महिलाओं ने और 49 प्रतिशत पेरू के ग्रामीण इलाकों की महिलाओं ने उग्र शारीरिक हिंसा का अनुभव किया, जबकि अधिकांश देशों में यह प्रतिशत 13 और 26 के बीच में है। यदि महिलाओं के साथ आंशिक हिंसा का व्यवहार हुआ है तो इस बात की बड़ी भारी संभावना है कि किसी समय उनके साथ उग्र हिंसा का व्यवहार भी हो सकता है। केवल तीन देशों-बंगला देश, जापान, सर्बिया और मोन्टेनेग्रो में उन महिलाओं के साथ, जिनके साथ उग्र हिंसा का व्यवहार किया गया था, औसत दर्जे की हिंसा की समस्या का भी सामना करना पड़ा। उन महिलाओं का अनुपात, जो अपने पुरुष साथियों की शारीरिक हिंसा से पीड़ित हुई, जापान में 13 प्रतिशत से लेकर पेरू के ग्रामीण क्षेत्रों में 61 प्रतिशत तक रहा। जापान में यौन हिंसा का प्रतिशत भी सबसे कम 6 प्रतिशत रहा, जबकि सबसे अधिक प्रतिशत 59 प्रतिशत इथियोपिया में रहा। कुल मिलाकर उन महिलाओं का प्रतिशत, जिनका उनके साथी के द्वारा यौन उत्पीड़न किया गया, जापान, सार्बिया और मोन्टेनेग्रो में 6 प्रतिशत और इथियोपिया में 59 प्रतिशत रहा। अधिकांश क्षेत्रों में यह प्रतिशत 10 और 50 प्रतिशत के बीच में रहा। उन महिलाओं का प्रतिशत, जिन्हें शारीरिक संभोग के लिए जबरन मजबूर किया गया, सर्बिया और मोन्टेनेग्रो में 4 प्रतिशत और बंग्लादेश और इथियोपिया के ग्रामीण क्षेत्रों में 46 प्रतिशत रहा। लगभग एक तिहाई इथियोपियन महिलाओं ने पिछले एक वर्ष में किसी साथी के द्वारा उनकी इच्छा के विरुद्ध यौन-संबंध बनाने की शिकायत की। जबरन यौन-संबंध की ऊंची दर एड्स की बीमारी और अधिकांश महिलाओं की अपने-आपको संक्रमण से न बचा पाने वाली कठिनाई के प्रकाश में विशेष रूप से चैंकाने वाली है। अधिकांश स्थानों में यौन शिक्षा पर्याप्त रूप से कम रही। इस तरह की घटनाएं बांगलादेश और इथियोपिया के ग्रामीण क्षेत्रों और थाइलैण्ड के शहरी क्षेत्रों में अधिक हुई। उन देशों में, जहां बड़े शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों, दोनों का अध्ययन किया गया, कुल मिलाकर साथी के द्वारा की गई हिंसा का स्तर ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक ऊँचा रहा। हिंसा का वह सामान्य कृत्य, जो महिलाओं के साथ किया गया, उनको अपने साथी के द्वारा थप्पड मारा जाना था। इस कृत्य का प्रतिशत जापान में 9 और ग्रामीण पेरू में 52 था। थप्पड़ मारने के कृत्य के बाद दूसरे स्थान पर मुक्के से मारा जाना रहा और हिंसा के इस रूप में भी यही दोनों देश सबसे ऊँचे प्रतिशत (2 प्रतिशत और 42 प्रतिशत क्रमशः) पर रहे। अधिकांश देशों में 11 से 22 प्रतिशत के बीच महिलाओं ने अपने साथी द्वारा मुक्के से मारे जाने की बात कही। अधिकांश देशों में यौन हिंसा के लगभग आधे मामले भय की बजाय शारीरिक बल के प्रयोग के परिणाम थे। फिर भी इथियोपिया और थाईलैण्ड में महिलाओं ने इस भय से यौन संबंध बनाने की बात कही कि उन्हें इस बात का डर था कि कहीं उनके साथी कुछ कर न बैठें। सब जगहों पर कुछ महिलाओं ने बताया कि उन्हें यौन संबंध बनाने के लिए इस प्रकार बाध्य किया गया, जिससे उन्होंने अपने आपको अपमानित महसूस किया। पेरू के ग्रामीण क्षेत्रों की 11 प्रतिशत महिलाओं की तुलना में इथियोपिया, जापान, सर्बिया और मौन्टेनेग्रो और तान्जानिया की 2 प्रतिशत से भी कम महिलाओं ने ऐसी सूचना दी।

# अंतरराष्ट्रीय दबाव को समय रहते पहचाने सरकार

**तत्कालीन सरकार पर दबाव बनाया गया था। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को आपातकाल को खत्म करना पड़ा था। तत्कालीन सरकार को लोकतांत्रिक ढंग से चुनाव कराने पड़े। जेल में बंद सारे मीसा बंदियों को छोड़ना पड़ा था। उस समय इंदिरा गांधी ऐसा नहीं करती, तो अमेरिकी प्रतिबंधों के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय जगत के कई प्रतिबंधों का सामना भारत को करना पड़ता। 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के बाद भारत के ऊपर अमेरिकी प्रतिबंध पहले से ही लागू थे। जिसके कारण भारत सरकार को 1977 में दबाव में आना पड़ा। अंतरराष्ट्रीय दबाव के कारण ही भारत सरकार को चुनाव कराने पड़े थे। आपातकाल खत्म करना पड़ा था। अभी अघोषित आपातकाल की तरह स्थिति है। अंतरराष्ट्रीय कानूनों पर जो सहमति भारत सरकार ने दी है। भारतीय कानून भी अंतरराष्ट्रीय कानून का समर्थन करते हैं। विशेष रूप से मानव अधिकार, वैश्विक व्यापार एवं लोकतांत्रिक व्यवस्था को लेकर जो सहमति हमने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दे रखी है।**





**सनत जैन**
**लेखक**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर जर्मनी और अमेरिका की सरकारों द्वारा जिस तरह की टिप्पणी की गई है। भारत सरकार ने जिस तरह से जर्मन और अमेरिका की सरकार को प्रतिक्रिया से अवगत कराया है। उसको लेकर अंतरराष्ट्रीय जगत में बड़ी तीव्र प्रतिक्रिया देखने को मिलने लगी है। भारत सरकार ने जर्मन और अमेरिका के राजनायिकों को दिल्ली के विदेश मंत्रालय में तलब करके, भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने पर नाराजी जताई है। यह भारत का आंतरिक मामला नहीं है। वैश्विक व्यापार संधि के बाद सारी दुनिया के देश आपस में जुड़े हुए हैं। अंतरराष्ट्रीय समझौते के रूप में भारत ने दर्जनों समझौते मानव अधिकार और लोकतंत्र वैश्विक व्यापार इत्यादि के मसले पर कर रखे हैं। भारत की वर्तमान न्यायपालिका और लोकतांत्रिक व्यवस्था को लेकर अंतरराष्ट्रीय जगत में इसी तरह की प्रतिक्रिया होनी थी, जो हुई है। भारतीय न्यायपालिका और भारत सरकार दोनों को ही अमेरिका और जर्मनी द्वारा की गई टिप्पणी को गंभीरता से लेने की जरूरत है। यदि ऐसा नहीं हुआ, तो इसका असर अंतरराष्ट्रीय संबंधों और व्यापार मे पडना तय है।

भारत सरकार राजनीतिक मामलों में विदेशी हस्तक्षेप को किसी कीमत में बर्दाश्त नहीं करेगा। यह संदेश भारत सरकार ने अंतरराष्ट्रीय जगत को देने की कोशिश की है। भारत की कानूनी प्रक्रिया पर अमेरिका ने जिस तरह से अपनी आपत्ति दर्ज कराई है। वह केवल भारत का मामला नहीं है। भारतीय न्याय पालिका से सारे दुनिया के देश जो भारत से किसी भी तरह से कोई रिश्ता रखते हैं। किसी भी देश का कोई नागरिक या कंपनी भारत के साथ रिश्ता रखती है। भारत की न्यायिक व्यवस्था उसे प्रभावित करती है। जिस तरह से भारत की न्यायपालिका को अंतरराष्ट्रीय जगत में स्वतंत्र भारतीय न्यायपालिका के स्थान पर, सरकार के प्रभाव में काम कर रही न्यायपालिका के रूप में देखा जा रहा है। उससे सारी दुनिया के देशों की चिंता बढ़ रही है। भारत में जो नियम कायदे कानून लागू है। वह भारतीयों के साथ-साथ पूरी दुनिया के देशों के उन नागरिकों और उन कंपनियों के ऊपर भी लागू होते हैं।

जो भारत के साथ व्यापार, पर्यटन, बैंकिंग, मानव अधिकार और धार्मिक आधार में जुड़े होते हैं। अंतर्राष्ट्रीय संस्थान जो भारत को आर्थिक मदद देते हैं। अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं एक लोकतांत्रिक देश के रूप में भारत के साथ जिस तरह अंतरराष्ट्रीय कानून की सहभागिता को देखते हुए रिश्ते बनाते हैं। यदि उन्हें लगता है, कि भारत में लोकतांत्रिक व्यवस्था खत्म हो रही है। न्यायपालिका पर सरकार की दखलंदाजी है। मानव अधिकार कानूनों का पालन ठीक तरीके से नहीं हो रहा है। ऐसी स्थिति में अंतरराष्ट्रीय दबाव बनना एक स्वाभाविक प्रतिक्रिया है। 1975 में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आपातकाल लागू किया था। वह घोषित आपातकाल था। संसद का कार्यकाल बढ़ाया गया था। इसके विरोध में अंतरराष्ट्रीय जगत में उस समय भी इसी तरह की के प्रतिक्रिया व्यक्त की गई थी। तत्कालीन सरकार पर दबाव बनाया गया था। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को आपातकाल को खत्म करना पड़ा था। तत्कालीन सरकार को लोकतांत्रिक ढंग से चुनाव कराने पड़े। जेल में बंद सारे मीसा बंदियों को छोड़ना पड़ा था। उस समय इंदिरा गांधी ऐसा नहीं करती, तो अमेरिकी प्रतिबंधों के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय जगत के कई प्रतिबंधों का सामना भारत को करना पड़ता। 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के बाद भारत के ऊपर अमेरिकी प्रतिबंध पहले से ही लागू थे। जिसके कारण भारत सरकार को 1977 में दबाव में आना पड़ा। अंतरराष्ट्रीय दबाव के कारण ही भारत सरकार को चुनाव कराने पड़े थे।

आपातकाल खत्म करना पड़ा था। अभी अघोषित आपातकाल की तरह स्थिति है। अंतरराष्ट्रीय कानूनों पर जो सहमति भारत सरकार ने दी है। भारतीय कानून भी अंतरराष्ट्रीय कानून का समर्थन करते हैं। विशेष रूप से मानव अधिकार, वैश्विक व्यापार एवं लोकतांत्रिक व्यवस्था को लेकर जो सहमति हमने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दे रखी है। उसी के कारण अंतरराष्ट्रीय जगत में भारत की वर्तमान स्थिति पर टीका टिप्पणी की जा रही है। यदि इसको सही तरीके से नहीं देखा गया, तो आगे चलकर भारत के लिए मुसीबतें खड़ी हो सकती हैं। भारत सरकार का यह कहना है, जर्मन और अमेरिका ने भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप किया है। यह सही प्रतीत नहीं होता है। जिस तरह से विपक्षी दलों के ऊपर सरकारी एजेंसियों द्वारा कार्रवाई की जा रही है। न्यायपालिका से पीड़ित पक्ष को राहत नहीं मिल रही है। विभिन्न कानूनो के माध्यम से नागरिकों को आरोप के आधार पर कई महीने और सालों तक जेल में बंद करके रखा जा रहा है। न्यायालय से आरोपियों को जमानत नहीं मिल रही है। उनकी सुनवाई नहीं हो रही है। तारीख पर तारीख दी जा रही है। भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्थाएं, नागरिकों की स्वतंत्रता और अधिकार धीरे-धीरे खत्म होते जा रहे हैं। संवैधानिक संस्थाएं स्वतंत्रता के साथ काम नहीं कर पा रही हैं। ऐसी स्थिति में अंतरराष्ट्रीय जगत से इस तरह के सुर उठते हैं। भारत सरकार को इस पर गंभीरता से विचार करना होगा। भारत सरकार के साथ-साथ भारत की न्यायपालिका, चुनाव आयोग, राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग जैसे संस्थान जो स्वतंत्र संस्थान माने गए हैं। इन्हें स्वतंत्रता के साथ यदि काम नहीं करने दिया जाएगा। इसमें निष्पक्ष लोगों की नियुक्ति नहीं होगी। ऐसी स्थिति में भारत अंतर्राष्ट्रीय जमात में अलग-थलग पड़ सकता है। भारत एक लोकतांत्रिक देश है। इसका अपना एक लिखित संविधान है। संविधान में नागरिकों के मौलिक अधिकार और सरकार के गठन को लेकर एक निश्चित प्रक्रिया निर्धारित है। भारत में 75 वर्षों का लोकतांत्रिक इतिहास है। यदि इन सब बातों को हम नजर अंदाज करके वह करना चाहते हैं, जो भारतीय संविधान, लोकतांत्रिक व्यवस्था और मानव अधिकारों के अनुरूप नहीं है। ऐसी स्थिति में अंतरराष्ट्रीय जगत का दबाव पहले भी पडता रहा है। एक बार फिर यही अंतरराष्ट्रीय दबाव 1977 के बाद 2024 में देखने को मिल रहा है।

# अनंत प्रस्थान पर स्वामी स्मरणानंद

**रामकृष्ण मिशन, भारत की आध्यात्मिक चेतना, शैक्षिक सशक्तिकरण और मानवीय सेवा के संकल्प पर काम कर रहा है। 1978 में जब बंगाल में बाढ़ की विभिषिका आई, तो रामकृष्ण मिशन ने अपनी निस्वार्थ सेवा से सभी का हृदय जीत लिया था। मुझे याद है, 2001 में कच्छ के भूकंप के समय स्वामी आत्मास्थानंद उन सबसे पहले लोगों में से एक थे, जिन्होंने मुझे फोन करके ये कहा कि आपदा प्रबंधन के लिए रामकृष्ण मिशन से हर संभव मदद करने के लिए तैयार है। उनके निदेर्शों के अनुरूप, रामकृष्ण मिशन ने भूकंप के उस संकट काल में लोगों की बहुत सहायता की। बीते वर्षों में स्वामी आत्मास्थानंद जी एवं स्वामी स्मरणानंद जी ने विभिन्न पदों पर रहते हुए सामाजिक सशक्तिकरण पर बहुत जोर दिया। जो भी लोग इन महान विभूतियों के जीवन को जानते हैं, उन्हें ये जरूर याद होगा कि आप जैसे संत मॉर्डर्न लर्निंग, स्किलिंग और नारी सशक्तिकरण के प्रति कितने गंभीर रहते थे।**





**प्रधानमंत्री नरेन्द्र दामोदरदास मोदी**
**भारत सरकार**

लोकसभा चुनाव के महापर्व की भागदौड़ के बीच एक ऐसी खबर आई, जिसने मन-मस्तिष्क में कुछ पल के लिए एक ठहराव सा ला दिया। भारत की आध्यात्मिक चेतना के प्रखर व्यक्तित्व श्रीमत स्वामी स्मरणानंद जी महाराज का समाधिस्थ होना, व्यक्तिगत क्षति जैसा है। कुछ वर्ष पहले स्वामी आत्मास्थानंद जी का महाप्रयाण और अब स्वामी स्मरणानंद का अनंत यात्रा पर प्रस्थान कितने ही लोगों को शोक संतप्त कर गया है। मेरा मन भी करोड़ों भक्तों, संत जनों और रामकृष्ण मठ एवं मिशन के अनुयायियों सा ही दुखी है।

इस महीने की शुरूआत में, अपनी बंगाल यात्रा के दौरान मैंने अस्पताल जाकर स्वामी स्मरणानंद जी के स्वास्थ्य की जानकारी ली थी। स्वामी आत्मास्थानंद जी की तरह ही, स्वामी स्मरणानंद जी ने अपना पूरा जीवन आचार्य रामकृष्ण परमहंस, माता शारदा और स्वामी विवेकानंद के विचारों के वैश्विक प्रसार को समर्पित किया। ये लेख लिखते समय मेरे मन में उनसे हुई मुलाकातें, उनसे हुई बातें, वो स्मृतियां जीवंत हो रहीं हैं।

जनवरी 2020 में बेलूर मठ में प्रवास के दौरान, मैंने स्वामी विवेकानंद जी के कमरे में बैठकर ध्यान किया था। उस यात्रा में मैंने स्वामी स्मरणानंद जी से स्वामी आत्मास्थानंद जी के बारे में काफी देर तक बात की थी।

आप जानते हैं कि रामकृष्ण मिशन और बेलूर मठ के साथ मेरा कितना आत्मीय संबंध रहा है। आध्यात्म के एक जिज्ञासू के रूप में, पांच दशक से भी ज्यादा के समय में, मैं भिन्न-भिन्न संत-महात्माओं से मिला हूं, अनेकों स्थलों पर रहा हूं। रामकृष्ण मठ में भी मुझे आध्यात्म के लिए जीवन समर्पित करने वाले जिन संतों का परिचय प्राप्त हुआ था, उसमें स्वामी आत्मास्थानंद जी एवं स्वामी स्मरणानन्द जी जैसे व्यक्तित्व प्रमुख थे। उनके पावन विचारों और उनके ज्ञान ने मेरे मन को निरंतर संतुष्टि दी। जीवन के सबसे महत्वपूर्ण कालखंड में ऐसे ही संतों ने मुझे जन सेवा ही प्रभु सेवा का सत्य सिद्धांत सिखाया।

स्वामी आत्मास्थानंद जी एवं स्वामी स्मरणानन्द जी का जीवन, रामकृष्ण मिशन के सिद्धांत ह्यआत्मनो मोक्षार्थ जगद्धिताय चह्न का अमिट उदाहरण है।

रामकृष्ण मिशन द्वारा, शिक्षा के संवर्धन और ग्रामीण विकास के लिए किए जा रहे कार्यों से हम सभी को प्रेरणा मिलती है। रामकृष्ण मिशन, भारत की आध्यात्मिक चेतना, शैक्षिक सशक्तिकरण और मानवीय सेवा के संकल्प पर काम कर रहा है। 1978 में जब बंगाल में बाढ़ की विभिषिका आई, तो रामकृष्ण मिशन ने अपनी निस्वार्थ सेवा से सभी का हृदय जीत लिया था। मुझे याद है, 2001 में कच्छ के भूकंप के समय स्वामी आत्मास्थानंद उन सबसे पहले लोगों में से एक थे, जिन्होंने मुझे फोन करके ये कहा कि आपदा प्रबंधन के लिए रामकृष्ण मिशन से हर संभव मदद करने के लिए तैयार है। उनके निदेर्शों के अनुरूप, रामकृष्ण मिशन ने भूकंप के उस संकट काल में लोगों की बहुत सहायता की।

बीते वर्षों में स्वामी आत्मास्थानंद जी एवं स्वामी स्मरणानंद जी ने विभिन्न पदों पर रहते हुए सामाजिक सशक्तिकरण पर बहुत जोर दिया। जो भी लोग इन महान विभूतियों के जीवन को जानते हैं, उन्हें ये जरूर याद होगा कि आप जैसे संत मॉर्डर्न लर्निंग, स्किलिंग और नारी सशक्तिकरण के प्रति कितने गंभीर रहते थे।

स्वामी आत्मास्थानंद जी के विराट व्यक्तित्व की जिस विशिष्टता से मैं सबसे अधिक प्रभावित था, वो थी हर संस्कृति, हर परंपरा के प्रति उनका प्रेम, उनका सम्मान। इसका कारण था कि उन्होंने भारत के अलग अलग हिस्सों में लंबा समय गुजारा था और वो लगातार भ्रमण करते थे। उन्होंने गुजरात में रहकर गुजराती बोलना सीखा। यहां तक कि मुझसे भी, वो गुजराती में ही बात करते थे। मुझे उनकी गुजराती बहुत पसंद भी थी।

भारत की विकास यात्रा के अनेक बिंदुओं पर, हमारी मातृभूमि को स्वामी आत्मास्थानंद जी, स्वामी स्मरणानंद जी जैसे अनेक संत महात्माओं का आशीर्वाद मिला है जिन्होंने हमें सामाजिक परिवर्तन की नई चेतना दी है। इन संतों ने हमें एक साथ होकर समाज के हित के लिए काम करने की दीक्षा दी है। ये सिद्धांत अब तक शाश्वत हैं और आने वाले कालखंड में यही विचार विकसित भारत और अमृत काल की संकल्प शक्ति बनेंगे।

मैं एक बार फिर, पूरे देश की ओर से ऐसी संत आत्माओं को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। मुझे विश्वास है कि रामकृष्ण मिशन से जुड़े सभी लोग उनके दिखाए मार्ग को और प्रशस्त करेंगे। ओम शांति।

# धार्मिक स्थल में भगदड़ रोकने के उपाय तलाशने होंगे

**ऋतुपर्ण दवे**

भारत में धार्मिक आयोजनों की भीड़ में भगदड़ आम हो चुकी है। ऐसी घटनाओं में मौतें होना न नई हैं, और न ही अब हैरान करने वाली। लेकिन लगता है कि गंभीरता को जानते-समझते हुए भी सीख नहीं लेने से इन मौतों पर विराम तो दूर सोचना भी बेमानी लगता है। दो-चार दिन बाद बात आई-गई हो जाती है। बीते दिनों वृंदावन में ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में रंगभरी एकादशी की रंगीली होली की शुरू आत के एक दिन पहले भीड़ ऐसी बेकाबू हुई कि एक श्रद्धालु ने दम तोड़ दिया जबकि एक की तबीयत बिगड़ गई। भारी भीड़ के दबाव में फंसी महिलाओं और बच्चों की चीखें निकलती रहीं और पुलिस की मुस्तैदी इस बात पर ज्यादा थी कि अति विशिष्टजनों की सेवा में कोई खलल न पड़े। ऐसी ही एक घटना अगस्त, 2022 में घटी जब श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर मथुरा-वृंदावन में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और बांके बिहारी मंदिर में रात 2 बजे मंगला आरती के दौरान दम घुटने से दो श्रद्धालुओं की मौत हो गई, 9 घायल हो गए। आरोप लगे कि भीड़ नियंत्रित कराने वाले अपने परिजनों को वीआईपी दर्शन कराने में जुटे थे तो कई वीडियो बनाने में मशगूल रहे। परिसर में श्रद्धालु क्षमता 800 लोगों की है, जबकि वहां 25-30 हजार श्रद्धालु मौजूद थे। धार्मिक आयोजनों में भारी भीड़ जुटना नया नहीं है। लेकिन हादसों के बाद समझ आता है कि सुरक्षा कैसी होती है? वैज्ञानिकों ने 1900 के बाद से विश्व में भगदड़ या भीड़भाड़ की घटनाओं का एक डेटाबेस तैयार किया ताकि ऐसी मौतों को रोकने के उपायों को खोजा जा सके। इसमें 1900-2019 के बीच ऐसी 281 घटनाएं शामिल की जिनमें या तो कम से कम एक व्यक्ति की मौत हुई या दस से ज्यादा लोग घायल हुए। यही आंकड़े बताते हैं कि दुनिया में भारत और पश्चिमी अफ्रीका ऐसी दुर्घटनाओं के सबसे बड़े केंद्र हैं। वक्त के साथ बढ़ती तकनीक के बावजूद तीन दशकों के आंकड़े चौंकाने वाले हैं क्योंकि घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। भारत में बीते कुछ वर्षों के दौरान मंदिरों और अन्य हिन्दू धार्मिक कार्यक्रमों में भगदड़ में सैकड़ों जानें गई। 25 जनवरी, 2005 को महाराष्ट्र के सतारा जिले के मंधारदेवी मंदिर में वार्षिक तीर्थयात्रा में 340 से अधिक श्रद्धालुओं की कुचल कर मौत हो गई, सैकड़ों घायल हुए। नारियल तोडे से सीढिं में फिसलन से यह भगदड़ हुई। 3 अगस्त, 2008 को हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले के नैना देवी मंदिर में भू-स्खलन की अफवाह से मची भगदड़ में 162 जान चली गई, 47 लोग घायल हुए। 30 सितम्बर, 2008 को राजस्थान के जोधपुर में चामुंडा देवी मंदिर में बम विस्फोट की अफवाह से मची भगदड़ में 250 लोगों की मौत हुई और 60 से ज्यादा घायल हुए। 4 मार्च, 2010 को उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में कृपालु महाराज के राम जानकी मंदिर में मची भगदड़ में 63 लोगों की मौत हुई जो वहां कपड़ा और भोजन लेने आए थे। 13 अक्टूबर, 2013 को मध्य प्रदेश के दतिया जिले में रतनगढ़ मंदिर के पास नवरात्रि उत्सव के दौरान भगदड़ में 115 लोगों की मौत हुई और 100 से अधिक घायल हुए। ऐसे और न जाने कितने हादसों ने सैकड़ों जान ली हैं। दुर्भाग्यवश कभी भगदड़ में फंस जाएं तो थोड़ी सतर्कता बरत कर खुद को बचाया जा सकता है। अपनी ताकत बेवजह भीड़ के खिलाफ दूसरों को धकेलने में न लगाएं। चीखने-चिल्लाने या शोर मचा कर भी ताकत जाया न करें। कोशिश करें कि पैर फैला कर रखें ताकि धक्का लगने पर संतुलन बना रहे। धैर्यपूर्वक गहरी सांसें लेकर शांत रहें। बजाय विपरीत दिशा में जाने के हमेशा भीड़ के साथ चलें जिससे बचने की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। हाथों को अपनी छाती के सामने किसी बॉक्सर की तरह अड़ा रखें ताकि सीना सुरक्षित रहे जिससे आप खुद को सुरक्षित रख सकेंगे। भीड़ में गिरने पर उठ नही पा रहे हों तो तिरछे हो जाएं, दोनों पैरों को सीने से चिपकाएं, सिर पर हाथ रख कर खुद को बचाने की कोशिश करें ताकि सीना, पसली और सिर बचा रहे। दीवारों और बैरिकेडिंग से भी दूर रहें। ज्यादा से ज्यादा कोशिश करें कि खुली जगह में जल्द से जल्द पहुंच जाएं। यह कहना कि एकाएक भीड़ आ गई गलत है। आजकल धार्मिक स्थलों के पूरे क्षेत्र, गलियारों, चौक, चौराहों में स्थानीय प्रशासन, पुलिस या निजी सुरक्षा के लिए लगे सीसीटीवी कैमरों के अलावा सैटेलाइट से भी भीड़भाड़ की जानकारी लेना संभव है। हर पल पता होता है कि कहां से कितनी भीड़ आ रही है। यही प्रबंधन तो करना है ठीक वैसे, जैसे ट्रैफिक का करते हैं।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### कच्छवां पुलिस ने तीन वारंटी सहित एक शराब कारोबारी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

काराकाट(रोहतास)।कच्छवां पुलिस ने शराब मामले के एक आरोपी सहित तीन वारंटी को गिरफ्तार कर मेडिकल जांच के बाद जेल भेज दिया।थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया की बिहार मध निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के प्राथमिकी अभियुक्त विकाश कुमार पिता कामेश्वर सिंह को थाना क्षेत्र के खिरियाव में उनके घर से गिरफ्तार किया गया । वहीं कछवां से वारंटी महबूब अंसारी पिता रामानुजन अंसारी, नौशाद मियां पिता मोहर्रम मियां, जहीर मियां पिता मोहर्रम को गुप्त सूचना के आधार पर तीनों को उनके घर से गिरफ्तार किया गया । थानाध्यक्ष ने बताया की गिरफ्तार चारो आरोपियों को जांचोंप्रांत जेल भेज दिया गया।

### प्रेमी युगल को पुलिस ने गुजरात प्रदेश के सुरत से किया गिरफ्तार

काराकाट(रोहतास): काराकाट थाना क्षेत्र के सुकहरा डिहरी से फरार प्रेमी युगल को काराकाट पुलिस ने गुजरात प्रदेश सुरत से गिरफ्तार कर लिया गया।थानाध्यक्ष फुलदेव चौधरी ने बताया कि सुकहरा निवासी राजेश कुमार पिता श्रीभगवान साह अपने हीं गांव के एक नाबालिग लड़की को अपने प्रेम जाल में फंसाकर लेकर फरार हो गया था।इस संबंध में लड़की के पिता ने नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। तकनीकी अनुसंधान के तहत मोबाइल ट्रेस के आधार पर दोनों को गुजरात प्रदेश के सुरत से गिरफ्तार कर लिया गया।लड़के को जेल भेज दिया गया है। लड़की को 164 के बयान के लिए न्यायालय में पेश किया जाएगा।

### शराब के साथ वारंटी और शराबी को पुलिस ने भेजा जेल

करगहर (रोहतास) लोगों को पता है कि बिहार में शराबबंदी का दौर चल रहा है। इसे पालन करने के लिए पुलिस प्रशासन को आला अधिकारियों के द्वारा सख्त दिशा निर्देश भी दिया गया है।इसके बावजूद भी पूरी नियम कानून को ताक पर रखकर शराब माफिया शराब बेचने व पियक्कड़ लोग शराब पीने से बाज नहीं आ रहें हैं। रोहतास जिला अंतर्गत ग्राम धरहरा से पुलिस ने एक इश्तेहार वारंटी को गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार व्यक्ति का नाम अर्जुन सिंह पिता ललन सिंह ग्राम धरहरा थाना करगहर जिला रोहतास बताया गया। दूसरा मामला प्रखंड करगहर ग्राम पंचायत बकसडा का है।बकसड़ा मे स्थित विद्यालय के पास रखे पुआल में शराब माफियाओं द्वारा कुल मिलाकर 10.44 लीटर विदेशी व 1.4 लीटर देसी शराब को पुलिस ने रखे पुआल में से उखाड़ डाली।लेकिन शराब माफिया का पता नहीं चला। इधर पुलिस द्वारा मध निषेध अधिनियम के तहत कांड संख्या 102/24 30थ के आलोक में विधिवत अग्रिम उचित कार्रवाई की जा रही है।

### पूर्व के विवाद में दो पक्षों में हुई मारपीट, दर्जनों जख्मी

इटाढ़ी (बक्सर) स्थानीय थाना क्षेत्र में होली त्योहार को लेकर मंगलवार की रात पूर्व के विवाद को लेकर अतरौना गांव में मारपीट हुआ।जिससें दर्जनों लोग जख्मी हो गया। जहां पुलिस ने मारपीट के मामले में चार लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा। इसकी जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष रविकांत प्रसाद ने बताया कि होली त्योहार के रात अतरौना में पूर्व विवाद को लेकर मारपीट में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया।जिसमें प्रमोद राम, अखिलेश कुमार, सोमनाथ राम व अजित कुमार शामिल है।

### सड़क दुर्घटना में एंबुलेंस चालक की मौत

चौसा (बक्सर) होली पर्व पर चौसा निवासी सह एंबुलेंस चालक गंगा सागर मिश्र की लाढपुर के समीप बेलेरो की टक्कर में मौत हो गई। गंगा सागर मिश्र अपनी पत्नी को पवनी नैहर में पहुंचाकर वापस कमरपुर होते हुए चौसा वापस लौट रहे थे तभी बेलेरो उन्हें टक्कर मारते हुए निकल गया।होली पर्व पर सन्नाटा होने के कारण कुछ देर बाद राहगीर द्वारा 112 पुलिस को सूचना देने पर पुलिस ने अस्पताल में पहुंचाया।जहां उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई।शोक संवेदना प्रकट करते हुए मंडल महामंत्री अंशु पाण्डेय, कमलेश हिन्दू ने कहा कि यह बहुत ही दुखद घटना थी। कोचाढ़ी में 50 वर्षीय किसान केदार राय की विद्युत करंट से मौत हो गई।वह बधार में खेत पर गए थे। जहां पर हाइटेंशन के लटकते तारों के स्पर्श में आ गए थे।

### लोकसभा में शिवेश राम और मिथिलेश तिवारी के प्रत्याशी बनने पर लोगों में खुशी

सासाराम (रोहतास) भाजपा रोहतास जिला इकाई द्वारा भाजपा के दो संघर्षशील कार्यकर्ता वर्तमान में प्रदेश भाजपा महामंत्री सासाराम सुरक्षित सीट से शिवेश राम और बक्सर से मिथलेश तिवारी को भाजपा लोकसभा प्रत्याशी बनाए जाने पर भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील कुमार के नेतृत्व में भाजपा कार्यकताओं ने राष्ट्रीय नेतृत्व और प्रदेश नेतृत्व को कोटि कोटि साधुवाद दिया।

# मतदाता को मतदान हेतु जागरुक करने के लिए विभिन्न प्रखंडों में मतदाताओं के बीच अभियान चलाकर किया जा रहा प्रेरित

**प्रात: किरण संवाददाता**



भोजपुर। लोक सभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त भोजपुर जिला अंतर्गत स्वीप कोषांग के अन्तर्गत चल रही गतिविधियाँ जिला स्तरीय स्वीप कोषांग के तहत जिला स्तर पर मतदाता को मतदान हेतु जागरुक करने के लिए विभिन्न प्रखंडों में मतदाताओं के बीच अभियान चलाकर प्रेरित किया जा रहा है। स्वीप के तहत पोलिंग स्टेशन अंतर्गत मतदाताओं को मतदान हेतु पोलिंग स्टेशन की संख्या जहाँ जागरूकता कार्यक्रम किया गया : -37 & 38 पोलिंग स्टेशन का नाम : उमरांव गंज पंचायत - करजा , शाहपुर एवं परियोजना उदवन्तनगर के सेविका और सहायिका द्वारा शाला पूर्व बच्चों के अभिभावकों को मतदान हेतु प्रेरित किया गया एवं जीविका दीदी द्वारा मतदाता शपथ का आयोजन किया गया जिससे मतदाता अधिक मात्रा मे मतदान कर सके। साथ -ही -साथ स्वीप कोषांग के तरफ से आवश्यक निर्देश भी दिया गया है । एक प्रतिभागी एक रील को ग्रुप एक ही बार भेजें। किसी भी प्रतिभागी का रील 2 मिनट से ज्यादा का नहीं होना चाहिए। किसी भी प्रतिभागी के रील में किसी भी राजनीतिक पार्टी या दल और संप्रदाय या धर्म का जिक्र नहीं होना चाहिए।

# अयोध्या धाम में हुआ लोक नाटक गंगा स्नान का मंचन

**प्रात: किरण संवाददाता**



आरा। शांति कल्चरल फाउंडेशन, अयोध्या द्वारा आयोजित 28 से 31 मार्च 2024 तक चलने वाले 6 वा नाट्य मेला, गोसाई गंज अयोध्या की प्रभाव क्रिएटिव सोसाइटी आरा के चर्चित लोक नाटक " गंगा स्नान " से हुआ। भिखारी ठाकुर की अमर कृति " गंगा - स्नान को निर्देशित किया है प्रसिद्ध युवा निर्देशक मनोज कुमार सिंह ने। कार्यक्रम के संयोजक व रंगमंच के प्रसिद्ध प्रकाश निर्देशक अयोध्यानिवासी जय कुमार भारती ने कहा कि आज "गंगा -स्नान " नाटक की देश में सर्वत्र चर्चा है। इस नाटक की प्रसिद्धि को सुन हमने इस नाटक को आमंत्रित किया था। भिखारी ठाकुर की इस अमर रचना को अवधवासी आजीवन याद रखेंगे।

नाटक के निर्देशक मनोज कुमार सिंह ने कहा कि भगवान राम की नगरी से निमंत्रण मिला और हम सभी कलाकर यहां हाजिरी लगाने आ गए। नाटक में मुख्य भूमिका निभा रही रागिनी कश्यप, ऋतू पाण्डेय, आशा पाण्डेय ने बताया कि भगवान श्री राम के पावन धाम में गंगा स्नान की प्रस्तुति करना हम सभी कालकारों के लिए सौभाग्य की बात है।

नाट्य दल में प्रभाव क्रिएटिव सोसाइटी के सचिव कमलेश कुंदन, राजा बसंत बहार, सूरज कांत पाण्डेय, दीपू कुमार, साहेब लाल यादव, लड्डू भोपाली, सुंदरम, मुकेश मुस्कान, निराला यादव, अर्पणा पाण्डेय आदि शामिल रहें।

# शरारती तत्वों ने वकील से मांगी रंगदारी, कार्यालय को तोड़ा

**प्रात: किरण संवाददाता**



बिक्रमगंज (रोहतास) स्थानीय शहर के अनुमंडल कार्यालय परिसर स्थित निजी वकील की प्रैक्टिस कार्यालय को असामाजिक तत्वों ने तोड़ किया बर्बाद। इस संबंध में शहर के उतरी आस्कामिनी नगर निवासी पीड़ित वकील सुनील कुमार ने बताया कि होली पर्व से पहले नगर परिषद क्षेत्र के गोसाई मुहल्ला में रहने वाले कुछ की संख्या में शरारती तत्व उसके झोपड़ीनुमा निजी प्रैक्टिस कार्यालय पहुंच गाली गलौज करते हुए रंगदारी की मांग कर रहें थे। लेकिन वकील ने रुपए देने से साफ इंकार कर दिया। इसके बाद शरारती तत्वों ने वकील को धमकी देते हुए निकल पड़े। वही होली पर्व के बाद अनुमंडल कार्यालय खुलते ही जब वकील अपने निजी प्रैक्टिस कार्यालय पहुंचे तो उसके कार्यालय को शरारती तत्वों ने तोड़ कर बर्बाद कर दिया था। जिस घटना में उसके कार्यालय में रखें हजारों की संपति बर्बाद हो गई।

इस घटना के संबंध में वकील सुनील कुमार ने स्थानीय प्रशासन को सूचना देते हुए तीन नामजद आरोपी अभिलाप राय, शिवजी प्रसाद,पिंटू सिंह सहित अन्य अज्ञात आरोपियों के खिलाफ स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए कार्रवाई का मांग की है। वही थानाध्यक्ष ललन कुमार ने बताया कि वकील के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर स्थानीय पुलिस आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई में जुट गई है।

# भोजपुर में सभी कोषांग के पदाधिकारियों एवं संबंधित कर्मियों को प्रशिक्षण का आयोजन किया गया

**प्रात: किरण संवाददाता**



आरा। राज कुमार जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह - जिलाधिकारी एवं विक्रम विरकर उप विकास आयुक्त, भोजपुर की संयुक्त अध्यक्षता में 32-भोजपुर, लोकसभा आम निर्वाचन 2024 एवं बिहार उप विधानसभा 195 - अगिआँव ( अ० जा० ) के सफल निर्वाचन के लिए जिला सभागार भोजपुर में सभी कोषांग के पदाधिकारियों एवं संबंधित कर्मियों को प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

इस प्रशिक्षण में C - vigil कोषांग द्वारा बताया गया कि निर्वाचन सें संबंधित सभी तरह की शिकायत या नियम के उल्लंघन करने पर C - vigil द्वारा शिकायत दर्ज ऑनलाईन App के माध्यम से कर सकते जिस शिकायत को शिकायतकर्ता के लोकेशन के आधार पर 24 घंटे के अन्दर निष्पादन कर दिया जाएगा। EVM से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी गई जिसमे P3 लेवल पर निर्वाचन किया जाएगा साथ - ही - साथ ये भी बताया गया कि मतदान केन्द्र के स्थानीय या उस विधानसभा के अंतर्गत होना चाहिए इस लोकसभा निर्वाचन में प्रावधान किया गया है।

लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में वृद्ध, विकलांग व्यक्तियों के लिए घर पर ही मतदान करने का प्रावधान किया गया है। इस प्रशिक्षण मे कोषांग के नोडल पदाधिकारी , सहायक नोडल पदाधिकारी वरीय पदाधिकारी , जिला स्तरीय सभी पदाधिकारी एवं विभिन्न कोषांग के प्रतिनियुक्त सभी कर्मियों आदि उपस्थित थे ।

# श्रीराम कथा सह रूद्र यज्ञ को लेकर निकली जलयात्रा सह शोभायात्रा

बिक्रमगंज(रोहतास): बिक्रमगंज प्रखंड के खैरा भूधर पंचायत के निज ग्राम खैरा भूधर में यज्ञ एवं कथा की शुभारंभ से पूर्व शोभा यात्रा एवं जलभरी मन्ना पोखरा बहुआरा के मंदिर के पास किया गया । शोभायात्रा के दरम्यान श्रद्धालु श्रद्धा से ओतप्रोत उद्घोष लगा रहे थे । यज्ञ का अनुष्ठान सुबह से ही वैदिक रीति से प्रारंभ हुआ । यज्ञ समिति के अनुसार श्रीराम कथा का आयोजन 28 मार्च से 3 अप्रैल तक लगातार 3 बजे से 7 बजे रात्रि तक चलेगा । मौके पर अमरेश पांडेय , सुधीर पांडेय , नवीन चंद्र साह , राकेश शर्मा , पुष्पा पटेल , पूनम , शिवाजी , उत्पल कांत , गौतम तिवारी, मुखिया राजेंद्र प्रसाद गुप्ता ,रिंकी , अमर , सूरज शुक्ला ,जनार्दन ठाकुर , कालिका ठाकुर ,संजय तिवारी , वार्ड सदस्य अनिल सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालु लोग उपस्थित थे ।

# दो बाइक की भिड़ंत में एक कि मौत एक गंभीर रूप से जख्मी

**प्रात: किरण संवाददाता**

आरा। पटना-बक्सर फोरलेन के कोइलवर थाना क्षेत्र के मनभावन मोड़ पर दो बाइकों की टक्कर में एक बाइक पर सवार दो युवक गम्भीर रूप से जख्मी हो गए। घटना के बाद दोनो को राहगीरों और पुलिस की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोइलवर लाया गया। जहां से बेहतर इलाज के लिए उन्हें सदर अस्पताल आरा रेफर कर दिया गया। बुरी तरह जख्मी दोनो युवकों की पहचान चांदी थाना क्षेत्र के भदवर दलित टोला निवासी शिवकुमार मांझी के 20 बर्षीय पुत्र सन्नी मांझी और शिवराज मांझी के 21 वर्षीय पुत्र विक्रम मांझी के रूप में की गई प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि मनभावन मोड़ पर आरवन फाइव बाइक पर सवार दो युवक कोईलवर से आरा की ओर जा रहे थे। जो विपरीत दिशा से आ रही एक बाइक से टकरा गयी। जिस बाइक से टकराया उस पर सवार लोग तो बाच गए, लेकिन आरवन फाइव बाइक असंतुलित होकर फिसल गयी। जिसके बाद उक्त बाइक पर सवार दोनों युवक मनभावन मोड़ पर खड़ी घरेलु एलपीजी गैस गाड़ी के नीचे चले गये। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस और ग्रामीणों के सहयोग से दोनों को इलाज के लिए पीएचसी कोईलवर लाया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा उमेश कुमार सिंह, फार्मासिस्ट दिलीप कुमार ने दोनों जख्मी का प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें सदर अस्पताल आरा रेफर कर दिया। इधर घटना की सूचना मिलते ही बीडीओ विजय कुमार मिश्र, सर्किल इंस्पेक्टर संजीव कुमार, थानाध्यक्ष नरोतमचन्द्र मौके पर पहूंचे। डा उमेश कुमार सिंह ने बताया कि प्राथमिक उपचार के समय दोनों जख्मी की स्थिति काफी क्रिटिकल थी, सिर के अंदरूनी हिस्से में चोट लगी है। एक्सरे के बाद जख्मी का पता चल पाएगा। आरा इलाज के दौरान एक युवक सन्नी की मौत हो गई वही दूसरे युवक की स्थिति को चिंताजनक देखते हुए उसे पटना रेफर कर दिया गया।

# आंगनबाड़ी केंद्रों में अब गैस चूल्हे पर बनेगा पोषाहार : सीडीपीओ

## आंगनबाड़ी सेविकाओं को गैस कनेक्शन व मिला गैस चूल्हा रेगुलेटर व पाइप

संझौली(रोहतास)। संझौली बाल विकास परियोजना के कार्यालय से प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत के आंगनबाड़ी सेविकाओं को गैस कनेक्शन व सिलेंडर का वितरण शुरू कर दिया गया है। सीडीपीओ सुषमा भालेरिया टोप्पो ने बताया कि सरकारी निदेर्शानुसार गैस कनेक्शन,गैस चुल्हा के साथ रेगुलेटर पाइप का वितरण किया जा रहा है। इससे पहले आंगनबाड़ी केंद्रों पर लकड़ी के जलावन से पोषाहार तैयार किया जाता था। जिससे नौनिहालों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ने की संभावना बनी रहती थी। जिसे लेकर सरकार ने धुआं मुक्त आंगनबाड़ी केंद्र रखने का प्रावधान किया। इसे लेकर गुरुवार को 41 सेविकाओं के बीच गैस चुल्हा के साथ पाइप व रेगुलेटर दिया गया। शेष बचें 40 सेविकाओं को अगले दिन वितरित किया जाएगा। इसके बाद गैस संचालक के कर्मियों द्वारा सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर डबल गैस सिलेंडर, निर्धारित तिथि के अनुसार पंचायतवार गैस वाहन की गाड़ी से आंगनबाड़ी केंद्रों पर पहुचाया जाएगा। सीडीपीओ ने कहा कि अब



आंगनबाड़ी केंद्रों पर गैस चूल्हे पर पोषाहार बानेगा। इससे सेविका और सहायिका को धुएं से निजात मिलेगी। सेविकाओं को गैस चूल्हे के उपयोग के समय बरती जाने वाली सावधानी के बारे में भी बताया। सीडीपीओ ने कहा कि लकड़ी जलाकर पोषाहार बनाने के समय निकलने वाले धुएं से पर्यावरण प्रदूषण की समस्या उत्पन्न होती है। इससे निजात के लिए गैस चूल्हा का उपयोग जरूरी है। उन्होंने कहा कि सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में जल्द गैस चूल्हा व सिलेंडर का वितरण कर दिया जाएगा। उन्होंने ने सेविकाओं को भी कई निर्देश दिए। आंगनबाड़ी पर्यवेक्षिका ज्योति कुमारी ने कहा कि सेविकाएं अपने बच्चे की तरह आंगनबाड़ी केंद्र में नामांकित बच्चों की देखभाल करें। उन्हें पोषणयुक्त भोजन खिलाएं। केंद्र में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखें। वहीं जिसका शुभारंभ सीडीपीओ मैडम ने किया। जिसमें भारत कम्पनी के दो सिलेंडर, रेगुलेटर व पाइप के साथ पासबुक दिया जाएगा। वही सेविकाओं ने कहा कि अभी तक कोयला या फिर लकड़ी पर बाच्चों के लिए भोजन बनाना पड़ता है। इससे धुंआ अधिक होता है और हम लोगों के स्वास्थ पर भी प्रतिकूल असर पड़ता है। अब भारत कंपनी के गैस पर बच्चों के लिए भोजन बनाने से सेविकाओं को राहत मिलेगी। साथ ही बच्चों को भी गर्म और अच्छा भोजन मिल सकेगा। मौके पर सेविका उर्मिला कुमारी, संगीता कुमारी, नीतू कुमारी, रिंकू कुमारी, नीतू कुमारी, संध्या कुमारी, रीता कुमारी, हिरामुन्नी देबी, मधु कुमारी सहित दर्जनों सेविका मौजूद थी।

# घर का ताला तोड़ चोरों ने आभूषण सहित नगद रुपए उड़ाया

**प्रात: किरण संवाददाता**



डेहरी (रोहतास) डेहरी नगर टीओपी थाना से महज कुछ दूरी पर स्थित लाला मुहल्ला में गांव पर होली मनाने पुरे परिवार के साथ गये एक घर में घूस कर 45 लाख से अधिक के आभूषण सहित नगदी 50 हजार रुपए अज्ञात चोरों द्वारा उड़ा लिया गया। घटना की जानकारी गृह स्वामी द्रुप सिंह को उस समय हुई जब टीपा गांव से लौटने के बाद बुधवार की शाम गेट में ताला खोलने गए । उन्होंने बताया की ताला उनसे नहीं खुला तो उन्होंने आसपास के लोगों और पुलिस दोनो को इसकी जानकारी दी ।

जिसके बाद पुलिस के मैजूदगी में ताला को तोडा गया तो देखा गया की खिडकी ग्रिल टूटा हुआ है। और उपर के फ्लोर के कमरा में रखे अलमारी खुला पडा है। आलमिरा में रखा लगभग 45 लाख रुपए से अधिक की आभूषण व नगदी 50 हजार रुपए नहीं है। गृह स्वामी द्रुप सिंह व भाई दिलिप सिंह ने बताया कि होली के त्योहार में पूरे परिवार के साथ 24 मार्च को घर गये थे। जब होली मना कर बुधवार को लौटा तो देखा की गेट बंद है। लेकिन ताला नहीं खुल रहा है। जिसकी तत्काल जानकारी पुलिस को दिया। पुलिस के मौजूदगी में मुख्य गेट का ताला तोडा गया।

# होली महोत्सव समाप्त होने के साथ हीं चैता गायन हुआ प्रारंभ

**प्रात: किरण संवाददाता**

बिक्रमगंज (रोहतास) : लोक संस्कृति में गीत- संगीत के बहाने ढूंढे जाते रहे हैं । ऐसे में मधुमास कहे जाने वाले चैत की पहचान ही गीत-संगीत से होना अस्वाभाविक नहीं । हम सब सहज ही याद कर सकते हैं कि होली गायन का समापन होली के दिन होता है और इसी के साथ चैता गायन की शुरूआत भी हो जाती है । उतरल फगुनवा चईत चढ़ आइल हो रामा, अमवां में लउकता टिकोरवा, हो रामा । पंचांग के अनुसार चैत्र शुक्ल पक्ष तिथि प्रतिपदा से नया वर्ष शुरू होता है। नई फसल के घर आने का भी यहीं समय होता है।

जिसका उल्लास चैता में स्वर पाता है । चैता गायन की शुरूआत आदि शक्ति के स्मरण के साथ होती है। पहले सुमिरिला आदि भवानी ए रामा कंठे सुरवा। कंठे सुरवा होखना सहईया, ए रामा कंठे सुरवा। इसके बाद भूमि की आराधना की जाती है। स्वभाविक भी है, चैता अमूमन मंच पर नहीं जमीन पर बैठकर ही गाने की परंपरा रही है और जिस भूमि पर बैठकर सुर साधे जा रहे हों, उसका नमन कैसे भूलाया जा सकता। ह्मए रामा, सुमिरींले ठुइयां, सुमिरि माता भुइयां हो रामा, एहीं ठहिएं, आजु चइत हम गाइब हो रामा, एही ठहिएं।

चैत का महीना बहुत से धार्मिक पर्वो एवं भावनाओं से जुड़ा है। वह विविधता चैता में भी दिखती है। इसमें राधा-कृष्ण की भी चर्चा मिलती है, शिव-पार्वती की भी और तमाम लोकगीतों की तरह अपने प्रेम-विरह, सुख-दुख को तो यहां स्वर मिलते ही हैं। हो रामाह्म तो चैता का टेक ही होता है, रामनवमी के दिन चैता गाने का एक विशेष उत्साह भी होता है, जो रामजन्म एवं उनके जीवन की अन्य घटनाओं से संबद्ध रहता है। ह्मरामा चढ़ले चइतवा राम जनमलें हो रामा, घरे-घरे बाजेला अनंद बधइया हो रामा, दशरथ लुटावे अनधन-सोनवा हो रामा, कैकयी लुटावे सोने के मुनरिया हो रामा। यह अपने आप में गायन की अद्भुत परंपरा है, जहां वीर रस और श्रृंगार रस समाहित होते हैं। चैता का कमाल यह है कि नगाड़ा, मृदंग और डफ जैसे वाद्य भी प्रेम का सुर बिखेरते हैं। इसका एक स्वरूप चैती भी है, जो अकेले भी गाई जाती है, लेकिन हमारे तमाम लोक गीतों की तरह चैता की भी विशेषता इसकी सामूहिकता है। हालांकि शायद अब भी कहीं-कहीं औपचारिकता बच रही हो, कुछेक वर्ष पहले कई स्थानों पर सड़कों के किनारे दरी-चादर बिछाकर सैकड़ों लोगों को एक साथ चैता गाते देखा और सुना जा सकता था, अहले सुबह तक। चैता गायन की गति और उत्साह का यही कमाल है कि सारे काम निपटा कर जब रात में गायन की शुरूआत होती तो सूर्योदय कब हो जाता शायद ही लोगों को अहसास हो पाता। चैता का कमाल यह है कि इसके समूह में हर कोई गायक है, हर कोई वादक है। इसके उत्साह का अहसास कोई सिर्फ चैता सुनकर नहीं कर सकते। वास्तव में उस ऊर्जा, आनंद और उत्साह का अहसास बगैर उस समूह का हिस्सा बने नही किया जा सकता।

# रामपुर प्रखंड के निरबिसपुर गांव में पारंपरिक चैता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**प्रात: किरण संवाददाता**

## जिप सदस्य विकास सिंह उर्फ लल्लू पटेल को ग्रामीणों ने मुरेठा बांधकर किया सम्मानित



कैमूर। रामपुर प्रखंड के निरबिसपुर गांव में फाग के मदमस्त महीने में कैमूर जिला पार्षद सदस्य विकास सिंह को ग्रामीणों ने मुरेठा बांधकर सम्मानित किया। फागुन मास समाप्त के दौर के बाद चैत महीना में चैता गीतों का पारंपरिक आनंद का लुफ्त उठाया। चैता प्रोग्राम में दूर दराज एवं आसपास के सैकड़ो ग्रामीणों ने पहुंचकर कलाकारों का उत्साह बढ़ाने का कार्य किया। जिला पार्षद विकास सिंह ने कहा की निरबिसपुर गांव में लंबे वर्षो से चैता का प्रोग्राम होते रहा है। उन्होंने कहा कि पारम्परिक चैता आरंभ होने से अपने बुजुर्गो की इतिहास याद आता है। उक्त अवसर पर डबलू तिवारी, आनंद कुमार दिनकर, सुरेंद्र सिंह सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने चैता का आनंद उठाया।

# चित्रकला जीविकापार्जन का भी है साधन : जितेंद्र कुमार

**प्रात: किरण संवाददाता**



आरा। आयोजित तीन दिवसीय चित्रकला कार्यशाला के दूसरे दिन आज 47 बच्चे-बच्चियों ने भाग लिया। इसमें जाने-माने चित्रकार कौशलेश कुमार अपनी टीम के सदस्यों रूपा कुमारी, रुखसार परवीन एवं मीरा पांडे आदि के साथ रंगों की बारीकियां को समझाया गया। उन्हें प्राथमिक रंग के साथ लाइट टू डार्क एवं कलर सेड के बारे में विस्तार पूर्वक प्रैक्टिकल के साथ बताया गया। रंगो के मौलिक ज्ञान से रूबरू कराया। आज अतिथि के रूप में साहित्यकार जितेंद्र कुमार बच्चों को हौसला बढ़ाने के लिए उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि इस तरह की चित्रकला कार्यशाला से साधनहीन एवं जागरूकता का अभाव वाले बच्चों को चित्रकला के प्रति रुझान बढेगा। एक तरह से देखा जाए तो नई आशा द्वारा आयोजित यह चित्रकला कार्यशाला कला कौशल की प्रतिभा का खोज है। इस तरह का आयोजन बार-बार होने से गरीब बच्चे कला का मर्म समझने के साथ जीविकापार्जन के लिए उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं। भीम सिंह भवेश और चित्रकार कौशलेश कुमार जी के निर्देशन में दलित बच्चों के बीच आयोजित कार्यशाला पूरी तरह सफल है। इन्हें अगर भविष्य में अच्छे अवसर मिले तो इनमें से अच्छे कलाकार निकालेंगे, क्योंकि इनमें प्रतिभा है। स्वाभाविक प्रवृत्ति है चित्र बनाने की। इन्हें अवसर देकर आगे बढ़ाना चाहिए। आज कार्यशाला में बच्चों की संख्या और ज्यादा देखी गई। कल जिस जगह यह कार्यशाला छोड़कर गए थे, आज बच्चे बहुत बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। कलाकारों द्वारा होमवर्क दिया गया था, उसको बहुत शिद्दत से तैयार करके लाए थे। बच्चे बहुत ज्यादा उत्साह में हैं। इनका उत्साह देखते हुए प्रतीत होता है कि है यहाँ आठ से दस दिनों तक कार्यशाला चलनी चाहिए। कल 29 मार्च इस कार्यशाला का आखरी दिन होगा। मौके पर मानस कुमार, सोना कुमारी, अंजली देवी, जय प्रकाश दास, अमन बिहारी आदि थे।

# गंगा घाट में नहाने के क्रम में डूबने से दो युवकों की मौत

बक्सर (शाहाबाद) औद्योगिक थाना क्षेत्र के उमरपुर गंगा घाट पर नदी में स्नान करने के दौरान दो युवकों के डूबने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। घटना के बाद गांव में मातम पसर गया। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। मिली जानकारी के मुताबिक दिग्विजय कुमार के 18 राहुल कुमार और वीरा राम के 19 वर्षीय पुत्र सुजीत कुमार अपने अन्य दोस्तों के साथ होली खेलने के बाद गंगा स्नान करने उमरपुर घाट पर गए थे। स्नान करने के दौरान एक युवक गंगा की गहराई में चला गया। उसे बाचाने के लिए गया दुसरा युवक भी गंगा नदी में डूब गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गयी और लोग युवक को निकालते ग्रामीण। बचाने के लिए गंगा में कूद गए। काफी प्रयास के बाद युवकों को पानी से निकाला गया। ग्रामीणों ने दोनों को सदर अस्पताल पहुंचाया जहां पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद गांव में दोनों युवक के परिवार के साथ पुरे गांव में होली की खुशी गम में बदल गया। मौके पर पहुंचे एसडीओ धीरेन्द्र मिश्रा एवम औद्योगिक थानाध्यक्ष अविनाश कुमार ने बताया की मझरिया के दो युवको का गंगा में डूबने से मौत हो गयी है।

# रॉड से किया वार, युवक की हुई मौत

**प्रात: किरण संवाददाता**

धनसोई (बक्सर) होली की देर रात डीएवी स्कूल के सामने मंगलवार की रात दो लोगों में मारपीट की घटना हुई जिसमे घायल युवक महेश कुमार की उपचार के दौरान मौत हो गई। चिकित्सक की माने तो युवक के सिर में गहरी चोट लगी थी। मृतक महेश कुमार धनसोई निवासी विनोद साह का पुत्र था। वह उत्तर प्रदेश के बलिया में सीए का काम करता था। द्वारका पांडेय के साथ रुपये का लेनदेन था। जिसका तगादा करने वह पहुंचा हुआ था। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने यह स्वीकार किया है कि उसने लोहे के राड से उसे मारा। पुलिस ने इस मामले में आरोपी द्वारका पांडेय को हिरासत में भी ले लिया है। पुलीस से मिली जानकारी के अनुसार मारपीट में घायल युवक के चिल्लाने की आवाज सुनकर घरवाले आए फिर उसे अस्पताल ले गए जहा उसकी मौत हो गई वही पुलीस को भी सूचना देकर शव को पुलीस को सौप दिया गया। इस मामले में पुलीस ने मृतक के परिजनो के ब्यान के बाद परिवार के चार लोगो पर प्राथमिकी दर्ज किया गया है। मुख्य आरोपित गिरफ्तार हो चुका है। घटना की जानकारी मृतक के परिजनो को पुलिस द्वारा रात बारह बजे मिली. सूचना मिलते ही घर की महिलाओ का रो रो कर बुरा हाल हो गया। इसके बाद परिजनो द्वारा अस्पताल पहुंच कर शव की शिनाख्त किया गया। इसके बाद पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा कर परिजनो को सुपुर्द कर दिया।

बताया जाता है कि महेश एक दम शांत स्वभाव लड़का था उसे काम के अलावा कोई नशा नहीं था। अपने माता पिता और परिजनो से भी कम बात किया करता था। इसकी अचानक मौत से परिवार पर दुःख का पहाड़ टूट गया है। मृतक की बहन का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनो के अनुसार महेश बलिया में रह कर जीएसटी से संबंधित कार्य सीए के साथ करता था। अपने पिता का सबसे बड़ा पुत्र था परिजनो का आरोप है कि हत्या में पूरा पांडेय का परिवार शामिल है। इस संबंध में एसपी मनीष कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी आरोपीत के परिजनो के द्वारा ही दी गई है। जो ईलाज के क्रम में मरे युवक को पुलीस को सौप दिया गया एवम आरोपित को भी पुलीस के हवाले किया गया है। एसपी ने बताया कि जांच चल रही है जो भी मामले से जुड़े सही आरोपित होंगे उन्ही पर कार्रवाई होगी।

# हर्ष फायरिंग में जख्मी बच्चा का लंबे ईलाज के बाद मौत

**प्रात: किरण संवाददाता**

## आक्रोशित परिजनों ने शव के साथ ओपी थाना को घेरा

सिमरी (बक्सर) विगत 4 मार्च को तिलक राय के हाता ओपी क्षेत्र गांव के नियाजीपुर गांव में हर्ष फायरिंग के दौरान एक बिट्टू कुमार पिता छोटे लालराम नामक बच्चा को गोली लगने से घायल हो गया था। जिसका ईलाज विगत 20 दिनों से पटना एम्स में चल रहा था। लेकिन मामला तब बिगड़ गया जब ईलाज के दौरान बच्चा की मौत हो गई। तदपश्चात मृतक के परिजन शव को लेकर हाता ओपी पहुंच हंगामा करने लगे। लिहाजा ओपी प्रभारी लालबाबू सिंह ने समझाबुझाकर किसी तरह परिजनों को शांत किया फिर मृतक के शव लेकर परिजन दांह संस्कार के लिए गए उनका आरोप है कि इस प्रकरण में एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है जबकि अन्य आरोपी खुलेआम घूम रहे है। लगभग बीस दिनों से उपर हो गए। मगर पुलिस के गिरफ्त से आरोपियों का बाहर होना ओपी पुलिस के साथ मिलीभगत को दशार्ता नजर आ रहा है।

यदि ओपी पुलिस अगले सात दिनों के अंदर अन्य आरोपियों को गिरफ्तार नहीं करती है तो पुलिस अधीक्षक बक्सर के कार्यालय के बाहर अनिश्चित कालीन धरना दिया जायेगा। बता दें कि नियाजीपुर पूर्व टोला निवासी मोहन पासवान के घर बारात आई हुई थी इसी बीच अवैध हथियार से बराती एवं घराती की ओर से हर्ष फायरिंग किया जा रहा था। बखेड़ा तब बन गया। जब एक बच्चा को पेट में गोली जा लगी। इसके बाद गांव में अफरातफरी चल गई। इस संबंध में ओपी प्रभारी लालबाबू सिंह का कहना है कि मुख्य आरोपी को गिरफ्तार घटना के दिन ही कर लिया गया था लेकिन अन्य आरोपी को गिरफ्तारी के छापेमारी चल रहा है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com


राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, शुक्रवार,29 मार्च, 2024




## अली फजल और ऋचा चड्ढा लॉन्च करेंगे अपना खुद का फैशन ब्रांड

बॉलीवुड कपल अली फजल और ऋचा चड्ढा अपना खुद का फैशन ब्रांड लॉन्च करेंगे, जो स्थानीय कारीगरों पर ज्यादा फोकस करेगा। अपने लेबल के साथ, ये कपल भारतीय संस्कृति में कला के सबसे पुराने रूपों में नई जान डालेगा। कपल का लक्ष्य लखनऊ के स्थानीय कारीगरों का कायाकल्प करना है। इस बारे में एक्ट्रेस ऋचा चड्ढा ने कहा-हम दोनों ने हमेशा जो कुछ भी किया है, उसमें जमीनी स्तर पर लोगों के लिए काम करने का प्रयास किया है। हम हमेशा स्थानीय समुदाय को बढ़ावा देना चाहते हैं। हमारे सामाजिक प्रयास भी कुछ ऐसे होते हैं, जिन्हें हम जमीनी स्तर से कानूनी स्तर तक करने का प्रयास करते हैं। एक्ट्रेस ने आगे कहा, जब हमारे मन में कारीगरों के लिए कुछ करने का विचार आया, खासतौर से लखनऊ के उन लोगों के लिए, जिनके पास कला का भंडार है, तो हम चाहते हैं कि यह लेबल उनके टैलेंट को प्रदर्शित करे। ऋचा ने कहा कि वह और उनके पति हमेशा स्थानीय कारीगरों की कला के कायल रहे हैं, खास तौर से कपड़ों में शानदार कारीगरी से। एक्ट्रेस ने अपने बयान में आगे कहा, आज के दौर में स्थानीय कला लुप्त होती जा रही हैं। टेक्नोलॉजी और बड़े पैमाने पर प्रोडक्शन के हावी होने से कारीगर जीवित रहने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इसलिए हम इसे नया रूप देना चाहते हैं और समुदाय के अपने काम, अपनी कला, अपनी प्रतिभा दिखाने में मदद करना चाहते है।

## अनन्या पांडे ने कहा, वह और आदित्य रॉय कपूर सिर्फ दोस्त नहीं हैं



स्ट्रीमिंग फिल्म खो गए हम कहां में नजर आने वाली एक्ट्रेस अनन्या पांडे ने कहा कि वह और आदित्य रॉय कपूर सिर्फ दोस्त नहीं हैं। एक्ट्रेस को हाल ही में नेहा धूपिया द्वारा होस्ट किए जाने वाले लोकप्रिय चैट शो नो फिल्टर नेहा के छठे सीजन में देखा गया, जहां उन्होंने आशिकी 2 के एक्टर के साथ अपने रिश्ते पर खुलकर बात की। शो के प्रोमो में अनन्या और नेहा को आदित्य के बारे में बात करते हुए देखा जा सकता है। जहां अनन्या कहती हैं कि वह और आदित्य सिर्फ दोस्त नहीं, बल्कि बहुत अच्छे दोस्त हैं।

नेहा धूपिया ने कहा, मुझे कृति सेनन की दिवाली पार्टी में एक तस्वीर खींचने का मौका मिला और लोगों ने उसे जूम करके देखना शुरू कर दिया। क्या आप उस पल के बारे में बात करना चाहती हैं? अनन्या पांडे ने कहा, हम सिर्फ दोस्त नहीं बल्कि बहुत अच्छे दोस्त हैं। मुझे नहीं लगता कि इस बारे में बात करने के लिए बहुत कुछ है। नो फिल्टर नेहा सीजन 6 हर गुरुवार को नए एपिसोड के साथ जियो टीवी और जियो टीवी प्लस पर स्ट्रीम करने के लिए उपलब्ध है।



# इमरान हाशमी और प्रतीक गांधी के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी एक्ट्रेस सई

एक्ट्रेस सई ताम्हणकर ग्राउंड जीरो और अग्नि में एक्टर इमरान हाशमी और प्रतीक गांधी के साथ स्क्रीन शेयर करती नजर आएंगी। एक्ट्रेस ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि वह अपने जैसे लोगों के लिए दरवाजे खोल रही हैं जो अपने सपनों को हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। एक्सेल एंटरटेनमेंट के साथ एक बार फिर से काम करने को लेकर सई ने कहा, यह मेरे लिए बहुत ही शानदार एहसास है, क्योंकि एक्सेल एंटरटेनमेंट उन अग्रणी प्रोडक्शन हाउसों में से एक है जिसके साथ हर कोई काम करना चाहता है। मुझे उनके साथ तीन बार काम करने का मौका मिला, जिसमें डब्बा कार्टेल भी शामिल है। अपने सह-कलाकारों के बारे में बात करते हुए एक्ट्रेस ने इमरान हाशमी और प्रतीक गांधी की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि दोनों ही कलाकार अद्भुत हैं। एक्ट्रेस सई ने कहा, उनके साथ काम करने का सौभाग्य पाकर मैं दर्शकों को वह जादू दिखाने के लिए उत्साहित हूं जो हमने साथ मिलकर बनाया है। यह आश्चर्यजनक लगता है और मुझे आशा है कि मैं अपने जैसे लोगों के लिए दरवाजे खोल रही हूं जो अपने सपने को हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं और मुझे आशा है कि मैं ऐसा करना जारी रखूंगी। ग्राउंड जीरो और अग्नि के अलावा, उनके पास डब्बा कार्टेल भी है, जो इस साल के अंत में नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो जाएगी।

## प्रियामणि ने अजय-शाहरुख के साथ काम करने का अनुभव किया साझा

मैदान इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। फिल्म का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। फिल्म में अजय देवगन के साथ प्रियामणि मुख्य भूमिका में हैं।



प्रियामणि इडंस्ट्री की सफल अभिनेत्रियों में से एक हैं। उन्होंने कई अभिनेताओं के साथ काम किया है। ऐसे में अभिनेत्री ने हाल ही में अजय देवगन और शाहरुख खान के साथ काम करने पर खुलकर बात की। है। प्रियामणि इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म आर्टिकल 370 की सफलता का आनंद ले रही हैं। इसके बाद वह अपनी अगली बॉलीवुड फिल्म मैदान की रिलीज का इंतजार कर रही हैं। हाल ही में एक बातचीत के दौरान उन्होंने अजय देवगन की खूब तारीफ की। अभिनेत्री ने कहा, अजय देवगन बहुत अच्छे हैं। वह पूरी तरह से अलग हैं। वह इतने शानदार अभिनेता हैं कि वह अपनी आंखों से बहुत कुछ कह जाते हैं। मुझे अब भी वह समय याद है जब हमने साथ में शूटिंग की थी।



## रवि दुबे और सरगुन मेहता के प्रोडक्शन के बैनर तले बने शो उडारियां ने पूरे किए 1000 एपिसोड्स

रवि दुबे और सरगुन मेहता द्वारा प्रोड्यूस किया गया उडारियां ने अपने एंटरटेनिंग और दिलचस्प ट्विस्ट और टर्न से व्यूअर्स को अपनी तरफ खींचा है। शो ने दर्शकों को अपनी टेलीविजन स्क्रीन से बांधे रखा है और ऐसे में प्रोड्यूसर कोशिश कर रहे हैं कि दर्शकों को टेलीविजन से जुड़ा हुआ रखें। उडारियां ने अपनी शुरुआत से ही दर्शकों का प्यार और सम्मान हासिल किया है, चाहे वह एक्टर हो या प्रोड्यूसर-रवि दुबे और सरगुन मेहता-सभी को उनकी कड़ी मेहनत और दर्शकों को दिए गए कंटेंट की क्वालिटी के लिए तारीफें मिल रही हैं। उडारियां की शुरुआत 15 मार्च, 2021 को हुई थी। सरगुन मेहता और रवि दुबे के द्वारा प्रोड्यूस, इस प्रोजेक्ट में पहले प्रियंका चाहर चौधरी, ईशा मालवीय, अंकित गुप्ता, ट्विंकल अरोड़ा और हितेश भारद्वाज थे, और अब, लीप के बाद, इसमें अलीशा परवीन खान, अनुराज चहल और अदिति भगत हैं।

### ऐश-अभिषेक ने लिया बड़ा फैसला!

## अब विदेश में रहेगी आराध्या



बॉलीवुड के मोस्ट लविंग कपल ऐश्वर्या राय बच्चन और अभिषेक बच्चन साल 2007 में शादी की थी। कपल ने 2011 में प्यारी सी बेटी आराध्या का स्वागत किया था। आराध्या के जन्म के बाद से ही ऐश्वर्या अपनी लाडली की परवरिश पर ध्यान दे रही हैं।

ऐश ने अपनी लाडली को बेहद ही अच्छे संस्कार दिए हैं। वह जहां भी जाती हैं आराध्या को साथ लेकर जाती हैं। वहीं अब खबरें आ रही हैं कि बच्चन फैमिली की जान यानि आराध्या उन्हें छोड़कर विदेश जा रही हैं। जी हैं..रिपोर्ट के अनुसार, ऐश्वर्या राय बच्चन और अभिषेक बच्चन की लाडली अपनी पढ़ाई के लिए लंदन या न्यूयॉर्क जा सकती हैं।

खबर के मुताबिक सुत्र ने बताया ऐश्वर्या राय बच्चन और अभिषेक बच्चन ने अपनी बेटी आराध्या के लिए एक स्पेशल होली पार्टी की मेजबानी की। स्टार्स के एक करीबी सूत्र ने पोर्टल को बताया कि इस साल की होली आराध्या के लिए भारत में रंगों का आखिरी त्योहार हो सकती है, क्योंकि वह अपनी आगे की पढ़ाई के लिए विदेश जा सकती हैं। सूत्र के मुताबिक आराध्या धीरूभाई अंबानी स्कूल में पढ़ रही हैं और परीक्षा पूरी करने के बाद वह 10वीं कक्षा में होंगी।

आराध्या आगे की पढ़ाई के लिए लंदन या न्यूयॉर्क शिफ्ट हो जाएंगी। हमें नहीं पता कि वह कब यात्रा करेंगी लेकिन यह तय है कि उनके माता-पिता उन्हें विदेश भेजना चाह रहे हैं। सूत्र ने कहा- ऐश्वर्या ने अपने दोस्तों व परिवार के लिए होली पार्टी की मेजबानी की और इसमें मुख्य रूप से आराध्या के दोस्त भी शामिल थे। सभी ने अपने दिन का भरपूर आनंद लिया। होली आराध्या के पसंदीदा उत्सवों में से एक है और इंटरनेट पर वायरल हो रही तस्वीरें साबित करती हैं कि उन्हें यह त्योहार मनाना बहुत पसंद है। अब आराध्या के विदेश जाने में कितनी सच्चाई है ये जल्द पता चल जाएगा।

## फातिमा ने बॉलीवुड में पूरे किए 8 साल

2016 में आमिर खान स्टारर दंगल से डेब्यू करने वाली एक्ट्रेस फातिमा सना शेख ने बॉलीवुड इंडस्ट्री में आठ साल पूरे कर लिए हैं। उन्होंने अपने एक्टिंग करियर में लूडो, अजीब दास्तां, थार, धक धक और सैम बहादुर जैसी शानदार फिल्में की हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि वह भाग्यशाली हैं कि उन्हें इंडस्ट्री में काम करने का मौका मिला। अपनी एक्टिंग जर्नी के बारे में बात करते हुए फातिमा ने आईएएनएस से कहा, मैं बहुत भाग्यशाली महसूस कर रही हूं। बहुत से लोगों के लिए इंडस्ट्री में आना अभी भी सपना बना हुआ हैं। मैं खुद को सौभाग्यशाली मानती हूं कि मुझे यह अवसर मिला। मैंने ऑडिशन दिया और मेरी कड़ी मेहनत रंग लाई, मुझे कई शानदार फिल्में मिलीं। चाहे दंगल की गीता फोगाट हो या सैम बहादुर में शशि कुमार यादव, या फिर पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका, फातिमा ने हमेशा स्क्रीन पर सशक्त महिलाओं का किरदार बेहतरीन तरीके से निभाया है। एक्ट्रेस ने कहा, ऐसे किरदार मुझे उत्साहित करते हैं। मैं किरदारों के साथ एक्सपेरिमेंट करते रहना चाहती हूं। एक्सप्लोर करना चाहती हूं लेकिन अगर मैं किसी रोल या करेक्टर या ग्राफ के बारे में एक्साइटिड नहीं हूं तो मैं उस पर बिल्कुल भी समय खर्च नहीं करती। एक्ट्रेस जल्द ही मेट्रो..इन दिनों और उल जलूल इश्क में नजर आएंगी।



## मैं अपने बच्चों की सबसे अच्छी दोस्त हूं: रवीना

शो पटना शुक्ला में नजर आने वाली एक्ट्रेस रवीना टंडन ने कहा कि वह अपने बच्चों की सबसे अच्छी दोस्त हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि मुझे इससे अपने अपकमिंग शो में अपने ऑन-स्क्रीन बेटे के साथ रिश्ता बनाने में मदद मिली। तन्वी शुक्ला का किरदार निभाने वाली रवीना टंडन ने कहा, फिल्म में एक सीन है जहां तन्वी का बेटा अपना लंचबॉक्स भूल जाता है, वह उसे पहुंचाने के लिए स्कूल बस का पीछा करती है। मुझे लगता है कि यह एक ऐसा दृश्य है जिससे हर मां जुड़ाव महसूस करेगी। उन्होंने कहा, हर घर में सुबह व्यस्तता रहती है, लेकिन एक मां उस अव्यवस्था को तोड़कर अपने बच्चों के लिए आगे आती है और यह कुछ ऐसा है जो मैंने व्यक्तिगत रूप से तब किया है जब मेरे बच्चे स्कूल जाते थे।इसके बाद उन्होंने अपनी बेटी रिशा और बेटे रणबीर के साथ अपने रिश्ते पर खुलकर बात की। एक्ट्रेस ने कहा, मैं अपने बच्चों की सबसे अच्छी दोस्त हूं, और शो में मेरा किरदार तन्वी भी ऐसी ही है। पटना शुक्ला के साथ उस केमिस्ट्री को पर्दे पर लाने से मेरी अपने बच्चों से जुड़ी कुछ यादें ताजा हो गईं। मुझे यकीन है कि दर्शक तन्वी और उनके बेटे की दोस्ती को महसूस करेंगे। पटना शुक्ला शो एक निडर वकील पर आधारित है जो एक छात्रा को शिक्षा घोटाले में फंसता देखकर मामले को अपने हाथों में ले लेती है और जल्द ही उसे एहसास होता है कि वह एक व्यक्ति के खिलाफ खड़ी है जो सीएम का उम्मीदवार है' पटना शुक्ला 29 मार्च से डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर प्रसारित होगी।





## चंदू चैंपियन के लिए कार्तिक ने ली 14 महीने की बॉक्सिंग ट्रेनिंग

बॉलीवुड स्टार कार्तिक आर्यन जल्द ही अपकमिंग स्पोर्ट्स ड्रामा चंदू चैंपियन में नजर आएंगे। एक्टर ने इस फिल्म की तैयारी के लिए 14 महीने तक बॉक्सिंग की ट्रेनिंग ली। एक्टर फिल्म में पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता की भूमिका में नजर आएंगे। अपने किरदार में पूरी तरह ढलने के लिए कार्तिक ने एक सख्त फिटनेस गाइडलाइन का पालन किया। इसके लिए एक्टर ने अपना 20 किलो तक वजन भी कम किया। इसके साथ ही उन्होंने अपने खाने-पीने का भी ध्यान रखा, जिसमें उन्होंने चीनी को पूरी तरह से छोड़ दिया। फिल्म का कैनवास भी काफी बड़ा है। इसकी शूटिंग भारत और यूके में की गई है। यह पहली बार है जब एक्टर ने इतनी शारीरिक रूप से मांग वाली भूमिका में कदम रखा है, यह देखते हुए कि यह मुरलीकांत पेटकर पर आधारित है। चंदू चैंपियन का निर्देशन बजरंगी भाईजान, एक था टाइगर, न्यूयॉर्क और 83 जैसी फिल्मों के लिए मशहूर कबीर खान ने किया है। सत्यप्रेम की कथा पर उनके आखिरी सफल सहयोग के बाद निर्माता साजिद नाडियाडवाला के साथ कार्तिक फिर वापस आए हैं। साजिद नाडियाडवाला और कबीर खान द्वारा संयुक्त रूप से निर्मित, चंदू चैंपियन 14 जून, 2024 को सिनेमाघरों में आने के लिए तैयार है।




## संक्षिप्त समाचार

### मार्च में 90 फीसदी घट सकता है सोने का आयात, रिकॉर्ड उच्च कीमतों से घटी मांग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश का सोना आयात फरवरी, 2024 के मुकाबले मार्च में 90 फीसदी से अधिक घटकर कोरोना महामारी के बाद से अपने निचले स्तर पर पहुंच जाएगा। एक सरकारी अधिकारी और दो बैंक डीलरों ने बताया कि बहुमूल्य धातु की रिकॉर्ड उच्च कीमतों की वजह से मांग प्रभावित हुई है। इससे बैंकों ने सोने की खरीदारी में कटौती की है, जिससे आयात में बड़ी गिरावट आ सकती है। एक सरकारी अधिकारी ने बताया कि भारत ने फरवरी में 110 टन सोने का आयात किया था। मार्च में यह घटकर 10-11 टन पर सीमित रह सकता है। सोने के दूसरे सबसे बड़े उपभोक्ता भारत के कम आयात से वैश्विक स्तर पर बहुमूल्य धातु की कीमतों में तेजी सीमित रह सकती है, जो इस माह की शुरुआत में रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई थी। आयात में गिरावट से भारत को व्यापार घाटा कम करने में मदद मिलेगी। साथ ही, रुपये को भी समर्थन मिल सकता है। जूलर्स 35 डॉलर प्रति औंस से अधिक छूट के बाद भी सोना नहीं खरीद रहे हैं क्योंकि रिकॉर्ड उच्च कीमतों पर आयात करने व मांग बढ़ने की प्रतीक्षा करने का कोई कारण नहीं है। ग्राहक ऊंची कीमतों के कारण सोने के पुराने आभूषणों को नए से बदल रहे हैं, जिससे जूलर्स ने बैंकों से सोना खरीदना बंद कर दिया है। वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में तेजी से बुधवार को दिल्ली सराफा बाजार में सोना 150 रुपये महंगा होकर 67,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ।चांदी 250 रुपये सस्ती होकर 77,250 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई।पिछले कारोबारी सत्र में सोना 66,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव बंद हुआथा। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना मजबूती के साथ 2,180 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुआ।


### कोटक महिंद्रा बैंक ने 537 करोड़ रुपए में सोनाटा फाइनेंस का किया अधिग्रहण

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कोटक महिंद्रा बैंक ने 537 करोड़ रुपए में एनबीएफसी सोनाटा फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड का अधिग्रहण कर लिया है। बैंक ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया, ''बैंक ने आज एक गैर-बैंकिंग वित्त कंपनी सोनाटा फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड (एनबीएफसी) की जारी तथा भुगतान की गई पूंजी का 100 प्रतिशत करीब 537 करोड़ रुपए में हासिल कर लिया है। यह सूक्ष्म वित्त संस्था आरबीआई के साथ पंजीकृत है। सोनाटा 549 शाखाओं के जरिए 10 राज्यों में काम कर रहा है। इसका 31 दिसंबर 2023 तक 'एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) करीब 2,620 करोड़ रुपए था। सोनाटा इस अधिग्रहण के साथ कोटक बैंक की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी बन गई है।

### एसबीआई के करोड़ों ग्राहकों को झटका, 1 अप्रैल से बढ़ जाएगा डेबिट कार्ड पर चार्ज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक भारतीय स्टेट बैंक ने करोड़ों ग्राहकों को झटका दिया है। दरअसल एसबीआई ने अपने विभिन्न डेबिट कार्ड के लिए सालाना मेंटनेंस चार्ज को बढ़ाने का ऐलान किया है, जो अगले सप्ताह से प्रभावी होने वाला है। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की आधिकारिक वेबसाइट पर दी गई जानकारी के अनुसार, विभिन्न डेबिट कार्ड के मामले में एनुअल मेंटनेंस चार्ज में 75 रुपए तक की बढ़ोतरी की जा रही है। डेबिट कार्ड के नए एनुअल मेंटनेंस चार्ज 1 अप्रैल 2024 से प्रभावी होंगे। देश में करोड़ों लोग एसबीआई के डेबिट कार्ड का इस्तेमाल करते हैं। एसबीआई ग्राहकों की संख्या के हिसाब से देश का सबसे बड़ा बैंक भी है। एसबीआई के क्लासिक, सिल्वर, ग्लोबल, कॉन्टैक्टलेस डेबिट कार्ड के मामले में अब ग्राहकों को मेंटनेंस चार्ज के रूप में 200 रुपए प्लस जीएसटी का भुगतान करना होगा।

# दिल्ली में प्रॉपर्टी टैक्स की रिकवरी 2,000 करोड़ रुपए के पार




**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली नगर निगम के प्रॉपर्टी टैक्स विभाग की रिकवरी 2,000 करोड़ रुपये के पार पहुंच गई है। अभी तक 11.85 लाख प्रॉपर्टी मालिक अपने प्रॉपर्टी टैक्स का भुगतान कर चुके हैं। विभाग को उम्मीद है कि पिछले साल जितना प्रॉपर्टी टैक्स मिला था, 31 मार्च तक उतना टैक्स आ जाएगा। इससे प्रॉपर्टी टैक्स कलेक्शन पिछले साल के टारगेट के आसपास पहुंचा सकता है। प्रॉपर्टी टैक्स विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, सरकारी विभागों के अलावा बड़े टैक्सपेयर्स पर अब भी सैकड़ों करोड़ का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है। ज्यादातर लोग स्कीम का इंतजार करते रहे, लेकिन इस बार कोई स्कीम नहीं लाई गई। इस वजह से लोग अपना प्रॉपर्टी टैक्स जमा नहीं करा पाए। उन्हें उम्मीद है कि आखिरी दिनों में बाकी बचे हुए टैक्सपेयर अपने प्रॉपर्टी टैक्स का भुगतान कर देंगे। विभाग ने बताया कि पिछले कुछ दिनों में सीपीडब्ल्यूडी, पीडब्ल्यूडी और दिल्ली मेट्रो से अच्छा खासा प्रॉपर्टी टैक्स मिला है। तब कहीं जाकर आंकड़ा 2,000 करोड़ के पार पहुंच पाया।

प्रॉपर्टी टैक्स विभाग ने हर जोन में तैनात इंस्पेक्टर्स को पांच-पांच कैंप लगाने का आदेश दिया था ताकि कैंप में आकर ज्यादा से ज्यादा लोग अपने प्रॉपर्टी टैक्स का भुगतान कर सकें। कैंप लगाने में किसी तरह के फर्जीवाड़े की संभावना को देखते हुए हेड क्वॉर्टर ने कैंप की वीडियो भेजने का आदेश भी दिया था। एमसीडी ने इस बार 3,500 करोड़ टैक्स रिकवरी का टारगेट रखा है। अधिकारियों का कहना है कि इस टारगेट तक पहुंचना मुश्किल है लेकिन उनकी कोशिश रहेगी कि 31 मार्च तक पिछले साल के टारगेट (2400 करोड़) तक पहुंचा जा सके। पिछले साल 13.29 लाख लोगों ने प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराया था। प्रॉपर्टी टैक्स की वसूली के लिए प्रॉपर्टी टैक्स विभाग ने अपने इंस्पेक्टरों को एक्टिव करने की योजना बनाई थी। एक इंस्पेक्टर को अपने इलाके में कम से कम पांच कैंप लगाने के लिए कहा था।

### शनिवार-रविवार को भी खुले रहेंगे ऑफिस

2 जोन में प्रॉपर्टी टैक्स विभाग के 150 से अधिक इंस्पेक्टर तैनात हैं। इस तरह 15 दिन के भीतर लगभग 600 कैंप लगाने की योजना है। अधिकारियों का कहना है कि इलाके की आरडब्ल्यूए, मार्केट असोसिएशन और ग्रुप हाउसिंग सोसायटीज के सहयोग से लगाए जाने वाले कैंपों के माध्यम से इतनी धनराशि अवश्य आ जाएगी जिससे पिछले साल के टारगेट तक आसानी से पहुंचा जा सकेगा। इसलिए प्रॉपर्टी टैक्स विभाग ने 31 मार्च तक शनिवार और रविवार को भी अपने ऑफिस खुले रखे हैं।

## कल्याणी ग्रुप में संपत्ति पर विवाद गहराया, भांजा-भांजी पर मानहानि का मुकदमा करेंगे बाबा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश की अमीर परिवारों में शामिल कल्याणी ग्रुप में विवाद लगातार गहराता जा रहा है। ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी भारत फोर्ज के चेयरमैन बाबा कल्याणी के खिलाफ उनके भांजे समीर हिरेमठ और भांजी पल्लवी स्वादी ने एक मुकदमा दायर कर परिवार की संपत्ति में हिस्सा मांगा है। इस बीच कल्याणी ग्रुप समीर हिरेमठ और पल्लवी स्वादी के खिलाफ एक मानहानि मुकदमा दायर करने की योजना बना रहा है। ग्रुप का कहना है कि बाबा कल्याणी पर लगाए गए आरोप बेबुनियाद हैं और इनका मकसद उनकी छवि खराब करना है। समीर और पल्लवी ने कल्याणी परिवार की कुल संपत्ति में नौवां हिस्सा मांगा है। कल्याणी ग्रुप की कंपनियों का मार्केट कैप 60,000 करोड़ रुपये से अधिक है। इसमें भारत फोर्ज का मार्केट कैप 51,722 करोड़ रुपये है। कल्याणी ग्रुप के एक प्रवक्ता ने कहा कि यह हैरानी की बात है कि याचिकाकर्ताओं ने 20 मार्च को पुणे सिविल कोर्ट में मुकदमा दायर किया और अनुचित तरीके से मुकदमे की एक प्रति पहले मीडिया को सौंप दी। डिफेंडेंट्स को नोटिस मिलने या अदालत में सुनवाई के लिए मामला स्वीकार किए जाने से पहले ही इसकी कॉपी मीडिया को सौंप दी गई। यह याचिकाकर्ताओं के दुर्भावनापूर्ण इरादे को दर्शाता है। उनका मकसद बाबा कल्याणी, उनके परिवार और ग्रुप की छवि को बदनाम करना है। जैसे ही हमें इस मामले में अदालत से नोटिस मिलेगा, हम अदालत में अपनी बात रखेंगे। साथ ही हम उन लोगों के खिलाफ भी मानहानि मुकदमा दायर करेंगे जो हमारी छवि को धूमिल करने की कोशिश कर रहे हैं।

### क्या है मामला

समीर और पल्लवी की मां सुगंधा हिरेमठ का पहले ही अपने भाई बाबा कल्याणी के साथ विवाद चल रहा है। यह मामला केमिकल कंपनी हिकल के मालिकाना हक से जुड़ा है। समीर और पल्लवी ने अपनी याचिका में कहा है कि उनके नाना के निधन के बाद बाबा कल्याणी परिवार की संपत्ति को मैनेज कर रहे हैं। लेकिन उन्होंने परिवार की चल और अचल संपत्तियों के बारे में कोई जानकारी साझा नहीं की है। उनकी दलील है कि ग्रुप की नींव उनके परनाना ने रखी थी और उनके नाना ने इसे ऊंचाइयों पर पहुंचाया। बाबा कल्याणी ने भी ग्रुप और परिवार की संपत्तियों का विस्तार किया।
कल्याणी ग्रुप के प्रवक्ता ने कहा, हम आरोपों का स्पष्ट रूप से खंडन करते हैं। हमारा कहना है कि याचिका में जो आरोप लगाए गए हैं वे तथ्यात्मक रूप से गलत और निराधार हैं। याचिका में जो दावे किए गए हैं, वे अन्य कानूनी कार्यवाही में याचिकाकर्ता परिवार के रुख के अनुरूप नहीं हैं। पद्म भूषण से सम्मानित 75 साल के बाबा कल्याणी ने भारत में इंजीनियरिंग उद्योग के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। भारत फोर्ज की स्थापना 1966 में उनके पिता ने की थी लेकिन इसे ऊंचाइयों पर पहुंचाने का श्रेय बाबा कल्याणी को जाता है। यह कंपनी ऑटो और एयरोस्पेस कंपोनेंट बनाने वाली दुनिया की दो प्रमुख कंपनियों में शामिल है।

## कुछ फिनटेक कंपनियों के खिलाफ जांच कर रहा प्रतिस्पर्धा आयोग

### चेयरपर्सन बोलीं- फिल्म उद्योग पर है नजर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) कुछ फिनटेक कंपनियों के खिलाफ जांच कर रहा है। साथ ही, प्रतिस्पर्धी डिजिटल बाजार सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम भी उठा रहा है। सीसीआई की प्रमुख रवनीत कौर ने कहा, जांच में हम देख रहे हैं कि फिनटेक कंपनियां कैसे प्रौद्योगिकी का लाभ उठा रही हैं और क्या इसके जरिये वे बाजार में प्रतिस्पर्धा को प्रभावित कर रही हैं? उन्होंने इस संबंध में और जानकारी दिए बिना कहा, नियामक फिल्म उद्योग खासकर फिल्म वितरकों से संबंधित कुछ मामलों को भी देख रहा है।

सीसीआई चेयरपर्सन ने कहा, प्रतिस्पर्धा कानून को लेकर विभिन्न इकाइयों के बीच जागरूकता बढ़ी है। हमारा ध्यान 'विनियमन और स्वतंत्रता के बीच सही संतुलन बनाने' पर है। नियामक का ध्यान बड़ी तकनीकी कंपनियों के साथ फिनटेक और ऑनलाइन मध्यस्थ सेवा प्रदाताओं सहित विभिन्न क्षेत्रों पर है। उन्होंने कहा, यह सब विनियमन व स्वतंत्रता के बीच सही संतुलन बनाने को लेकर है। इससे यह सुनिश्चित होता है कि बाजार प्रतिस्पर्धी बना रहे और यह सभी संबद्ध पक्षों के लिए निष्पक्ष रूप से काम करे।




**स्वस्थ प्रतिस्पर्धा से आर्थिकी पर पड़ेगा सकारात्मक असर:** कौर ने कहा, बाजार खराब करने की गतिविधियों को दूर करने और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने से अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। नवाचार को गति मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा, आयोग डिजिटल बाजार से जुड़े मामलों में तेजी ला रहा है। यह अधिक पारदर्शी और निष्पक्ष डिजिटल बाजार सुनिश्चित करेगा। हालांकि, नियामकीय परिदृश्य को लेकर कानूनी चुनौतियां भी हैं। हमारा ध्यान एक ऐसा परिवेश बनाने पर रहता है, जहां प्रतिस्पर्धा हो।

**गूगल पर सख्ती से आया है बदलाव:** गूगल के खिलाफ सीसीआई के एक महत्वपूर्ण फैसले के बाद बाजार पर पड़े असर के बारे में पूछने पर सीसीआई प्रमुख ने कहा, बहुत बदलाव आया है। कंपनियों को एहसास हो रहा है कि वे प्रतिस्पर्धा रोधी गतिविधियों में शामिल होकर बच नहीं सकती हैं।

### भारतीय गेमिंग बाजार का राजस्व 2028 तक दोगुना होकर छह अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत सबसे तेजी से बढ़ने वाला मोबाइल गेमिंग बाजार है और इस उद्योग का वार्षिक राजस्व 2023 के 3.1 अरब डॉलर से लगभग दोगुना होकर 2028 तक छह अरब डॉलर हो सकता है। इंटरएक्टिव एंटरटेनमेंट एंड इनोवेशन काउंसिल (आईईआईसी) और ऑनलाइन गेमिंग कंपनी विंजो की एक संयुक्त रिपोर्ट में बुधवार को यह बात कही गई। आईईआईसी विश्लेषण और द्वितीयक आंकड़ों के आधार पर 'इंडिया गेमिंग रिपोर्ट 2024 के तहत 2023 में गेम के लिए भुगतान करने वाले 14.4 करोड़ उपयोगकर्ताओं की तुलना में 2028 में यह संख्या 24 करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है।

## सोनालीका ने ट्रैक्टर उद्योग में पहली बार पेश किया एक देश, एक ट्रैक्टर कीमत

### साथ ही लॉन्च किया शक्तिशाली सिकंदर डीएलएक्स डीआई 60 टॉर्क प्लस मल्टी-स्पीड ट्रैक्टर



**नई दिल्ली एजेंसी।** भारत से ट्रैक्टर एक्सपोर्ट में नंबर 1 ब्रांड, सोनालीका ट्रैक्टर्स कृषि मशीनीकरण की दिशा में एक परिवर्तनकारी रास्ता अपनाने के लिए उत्साहित है और अपनी नवीनतम पहल एक देश, एक ट्रैक्टर कीमत पेश कर दी है। भारत में अपने हैवी ड्यूटी ट्रैक्टर रेंज का विस्तार करते हुए, सोनालीका ने अपना नवीनतम सिकंदर डीएलएक्स डीआई 60 टॉर्क प्लस मल्टी-स्पीड ट्रैक्टर एक विशेष कीमत रु 8,49,999 (एक्स-शोरूम) पर पेश किया है। कठोर मिट्टी में भी शानदार प्रदर्शन के लिए बेहतरीन टॉर्क देने के साथ डिज़ाइन किया गया, यह श्रेणी में सबसे बड़े इंजन और हर तरह के अनुप्रयोगों के दौरान ज़बरदस्त प्रदर्शन के लिए 10 डीलक्स खूबियों से लैस है। सोनालीका की हैवी ड्यूटी ट्रैक्टर रेंज में जुड़ा ये नवीनतम ट्रैक्टर भी पंजाब के होशियारपुर में स्तिथ कंपनी के विश्व नंबर 1 ट्रैक्टर प्लांट से तैयार किया जाएगा। सोनालीका का नवीनतम लॉन्च - सिकंदर डीएलएक्स डीआई 60 टॉर्क प्लस मल्टी स्पीड ट्रैक्टर - कंपनी की बहुप्रशंसित सिकंदर डीएलएक्स श्रृंखला में एक ज़बरदस्त बढ़ावा देगा। सोनालीका की विरासत को आगे बढ़ाते हुए, नए ट्रैक्टर के साथ कंपनी ने श्रेणी में सबसे बड़ा 4 सिलेंडर 4,709 सीसी एचडीएम इंजन दिया है जो बेजोड़ 275 एनएम टॉर्क देता है। उन्नत 12एफ+12आर मल्टी-स्पीड शटल-टेक ट्रांसमिशन और बेहतर 5जी हाइड्रोलिक्स के साथ, यह 2,200 किलोग्राम की लिफ्ट क्षमता और 140+ सेटिंग्स के साथ आता है। एलइडी डीआरएल हेडलाइट, एलइडी टेल लाइट, प्रो+ बंपर, डीलक्स सीट और पावर स्टीयरिंग के साथ, सोनालीका सिकंदर डीएलएक्स डीआई 60 टॉर्क प्लस मल्टी-स्पीड ट्रैक्टर विभिन्न भारतीय कृषि आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किए गए कई अनुप्रयोगों और उपकरणों के लिए एक उत्तम समाधान होगा। नए लॉन्च पर अपने विचार साझा करते हुए, श्री रमन मित्तल, जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर, इंटरेनशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड, ने कहा, हम अपनी नवीनतम पहल एक देश, एक ट्रैक्टर कीमत लॉन्च करने और अपने ट्रैक्टर उद्योग में गेम चेंजिंग पहल - सोनालीका सिकंदर डीएलएक्स डीआई 60 टॉर्क प्लस मल्टी-स्पीड - पेश करने के लिए उत्साहित हैं जो किसानों को सर्वश्रेष्ठ परिणाम देते हुए लचीलापन प्रदान करेगा।

## अडानी ने 1.2 अरब डॉलर में मुंद्रा स्थित तांबा संयंत्र के पहले चरण का परिचालन किया शुरू

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उद्योगपति गौतम अडानी नीत समूह ने गुजरात के मुंद्रा में दुनिया के सबसे बड़े एकल-स्थान तांबा विनिर्माण संयंत्र का पहला चरण शुरू करने की बृहस्पतिवार को घोषणा की। कच्छ कॉपर, समूह की प्रमुख कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड की अनुषंगी कंपनी है। कंपनी ने एक बयान में कहा, '' ग्राहकों को कैथोड की पहली खेप भेजकर ग्रीनफील्ड कॉपर रिफाइनरी के पहले चरण का (लागत 1.2 अरब डॉलर में) परिचालन शुरू किया गया। बयान के अनुसार, सुविधा के पहले चरण का संचालन शुरू हो गया है। इसमें प्रति वर्ष पांच लाख टन परिष्कृत तांबे का उत्पादन होगा। वित्त वर्ष 2029 (मार्च 2029) तक इसके पूरी तरह चालू होने पर 10 लाख टन तांबे का उत्पादन करने की उम्मीद है। भारत, चीन और अन्य देशों की सूची में शामिल हो गया है जो तेजी से तांबे का उत्पादन बढ़ा रहे हैं। यह जीवाश्म ईंधन का इस्तेमाल कम करने के लिए महत्वपूर्ण धातु है। ऊर्जा बदलाव के लिए महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों जैसे इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी), चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर, सौर फोटोवोल्टिक्स (पीवी), पवन और बैटरी सभी में तांबे की आवश्यकता होती है। अडानी एंटरप्राइजेज दो चरणों में 10 लाख टन क्षमता का संयंत्र लगा रही है। अडानी समूह के चेयरमैन गौतम अडानी ने कहा, ''कच्छ कॉपर (तांबा संयंत्र) का परिचालन शुरू होने के साथ अडानी समूह न केवल धातु क्षेत्र में प्रवेश कर रहा है, बल्कि भारत को एक स्थायी तथा आत्मनिर्भर भविष्य की ओर ले जा रहा है। उन्होंने कहा, ''इस महत्वाकांक्षी, भव्य-आकार की परियोजना को पूरा करने की हमारी गति भारत को वैश्विक तांबा क्षेत्र में अग्रणी बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। हमारा मानना है कि घरेलू तांबा उद्योग परिपक्व पर्यावरणीय प्रबंधन के साथ हमारे हरित बुनियादी ढांचे को मजबूत करके 2070 तक हमारे देश के कार्बन तटस्थता के लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। चालू होने पर हमारा आधुनिक 'स्मेल्टर नवीन हरित प्रौद्योगिकी पर अधिक जोर देने के साथ, तांबे के उत्पादन में नए मानक स्थापित करेगा।

## ऑटोमोबाइल कंपनियां अपने इस प्रोडक्ट्स के लिए खोल रहीं अलग शोरूम

### मिल रहा एक्स्ट्रा रेवेन्यू



**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑटोमोबाइल कंपनियां अपने डीलरशिप नेटवर्क को ज्यादा प्रीमियम बनाने में जुटी हुई हैं। इससे भी आगे बढ़कर कुछ ऑटोमोबाइल कंपनियों ने अपने प्रीमियम प्रोडक्ट्स के लिए अलग से शोरूम भी खोले हैं, जहां पर वो अपने प्रीमियम प्रोडक्ट की बिक्री कर रही हैं। इनके जरिए कंपनियां न सिर्फ अपने कस्टमर्स को एक लग्जरी एक्सपीरियंस देना चाहती हैं, बल्कि यहां जो एक्सेसरीज और अपैरल्स बिक रहे हैं उनसे कुछ एक्स्ट्रा रेवेन्यू भी जेनरेट हो रहा है। इसकी शुरुआत मारुति सुजकी ने की थी। 2015 में कंपनी ने अपनी प्रीमियम और ज्यादा कीमत वाली गाड़ियों को बेचने के लिए नेक्सा नाम से एक्सक्लूसिव शोरूम खोलने शुरु किए थे। आज ये लगभग 200 से ज्यादा शहरों में ऑपरेट हो रहे हैं और कंपनी की 10 लाख से ज्यादा प्रीमियम गाड़ियां इसके जरिए बेची जा चुकी हैं। सस्ती और छोटी कारों वाली कंपनी की इमेज से मारुति को निकालने में नेक्सा ने बड़ा रोल निभाया है।

मारुति सुजुकी के बाद कोई और फोर-वीलर कंपनी ने अलग प्रीमियम शोरूम का रास्ता नहीं पकड़ा। लेकिन टू-वीलर कंपनियां इस मामले में तेजी दिखा रही हैं। यामाहा मोटर्स अपनी प्रीमियम डीलरशिप को ब्लू स्क्वॉयर के नाम से चलाती है। कंपनी ने हाल ही में ऐलान किया है कि उसके ब्लू स्क्वायर आउटलेट्स की संख्या 300 को पार कर चुकी है। यहां कंपनी आर3, एमटी-03 और एइआरओएक्स 155 जैसे प्रोडक्ट के अलावा अपनी सुपरबाइक्स की बिक्री करती है। साथ ही यहां कंपनी की अपैरल्स और एक्सेसरीज भी मिलती हैं।

### प्रीमियम प्रोडक्ट्स की बिक्री

इसी तरह से होंडा ने अपनी डीलरशिप को दो हिस्सों में बांट रखा है। रेड विंग में मास सेगमेंट के टू-वीलर्स बिकते हैं और गोल्ड विंग के जरिए कंपनी अपने प्रीमियम प्रोडक्ट्स की बिक्री करती है। कंपनी के इंडिया में 6000 से ज्यादा रेड विंग आउटलेट्स हैं। होंडा के बिग विंग के 135 आउटलेट्स हैं। रायल एनफील्ड और जावा जैसी कंपनियों के पास मास सेगमेंट प्रोडक्ट नहीं हैं इसलिए उन्होंने अपने मौजूदा शोरूम्स को ही अपग्रेड करके प्रीमियम लुक दिया है और यहां से कंपनी के ब्रैंडेड कपड़ों और एक्सेसरीज की बिक्री भी करती हैं।

## गोदरेज एंड बॉयस ने डाई पैरामीटर मॉनिटरिंग के लिए पेश की स्मार्ट कनेक्टेड डाई कास्टिंग डाई

**मुंबई एजेंसी।** गोदरेज एंड बॉयस, गोदरेज समूह की प्रमुख कंपनी ने घोषणा की कि उसके व्यवसाय गोदरेज टूलिंग ने स्मार्ट कनेक्टेड डाई कास्टिंग डाई का अनावरण किया है। यह एक पेटेंट तकनीक है जो वास्तविक समय के डाई मापदंडों की निगरानी में क्रांतिकारी बदलाव लाती है। इस अभिनव समाधान का उद्देश्य गैर-अनुरूपता की चेतावनी देकर और डाई कास्टिंग उत्पादन में विफलताओं की भविष्यवाणी करके ब्रेकडाउन को कम करना है। भारतीय डाई कास्टिंग में यह मील का पत्थर एक स्वदेशी समाधान प्रदान करता है जो दक्षता को बढ़ाता है। डाई लाइफ में 10 प्रतिशत की वृद्धि, प्रति पीस 10 प्रतिशत लागत में कमी और कम अस्वीकृति के साथ, यह एक महत्वपूर्ण उद्योग उन्नति का संकेत देता है। पारंपरिक डाई कास्टिंग निगरानी पद्धतियाँ लंबे समय से केवल मशीन-साइड मापदंडों पर निर्भर होने के कारण सीमित रही हैं, जो निरंतर भाग गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण डाई-संबंधित कारकों की अनदेखी करती हैं। इस अंतर को पहचानते हुए, गोदरेज टूलिंग ने स्मार्ट कनेक्टेड डाई कास्टिंग डाई विकसित की। यह सिस्टम डाई के भीतर तापमान और दबाव मापदंडों को कैप्चर करता है, जो निरंतर गुणवत्ता बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण है। ऐतिहासिक रूप से, उत्पादन दोषपूर्ण भागों के साथ तब तक जारी रहा जब तक कि मैन्युअल निरीक्षण या गंभीर ब्रेकडाउन नहीं हुए। यह नई तकनीक डाई प्रदर्शन में वास्तविक समय की जानकारी और 'ट्रेसेबिलिटी' प्रदान करके समस्या का समाधान करती है, जिससे समस्याओं का जल्द पता लग जाता है, जिसके परिणामस्वरूप निर्माताओं के लिए डाउनटाइम कम हो जाता है, दक्षता बढ़ जाती है और उत्पादकता बढ़ जाती है। यह अभिनव समाधान उद्योगों की एक विस्तृत श्रृंखला को लाभ पहुँचाने के लिए तैयार है जहाँ लगातार भाग की गुणवत्ता और उत्पादन दक्षता सर्वोपरि है। इसे पूरी तरह से स्वदेशी रूप से बनाया गया है, जिसमें महत्वपूर्ण भागों को चुनौतीपूर्ण फाउंड्री स्थितियों में प्रदर्शन करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो कई पुनरावृत्तियों से गुज़रे हैं। यह फाउंड्री को उद्योग 4.0 सक्षम बनने की आवश्यकता का उत्तर प्रदान कर रहा है। गोदरेज टूलिंग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और व्यवसाय प्रमुख पंकज अभ्यंकर ने कहा, वास्तविक समय की निगरानी, सक्रिय अलर्ट और क्लाउड-आधारित पहुंच को सहजता से एकीकृत करके, हम न केवल डाई कास्टिंग प्रक्रियाओं को अनुकूलित कर रहे हैं, बल्कि निर्माताओं के उत्पादन के तरीके को मौलिक रूप से बदल रहे हैं।

**यह तकनीक कास्टिंग की गुणवत्ता को बेहतर बनाती है, अस्वीकृति को कम करती है और ब्रेकडाउन को कम करती है**

# आईपीएल 2024 : कुर्सी छोड़ खड़े हुए लसिथ मलिंगा-पोलार्ड

## शर्मनाक प्रदर्शन पर भी हार्दिक पंड्या के गजब तेवर



**हैदराबाद (एजेंसी)।** कहते हैं इज्जत खरीदी नहीं जा सकती। इसे कमाना पड़ता है। कई बार सामने वाला प्रेशर में आपको सम्मान देने के लिए मजबूर होता है, लेकिन यह कतई रिस्पेक्ट नहीं होती। साथ ही यह जरूरी नहीं है कि आपके पास ताकत (पद) नहीं होने के बावजूद उसका वहीं व्यवहार बना रहे। कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है मुंबई इंडियंस के खेमे में। गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच में पहले रोहित शर्मा पर धौंस जमाने की कोशिश करते नजर आए हार्दिक पंड्या का एक और वीडियो वायरल हो रहा है।

वीडियो में उनके लिए कभी मुंबई के सबसे बड़े मैच विनर रहे बॉलिंग कोच लसिथ मलिंगा और बैटिंग कोच कायरन पोलार्ड चेयर छोड़कर उठने को मजबूर दिख रहे हैं। दरअसल, मुंबई इंडियंस को आईपीएल 2024 के एक मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ शर्मनाक हार झेलनी पड़ी। एक ओर जहां कई खिलाड़ी 250 से अधिक के स्ट्राइकरेट से रन बरसाते दिखे तो अहम मौके पर हार्दिक पंड्या के बल्ले से 20 गेंदों में सिर्फ 24 रन निकले और उनकी टीम 31 रनों से हार गई। कायरन पोलार्ड और लसिथ मलिंगा साथ बैठे कुछ बात करते दिख रहे तभी वहां हार्दिक पंड्या पहुंचते हैं। उसके बाद जो कुछ भी हुआ वह फैंस को पसंद नहीं आ रहा। हार्दिक पंड्या को पानी की बॉटल से हाथ धोते करीब आते देख लसिथ मलिंगा और कायरन पोलार्ड कुर्सी छोड़कर उठ जाते हैं। मलिंगा पोलार्ड को बीच में ही रोकते हुए खुद वहां से चले जाते हैं। हार्दिक पंड्या अब मलिंगा की चेयर पर जाकर बैठ जाते हैं।

### रोहित ने दिखाई हार्दिक पंड्या को जगह, चुपचाप सिर झुकाकर बाउंड्री पर फिल्डिंग करने भागे कप्तान

मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच मुकाबले में वो सबकुछ देखने को मिला, जो फैंस देखना चाहते रहे होंगे। कप्तान के रूप में हार्दिक पंड्या के लिए यह बुरी रात रात थी, क्योंकि उनकी टीम ने 20 ओवरों में 277 रन खाए, जो कि आईपीएल इतिहास में टीम किसी भी टीम का बेस्ट स्कोर था। मैच के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। उनमें से एक में दिख रहा है कि बात बिगड़ते देख पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने मोर्चा संभाला और हार्दिक पंड्या को सीमारेखा के पास फील्डिंग करने के लिए भेज दिया। इस पर क्रिकेट फैंस मौज लेते नजर आ रहे हैं। कुछ ने लिखा कि रोहित शर्मा ने हार्दिक पंड्या से बदला ले लिया तो कुछ ने कहा कि हार्दिक को फील्डिंग के लिए सही जगह भेज दिया। एक वीडियो वायरल हो गया है जिसमें हार्दिक पंड्या को सीमा रेखा की ओर भागते हुए देखा जा सकता है और रोहित शर्मा उनसे कुछ कह रहे हैं।

### मुंबई इंडियंस में पड़ी फूट, दो खेमों में बंटी टीम, रोहित शर्मा-हार्दिक पंड्या के बीच जमकर गुटबाजी!

मुंबई इंडियंस ने अपने पांच बार के चैंपियन कप्तान रोहित शर्मा को हटाकर आईपीएल के मौजूदा सीजन में हार्दिक पंड्या को कप्तान बनाया था। मगर लगता है कि हार्दिक के आने से टीम का माहौल पहले की तरह दोस्ताना नहीं रहा। मुंबई इंडियंस दो खेमों में बंटती नजर आ रही है। हार्दिक की कप्तानी भी गैरगंभीर लग रही है। उनकी स्ट्रैटजी बुरी तरह फेल हो रही है। सारे दांव उल्टे पड़ रहे हैं। टीम लगातार दो मैच हार चुकी है। सीनियर प्लेयर्स के साथ हार्दिक पंड्या की ट्यूनिंग भी नहीं बैठ पा रही। खासतौर पर पूर्व कप्तान रोहित शर्मा के साथ तो उनके संबंध बिलकुल भी मधुर नहीं हैं। खेमेबाजी अपने चरम पर है।

मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार मुंबई इंडियंस ने जिस तरह रोहित शर्मा को हटाकर हार्दिक पंड्या को कप्तान बनाया उससे दोनों खिलाड़ियों के रिश्तों में कड़वाहट आ गई। जसप्रीत बुमराह, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा समेत कुछ खिलाड़ी अब रोहित शर्मा के खेमे में हैं तो हार्दिक पंड्या को ईशान किशन सहित टीम के मालिकों का खुला सपोर्ट है। इसी तरह कोचिंग स्टाफ भी बंटा हुआ दिखता है। कायरन पोलार्ड के साथ हार्दिक पंड्या के दोस्ताना संबंध किसी से छिपे नहीं हैं तो बॉलिंग कोच लसिथ मलिंगा को कुर्सी से हटाकर खुद बैठने वाला वीडियो भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल है।

### अंबानी परिवार का बैक सपोर्ट

हार्दिक पंड्या के खेल में इसकी झलक साफ नजर आ रही है कि उन्हें किसी चीज की कोई परवाह नहीं। अंबानी परिवार का जिस तरह उन्हें खुला सपोर्ट है, उससे उनके खेल में लापरवाही की बू आ रही है। मसलन जसप्रीत बुमराह जैसे सीनियर गेंदबाज के रहते पहले मैच में वह खुद बॉलिंग की शुरुआत करते दिखे तो दूसरे मैच में 17 साल के अनुभवहीन और नए नवेले मफाका को मौका दे दिया। पंड्या के इस एटिट्यूड का खामियाजा टीम को भुगतना पड़ रहा है। हार्दिक पंड्या को मैच में हार के बाद जिम्मेदारी उठाना सीखना होगा। 2 जून से शुरू हो रहे टी-20 वर्ल्ड कप में रोहित शर्मा ही भारतीय टीम के कप्तानी करेंगे, इसके बावजूद हार्दिक पंड्या का हिटमैन के प्रति रवैया भी समझ से परे है।

## भारत-पाकिस्तान के बीच 'चौधरी' बन रहा ऑस्ट्रेलिया, करना चाहता है क्रिकेट सीरीज की मेजबानी



**मेलबर्न (एजेंसी)।** भारत और पाकिस्तान अगर भविष्य में किसी तटस्थ स्थल पर टेस्ट सीरीज खेलने के लिए राजी हो जाते हैं तो क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया उनकी मेजबानी के लिए तैयार है। भारत और पाकिस्तान ने दोनों देशों के बीच राजनयिक तनाव के कारण 2012-13 से कोई द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेली है। इन दोनों देश की टीम इस बीच आईसीसी या महाद्वीपीय प्रतियोगिताओं में ही एक दूसरे का सामना करती रही है। भारत और पाकिस्तान दोनों की टीम को इस साल नवंबर में ऑस्ट्रेलिया का दौरा करना है। पाकिस्तान को ऑस्ट्रेलिया में वनडे और टी20 सीरीज खेलनी है जबकि भारत इसके बाद पांच टेस्ट मैच की सीरीज खेलेगा। मेलबर्न क्रिकेट क्लब और विक्टोरिया सरकार ने भारत और पाकिस्तान के बीच मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में इन दोनों देशों की मेजबानी करने में दिलचस्पी दिखाई है क्योंकि टी20 विश्व कप 2022 में इन दोनों देशों के बीच इस मैदान पर खेले गए मैच को देखने के लिए लगभग एक लाख दर्शक पहुंचे थे।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कार्यकारी निक हॉकले ने कहा,'मुझे लगता है कि जिसने भी यहां एमसीजी पर भारत और पाकिस्तान के बीच मैच देखा होगा वह उसके लिए सबसे यादगार अवसर रहा होगा।' उन्होंने कहा, 'लोग इन दोनों देशों के बीच मुकाबला देखना चाहते हैं और यदि अवसर मिलता है तो हम उनकी मेजबानी करना चाहेंगे। अगर हम कोई भूमिका निभा सकते हैं तो हमें यह भूमिका निभाने में खुशी होगी।' हॉकले ने कहा,'हम पाकिस्तान की मेजबानी करने को लेकर उत्साहित हैं। हम भारत की मेजबानी करने के लिए उत्साहित हैं। अगर हम मदद कर सकते हैं तो यह अच्छा होगा।'

## आईपीएल ने तोड़े सारे रिकॉर्ड, पहले दिन 16 करोड़ से ज्यादा दर्शकों ने देखा मैच

**मुंबई (एजेंसी)।** आईपीएल के 17वें सत्र के पहले दिन उद्घाटन समारोह और मैच को रिकॉर्ड 16 करोड़ 80 लाख दर्शकों ने देखा। मेजबान प्रसारक ने यह जानकारी दी। इंडियन प्रीमियर लीग के आधिकारिक प्रसारक डिजनी स्टार ने कहा कि पहले दिन के खेल का 'वाचटाइम' (देखने का समय) 1276 करोड़ मिनट रहा जो किसी भी सत्र में पहले दिन का रिकॉर्ड है। आईपीएल के 17वें सत्र में पहले दिन डिजनी स्टार नेटवर्क पर छह करोड़ से अधिक दर्शकों ने प्रसारण देखा। गत चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स ने पहले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर को छह विकेट से हराया था। स्टार स्पोटर्स के एक प्रवक्ता ने एक कहा, 'यह बड़ी उपलब्धि है जिसे स्टार स्पोटर्स के दर्शकों के प्रेम ने संभव कर दिखाया। हम अपने सभी साझेदारों और बीसीसीआई के साथ टाटा आईपीएल को धन्यवाद देते हैं।

### डेविड वीसे का खुलासा

## केकेआर कोच चंद्रकांत पंडित से खफा थे विदेशी खिलाड़ी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए पिछले साल आईपीएल खेलने वाले दक्षिण अफ्रीका और नामीबिया के पूर्व हरफनमौला डेविड वीसे ने कहा कि कई विदेशी खिलाड़ी मुख्य कोच चंद्रकांत पंडित की उग्र कार्यशैली से खफा थे। पिछले साल केकेआर के लिए आईपीएल के तीन मैच खेलने वाले 38 वर्ष के वीसे ने कहा कि विदेशी खिलाड़ी इससे कतई खुश नहीं थे कि उन्हें यह बताया जाए कि कैसे रहना है या क्या पहनना है।



उन्होंने कहा, 'उन्हें (पंडित को) भारत में काफी उग्र कोच के रूप में जाना जाता है। वह काफी सख्त, अनुशासनप्रिय किस्म के कोच हैं। फ्रेंचाइजी क्रिकेट में कई बार दुनिया भर से आए विदेशी खिलाड़ियों को यह बताने की जरूरत नहीं होती कि उन्हें कैसे बर्ताव करना है या क्या पहनना है। वह काफी कठिन था। पंडित 2022 में केकेआर के कोच बने। इससे पहले उन्होंने विदर्भ को 2018 और 2019 में रणजी ट्रॉफी खिताब दिलाए थे। उनके कोच रहते मध्यप्रदेश ने 2022 में रणजी ट्रॉफी जीती थी।

टी20 विश्व कप 2022 में नामीबिया टीम के साथ रहे वीसे ने कहा, 'वह अपने तरीके से चीजों को करना चाहते थे जो कई खिलाड़ियों को रास नहीं आया। इससे चेंजिंग रूम में तनाव भी हो गया था। खिलाड़ी खफा थे क्योंकि मैकुलम के जाने के बाद काफी कुछ बदलता देख रहे थे। वीसे ने कहा कि वह बदलते माहौल से विचलित नहीं थे। उन्होंने कहा, 'मेरा यह मानना था कि यह तुम्हारा सर्कस है। जैसे चाहो चलाओ। मैं यहां खेलने आया हूं और मुझसे जो कहा जाएगा, मैं करूंगा। लेकिन कुछ खिलाड़ी मुझसे ज्यादा जिद्दी थे।

## एसआरएच द्वारा रिकॉर्ड 277 रन की हार के बावजूद

### मुंबई के गेंदबाजों पर बोले हार्दिक पंड्या, कहा- 'हमने अच्छी गेंदबाजी की, मैंने जो देखा वह मुझे पसंद आया'

**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई इंडियंस के सनराइजर्स हैदराबाद से हारने के बाद इयान बिशप और केविन पीटरसन के साथ बातचीत के दौरान हार्दिक पांड्या मुस्कुराते रहे। हालांकि फिर चाहे यह आईपीएल 2024 की शुरुआत में लगातार हार से उपजी घबराहट को छिपाने का एक ज़बरदस्त प्रयास था, वह भी मुंबई इंडियंस के साथ अपने पहले कप्तानी कार्यकाल में, यह बहस का मुद्दा है, लेकिन किसी को भी हार्दिक पर कम आत्मविश्वास के लिए संदेह नहीं करना चाहिए।

वह निश्चित रूप से उस प्रतिक्रिया से अनजान नहीं हो सकते जो उन्हें सोशल मीडिया और मैदान पर मिल रही है - मुंबई के पहले दो मैचों में अहमदाबाद और हैदराबाद में उनकी आलोचना की गई थी - लेकिन उनके लापरवाह व्यवहार से कुछ पता नहीं चलता है। हार्दिक के लिए पिछले कुछ महीने मुश्किल भरे रहे हैं। चोट के कारण लंबी छुट्टी के बाद वापसी, घरेलू क्रिकेट नहीं खेलने के लिए आलोचना और गुजरात टाइटंस से एमआई में आने और रोहित शर्मा के स्थान पर नए कप्तान बनने के बाद हुई ट्रोलिंग से किसी पर भी असर पड़ना तय था। लेकिन हार्दिक पर नहीं, कम से कम उनकी बॉडी लैंग्वेज से तो यही आभास होता है। उनकी बॉडी लैंग्वेज के साथ उनकी बातें भी मिलती जुलती हैं।



आईपीएल के इतिहास में किसी भी टीम द्वारा सर्वाधिक 277/3 रन बनाने के बावजूद, उन्होंने कहा कि उन्होंने एमआई के गेंदबाजी आक्रमण को जो देखा वह उन्हें पसंद आया। मंगलवार को अभिषेक शर्मा (23 गेंद पर 63 रन), ट्रैविस हेड (24 गेंद पर 62 रन) और हेनरिक क्लासेन (34 गेंद पर 80 रन) ने राजीव गांधी स्टेडियम में 10 रन प्रति ओवर दिए थे। लेकिन हार्दिक ने कहा कि मुंबई इंडियंस के गेंदबाज अच्छे थे और शांत बल्लेबाजी ट्रैक पर वे बहुत कम कर सके।

हार्दिक ने कहा, वास्तव में नहीं (सोचा था कि टॉस के समय एसआरएच 277 रन बनाएगा)। विकेट अच्छा था, 277, चाहे आप कितनी भी खराब या अच्छी गेंदबाजी करें, अगर विपक्षी टीम को इतना स्कोर बनाना है, तो इसका मतलब है कि उन्होंने अच्छी बल्लेबाजी की है। वे (गेंदबाज) अच्छे थे, वहां मुश्किल थी, लगभग 500 रन बने और विकेट से बल्लेबाजों को मदद मिल रही थी, हम यहां-वहां कुछ चीजें कर सकते थे, लेकिन इतना कहने के बाद, हमारे पास एक युवा गेंदबाजी आक्रमण है। हार्दिक ने कहा, मैं इतना अनुभवी नहीं हूं इसलिए मैंने आज जो देखा वह मुझे पसंद आया।

### हार्दिक पंड्या ने किया युवा क्वेना मफाका का समर्थन

हार्दिक ने दक्षिण अफ्रीका के 17 वर्षीय तेज गेंदबाज क्वेना मफाका की प्रशंसा की, जिन्होंने अपने आईपीएल डेब्यू में 66 रन बनाए। पंड्या ने कहा, वह (क्वेना मफाका) शानदार था, अपने पहले गेम में आकर अभिभूत हो गया, वह ठीक था और अपने कौशल का समर्थन करता था, बस कुछ खेल के समय की जरूरत है। जीत के लिए रिकॉर्ड 278 रनों का पीछा करते हुए, एमआई बल्लेबाजों ने हार नहीं मानी। रोहित शर्मा (12 में से 26) और इशान किशन (13 में से 34) ने पांच बार के चैंपियन को शानदार शुरुआत दी, इससे पहले तिलक वर्मा ने 34 गेंदों में 64 रन बनाकर एमआई को आवश्यक दर के बराबर रखा। लेकिन एसआरएच के तेज गेंदबाजों - भुवनेश्वर कुमार, पैट कमिंस और जयदेव उनादकट का अनुभव डेथ ओवरों में सामने आया। भुवी, कमिंस और उनादकट ने मुंबई के बल्लेबाजों को कोई गति नहीं दी और टिम डेविड के 22 गेंदों में 42 रन के प्रयास के बावजूद, मुंबई 31 रन से चूक गई। जब हार्दिक से एमआई के बल्लेबाजी प्रदर्शन के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, तिलक, रो, किशन, टिम सभी ने वास्तव में अच्छी बल्लेबाजी की। मुझे लगता है कि यह सिर्फ कुछ चीजों की बात है और हम ठीक हो जाएंगे।

# भारत की मैरी बनी वेलामल डबल्यूजीएम शतरंज विजेता

### मंगोलिया की एंखतुल को दूसरा और भारत की सरायु को तीसरा स्थान



**चेन्नई (एजेंसी)।** वेलामल एआईसीएफ़ महिला ग्रांड मास्टर राउंड रॉबिन टूर्नामेंट का खिताब आखिरकार भारत की महिला ग्रांड मास्टर मैरी एन गोम्स नें जीत लिया , एक राउंड पहले ही खिताब जीतना तय कर चुकी मैरी नें ग्यारवें राउंड में एक और शानदार जीत के साथ टूर्नामेंट का अंत किया , उन्होने आखिरी राउंड में हमवतन मौनिका अक्षया को सफ़ेद मोहरो से इंग्लिश ओपनिंग में 39 चालों में पराजित करते हुए कुल 9 अंक बनाकर खिताब, शानदार ट्रॉफी और 2 लाख 50 हजार का पुरुष्कार भी अपने नाम किया ।

दूसरे स्थान के लिए खेल रही दोनों खिलाड़ियों मंगोलिया की एंखतुल अल्तान और भारत की वेलपुला सरायु दोनों नें अंतिम राउंड में जीत दर्ज की और 7.5 अंक बनाए पर बेहतर टाईब्रेक के आधार पर एंखतुल अल्तान नें दूसरा स्थान हासिल किया जबकि वेलपुला को तीसरा स्थान हासिल हुआ । आखिरी राउंड में एंखतुल नें भारत की साक्षी चित्लांगे को तो वेलपुला नें हमवतन रिंधिया वी को पराजित किया । एंखतुल अल्तान को पुरूस्कार के तौर पर 1 लाख 50 हजार तो वेलपुला सरायु को 1 लाख 30 हजार का पुरूस्कार दिया गया । वेलपुला सरायु नें इस टूर्नामेंट में महिला इंटरनेशनल मास्टर का खिताब हासिल कर लिया ।

अंतिम राउंड के अन्य परिणामों में मंगोलिया की उर्तशेख उरीइनतुया नें भारत की महालक्ष्मी एम को पराजित किया जबकि इटली की एलेना सेदिना नें भारत की मोनिषा जीके से तो कोलोम्बिया की एंजेला फ़्रांकों नें फ्रांस की नीनों मैसूरद्जे के साथ मुक़ाबला ड्रॉ खेला ।

मैरी , एंखतुल और सरायु के बाद अन्य खिलाड़ियों में सेदिना 6.5 अंक बनाकर चौंथे , उर्तशेख 6 अंक बनाकर पांचवें ,साक्षी 5.5 अंक बनाकर छठे , एंजेला और मौनिका 5 अंक बनाकर क्रमशः सातवे और आठवे , मोनिशा 4.5 अंक बनाकर नौवें, महालक्ष्मी 4 अंक बनाकर दसवें , नीनों 4 अंक बनाकर ग्यारहवें और रिंधिया 1.5 अंक बनाकर आखिरी अंतिम बारहवें स्थान पर रही ।

अखिल भारतीय शतरंज महासंघ के नव निर्वाचित सचिव देव पटेल नें अन्य पदाधिकारियों के साथ कुल मिलाकर 10 लाख रुपेय के पुरूस्कार सभी विजेता खिलाड़ियों को वितरित किए ।

## नोवाक जोकोविच ने कोच इवानिसेविच से नाता तोड़ा, जीते हैं 12 ग्रैंड स्लैम

**लंदन (एजेंसी)।** शीर्ष रैंकिंग के टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने 2018 से उनके कोच रहे गोरान इवानिसेविच से अलग होने का फैसला किया है। इवानिसेविच के साथ रहते हुए सर्बिया के खिलाड़ी जोकोविच ने 12 ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं। जोकोविच रिकॉर्ड 24 खिताब के साथ पुरुष वर्ग में सबसे ज्यादा ग्रैंड स्लैम जीतने वाले खिलाड़ी हैं। जोकोविच ने 'इंस्टाग्राम' पर लिखा कि उन्होंने 'कुछ दिन पहले से' इवानिसेविच के साथ काम करना छोड़ दिया था। जोकोविच ने लिखा, 'कोर्ट पर हमारे रिश्तों में कई उतार-चढ़ाव रहे लेकिन हमारी दोस्ती हमेशा काफी मजबूत रही। जोकोविच ने साल 2024 में अब तक कोई खिताब नहीं जीता है। वह ऑस्ट्रेलियाई ओपन के सेमीफाइनल में हार गए थे। इवानिसेविच ने 2001 में वाइल्ड कार्डधारी के तौर पर विंबलडन का खिताब जीता था।



# श्रीजेश एफआईएच एथलीट समिति के सह अध्यक्ष बने, हॉकी इंडिया ने दी बधाई

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने पी आर श्रीजेश को एफआईएच एथलीट समिति का सह अध्यक्ष बनने पर बधाई देते हुए कहा कि वह साथी खिलाड़ियों की बेहतरी में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं।

अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ ने नई एथलीट समिति का ऐलान किया जिसके अध्यक्ष श्रीजेश और चिली महिला हॉकी टीम की डिफेंडर कामिला काराम होंगी। काराम को कार्यकारी बोर्ड में एथलीट समिति का प्रतिनिधि और सह अध्यक्ष बनाया गया है जबकि श्रीजेश सह अध्यक्ष होने के साथ नियोजन और बैठकों में अगुवाई करेंगे।



हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने एक विज्ञप्ति में कहा, 'यह देखकर अच्छा लगा कि पी आर श्रीजेश को एफआईएच में ऐसी भूमिका मिली है जो हॉकी खिलाड़ियों के जीवन को सीधे प्रभावित कर सकती है। उनके पास अपार अनुभव है और खिलाड़ियों की बेहतरी के लिए वह बहुत कुछ कर सकते हैं।

एफआईएच एथलीट समिति सलाहकार ईकाई है जो एफआईएच कार्यकारी बोर्ड, समितियों, सलाहकार पेनल और अन्य ईकाइयों को सलाह देती है। उनका काम खिलाड़ियों की ओर से एफआईएच को फीडबैक देने के साथ खिलाड़ियों के लिए संसाधनों और नई पहल का विकास करना है।

### सनराइजर्स के लिए सबसे तेज अर्धशतक लगाकर बोले अभिषेक शर्मा-

# आउट होने के बाद मुझे पता चला



**हैदराबाद (एजेंसी)।** सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने कहा है कि मुंबई के खिलाफ रिकॉर्डतोड़ बल्लेबाजी प्रदर्शन के पीछे टीम प्रबंधन का खुलकर खेलने का संदेश था। सनराइजर्स के बल्लेबाजों ने रिकॉर्ड की झड़ी लगाते हुए मुंबई के खिलाफ आईपीएल का सर्वोच्च स्कोर तीन विकेट पर 277 रन बनाक 31 रन से जीत दर्ज की।

ट्रेविस हेड ने 24 गेंद में 62 और शर्मा ने 23 गेंद में 63 रन बनाए जबकि हेनरिच क्लासेन ने 34 गेंद में नाबाद 80 रन की पारी खेली। इससे पहले आईपीएल का सर्वोच्च स्कोर पांच विकेट पर 263 रन था जो 2013 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने बनाया था। शर्मा ने कहा, 'मुझे अहसास ही नहीं हुआ कि यह सनराइजर्स के लिए सबसे तेज अर्धशतक था। मैं सिर्फ खुलकर खेलना चाहता था और आउट होने के बाद ही मुझे यह पता चला। मुझे काफी मजा आया।%

उन्होंने कहा, 'मैच से पहले टीम बैठक में बल्लेबाजों के लिए सीधा और साफ संदेश था कि मैदान पर उतरकर खुलकर खेलो। यह काफी सकारात्मक संदेश था जो कप्तान और कोच से मिला था। इससे सभी बल्लेबाजों को मदद मिली। ट्रेविस और शर्मा ने सिर्फ 22 गेंद में 68 रन की साझेदारी की। उन्होंने कहा, 'ट्रेविस मेरे पसंदीदा बल्लेबाजों में से है और उनके साथ बल्लेबाजी करके काफी मजा आया।

मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज टिम डेविड ने कहा, 'यह बेहद रोमांचक मैच था। हमें अपने बल्लेबाजों पर भरोसा है और पिछले साल हमने बड़े लक्ष्य हासिल किए थे। हमारे बल्लेबाजों ने भी अच्छा खेला लेकिन थोड़ा पीछे रह गए। सनराइजर्स को जीत का पूरा श्रेय जाता है जिसने आखिर में अच्छी बल्लेबाजी की।

